दज्जाल

दज्जाली दस्तावेज़, दज्जाल के हमनवा, दज्जाली अलामात

3

इस्राईल की कहानी,

मशरिक़ व मग़रिब के लखारियों की ज़बानी

मुफ़्ती अबू लुबाबा शाह मंसूर

दज्जाल (३)

दज्जाली दस्तावेज़, दज्जाल के हमनवा, दज्जाली अलामात

इस्राईल की कहानी, मश्रिक़ व मग़रिब के लिखारियों की ज़बानी

मुफ़्ती अबू लुबाबा शाह मंसूर

फ़रीद बुक डिपो प्राईवेट लिमिटेड
FARID BOOK DEPOT (Pvt.) Ltd.
NEW DELHI-110002

दज्जाल (3)

अज़: मुफ़्ती अबू लुबाबा शाह मंसूर

बएहतिमाम: मुहम्मद नासिर ख़ान

फ़रीद बुक डिपो प्राईवेट लिमिटेड

FARID BOOK DEPOT (PVT.) Ltd

Corp. Off.: 2158, M.P. Street, Pataudi House, Darya Ganj, New Delhi-2

Phones: 23289786, 23289159, Fax:23279998

DAJJAL (3)

Aalami Dajjali Riyasat, Ibtida Se Intiha Tak

By: Mufti Abu Lubaba Shah Mansoor

Pages: 367 Hindi Edition: 2012

Our Branches:

Delhi: FARID BOOK DEPOT (PVT.) Ltd

422, Matia Mahal, Jama Masjid, Delhi-6

Ph.:23256590

Mumbai :FARID BOOK DEPOT (PVT.) Ltd

216-218, Sardar Patel Road, Near Khoja Qabristan.

Dongri, Mumbai-400009, Ph.:022-23731786, 23774786

Printed at: Farid Enterprises, Delhi

फ़ेहरिस्त

पुरअस्रार दज्जाली अलामात....222

मुक़द्दमा

दज्जाल 3, तीन पहलू

दज्जाली फ़ित्ने के तीन मराहिल हैं:

पहलेः हक़ व बातिल और सच व झूट में फ़र्क़ और पहचान ख़त्म हो जाएगी।

फिरः बातिल को हक़ और झूट को सच बावर करवाया जाएगा।

फिरः बातिल पर बिलजब्र अमल और हक़ पर अमल से बिलजब्र मना किया जाएगा।

फ़ित्ने के यह तीन मराहिल तो इससे पहले भी इंसानी दुनिया ने महदूद और जुज़्वी तौर पर देखे हैं, लेकिन यह तीनों मरहले यकजा होकर पूरे कुर्रहये अर्ज़ को लपेट में ले लें, और पूरी शिद्दत के साथ ले लें, यह इससे पहले काइनात में, इंसानी तारीख़ में नहीं हुआ।

एक और पहलू भी ग़ौर कीजिये!

बातिल के ग़ल्बे के लिये तागूती कुव्वतें हर क़िस्म का हर्बा इस्तेमाल करती चली आई हैं। इन हथकंडों में सरे फ़ेहरिस्त चार चीज़ें हैं जो सूरए कहफ़ में बयान कर्दा चार वाक़िआत का मर्कज़ी नुक्ता हैं: (1) हुकूमत व इक़्तिदारः अस्हाबे कहफ़ को साहिबाने इक़्तिदार ने जब्री आज़माइश में मुब्तला किया। (2) माल व दौलतः अस्हाबुल जन्ना का क़िस्सा सरमायादारी व माद्दियत परस्ती और इसके बुरे अंजाम की बेहतरीन तमसील पेश करता है। (3) अक़्ल व ज़ाहिर परस्तीः हज़रत मूसा व ख़िज़्र अलै0 के क़िस्से में इसी की नफ़ी

सिखाई गई है। (4) फ़ित्री तौर पर दी गई ग़ैर मामूली कुव्वतों का ग़लत इस्तेमाल: ज़ुलक़रनैन इंसानी वसाइल के बेहतरीन इस्तेमाल और सालेह क़्यादत का इस्तेआरा और याजूज माजूज ग़ैर मामूली कुव्वतों के ग़लत इस्तेमाल और फ़ासिद ताक़त का इज़्हार हैं।

यह चारों चीज़ें (इक़्तिदार, दौलत, अक़ल्लियत, ग़ैर मामूली ताक़त) तारीख़ के मुख़्तलिफ़ अदवार में एक एक करके अह्ले हक़ के रास्ते में रुकावट बनती रही हैं, लेकिन चारों मिल कर आलमी सतह पर अह्ले हक़ का घिराव करें, "अद्दज्जालुल अक्बर" के दौर में ही होगा।

एक और ज़ावियए नज़र भी मुलाहज़ा हो!

"साइंस" माद्दे में छिपी फ़ित्री कुव्वतों के इंकिशाफ़ का नाम है। जादू ग़ैर माद्दी फ़ित्री कुव्वतों के नाजाइज़ इस्तेमाल का नाम है। इंसानी नफ़्सी कुव्वतें (कुव्वते ख़्याल और बातिनी तसर्रुफ़ात) भी एक ग़ैर मरई मुअस्सिर ताक़त की हैसियत रखती हैं। शर के नुमाइंदगान इन तीनों को अपनी अपनी हुदूद में तो इस्तेमाल करते रहे हैं, लेकिन तीनों मिलकर, यक्जान होकर, हक़ को मिटाने और बातिल को ग़ल्बा देने पर तुल जाएं, ऐसा उसी दौर में होगा जब फ़ित्नों का सरबराह और बातिल का देवता ख़ुरूज करेगा।

दज्जाल 3 क्यों?

इन तीन ज़ाविया हाए नज़र से फ़ित्नए दज्जाल में पोशीदा वह ख़तरनाक मुज़्मरात की क़दर समझ में आने चाहियें जिनसे अंबियाए किराम अलैहिमुस्सलाम आगाह करते चले आए हैं। इन ख़तरात से आगाही जो तफ़सील चाहती है, इसके लिये दज्जाल 1 और 2 के बाद "दज्जाल 3" पेशे ख़िदमत है। कुछ लोग दज्जाल का नाम सुन कर नाक भौं चढ़ाते हैं लेकिन समझ नहीं आता कि उम्मत को इस

फ़ित्ने का शिकार होने से बचाने के लिये इस फ़ित्ने से वाक़िफ़ करवाने के अलावा और कौनसा ज़रीआ मुअस्सिर हो सकता है? अस्रे हाज़िर में जो मअ़दूदे चंद लोग मुआसिर फ़ित्नों पर काम कर रहे हैं, यह किताबी सिलसिला इंशा अल्लाह उनके लिये सोच व फ़िक्र के नए ज़ाविये और तहक़ीक़ व जुस्तजू के नए दरीचे खोलने का सबब होगा। जो क़ारईन इसके सुतूर और बैनुस्सुतूर को ग़ौर से पढ़ेंगे, उन्हें इंशा अल्लाह बातिल के ख़िलाफ़ मज़ाहमत की हिम्मत और हक़ की हिमायत का हौसला अपने अंदर परवान चढ़ता महसूस होगा।

इस जिल्द के दो गुतों के दर्मियानः

इस जिल्द की इब्तिदा दज्जाली रियासत के क़याम की इस दस्तावेज़ के ज़िक्र से की गई है जो डेढ़ सदी क़ब्ल तरतीब दी गई थी। इसके बाद दज्जाली रियासत के मेहरबान व नामेहरबान हमनवाओं का ज़िक्र है कि कुछ लोग शऊरी तौर पर और कुछ लाशुऊरी तौर पर दज्जाली कुव्वतों का आलाकार बन जाते हैं। इन हमनवाओं का तज़किरा उनके नक़्शे क़दम पर रहने से बाज़ रखेगा। इसके बाद एक मश्रिक़ी तहक़ीक़ कार के क़लम से "इस्राईल की कहानी" और एक मग़रिबी सहाफ़ी की जानिब से "दज्जाली रियासत का मुशाहदा" पेश किया गया है। कुछ लोग दज्जालियात के तज़किरे को ग़ैर ज़रूरी समझते हैं। उन्हें इल्म होना चाहिये कि मश्रिक़ व मग़रिब के संजीदा और फ़हीम साहिबाने इल्म व तहक़ीक़ इस मौज़ूअ़ को किस नज़र से देखते हैं? ख़ुसूसन केनेडियन मुसन्निफ़ की तहरीर तो चूंकि इस्राईल के ख़ुफ़िया दौरे के बाद लिखी गई है, इसलिये वह......दज्जाली अलामात के बाद......इस जिल्द का ज़ोरदार तरीन हिस्सा है। आख़िर में दज्जाली अलामात का मुफ़स्सिल तज़किरा मुकम्मल करके यह जिल्द ख़त्म करने का इरादा था कि दो और

मज़मून भी "इशारती ज़बान" में क़लम की नोक पर आ गए, लिहाज़ा क़ाराईन के सवालात के जवाबात से पहले उनको को लगा दिया गया है। इन जवाबात में 2012 ई० की हक़ीक़त पर भी तफ़सीली वज़ाहती बहस की गई है। दज्जाल 1 और 2 की तरह "दज्जाल 3" के आख़िर में भी किताब के मंदरजात की तसदीक़ के तौर पर तस्वीरी शवाहिद पेश किये गए हैं और सच यह है कि इन पर पहली दो जिल्दों से ज़्यादा मेहनत की गई है। अल्लाह करे कि यह मेहनत क़ारईन को फ़ित्नों के ख़िलाफ़ खड़ा होने और अज्रे अज़ीम के हुसूल के लिये अज़्म व हिम्मत पैदा करने का ज़रीए बने।

दज्जाल 4 या कुछ और?

वाक़िआ यह है कि दज्जालियात के कुछ पहलू अभी भी (तीन जिल्दें मुकम्मल होने के बाद भी) तिशनए तकमील हैं और राक़िमुल हुरूफ़ से काम जारी रखने का तक़ाज़ा करते हैं। ऐन मुम्किन है कि यह तक़ाज़ा दज्जाल चहारुम की ख़ाका साज़ी का ज़रीआ हो और यह भी हो सकता है कि किसी और नाम से तकमील पाए। यह फ़ैसला हम अल्लाह की रज़ा पर छोड़ते हैं।

या अल्लाह! जिस चीज़ में तेरे बंदों का फ़ाएदा हो, वही हमें सुझा और जिस चीज़ में दुनिया या आख़िरत की भलाई न हो उससे महफ़ूज़ फ़रमा। किसी भी दीनी ख़िदमत की तौफ़ीक़ और उसकी नाफ़इयत तेरे ही क़ब्ज़ए क़ुदरत में है।

शाह मंसूर

रबीउल अव्वल: 1432 हि0, फ़रवरी:2011 ई0

दज्जाली निज़ाम के क़्याम की दस्तावेज़

"हमें ग़ैर यहूदियों की तालीम व तरबियत इस तरह करनी चाहिये कि अगर वह ऐसा काम करने लगें जिसमें पेशक़दमी की ज़रूरत हो तो वह मायूस होकर इसको छोड़ दें। अमल की आज़ादी से पैदा होने वाला तनाव जब किसी और की आज़ादी से टकराता है तो कुव्वतों को ख़त्म कर देता है। इस टकराव से सख़्त अख़्लाक़ी मायूसी और नाकामी पैदा होती है। इन तमाम हीलों से हम ग़ैर यहूदियों को कमज़ोर कर देंगे और वह हमें ऐसी बैनुल अक़्वामी ताक़त बनाने पर मजबूर हो जाएंगे कि दुनिया की तमाम कुव्वतें तशद्दुद की राह अपनाए बग़ैर आहिस्ता आहिस्ता हमारे अंधर ज़म हो जाएंगी। हमारी कुव्वत सुपर ताक़त बन जाएगी। आज के हुक्मरानों के बजाए हम एक ऐसा हव्वा क़ाइम करेंगे जो सुपर गवर्नमेंट ऐडमिनिस्ट्रेशन कहलाएगी। उसके हाथ अतराफ़े आलम में चिमटे की तरह फैले होंगें। उसकी तन्ज़ीम इतनी बड़ी होगी कि अक़वामे आलम को ज़ेर करके ही दम लेगी।"

(दस्तावेज़ नम्बर4: एक इंतिहाई या इख़्तियार मरकज़ी हुकूमत का इर्तिक़ा, स0:203)

"हमारी सरगर्मियों पर निगरानी और उन्हें महदूद करना किसी के बस की बात नहीं है। हमारी सुपर गवर्नमेंट (आला हुकूमत, मावरा हुकूमत) इन ग़ैर क़ानूनी हालात में भी क़ाइम व दाइम रहती है जिनको "मुतलकुल इनानी" जैसे तसलीम शुदा क़वी लफ़्ज़ के ज़रीए बयान किया जाता है। मैं इस पोज़ीशन में हूं कि आप को साफ़ तौर पर बता सकूं कि एक मुनासिब वक़्त पर हम क़ानून देने वाले होंगे। हम फ़ैसले व सज़ाएं नाफ़िज़ करेंगे। हम फांसियां देंगे

और मुआफ़ नहीं करेंगे। हम अपने सिपाहियों के सिपहसालार के तौर पर क़ाइद के मक़ाम तक पहुंचे हुए हैं। हम कुव्वते इरादी के बल बूते पर हुक्मरानी करते हैं क्योंकि हमारे पास दौरे माज़ी की एक ऐसी ताक़तवर पार्टी के हिस्से बिखरे हैं जिसे अब हमसे छीन लिया गया है।"

(दस्तावेज़ नम्बर8:सहीवनियत की मुतलकुल इनानी, स0:218)

यह दो इक़्तिबास जिस किताब से लिये गए हैं, उसके बहुत से नाम हैं। इसका मशहूर नाम "प्रोटोकोल्ज़" है। उर्दू में इस लफ़्ज़ का तर्जुमा "दस्तावेज़" के लफ्ज़ से किया गया है। दरअसल "Protocols" अरफ़ आम में उस सिफ़ारती दस्तावेज़ के मुस्वद्दा को कहते हैं जो किसी कांफ़्रेंस में तय किये गए निकात पर मुशतमिल हो और इस पर तसदीकी दस्तख़त सब्त किये गए हों। चूंकि उर्दू में इसका कोई सिक्का बंद मुतबादिल लफ्ज़ नहीं है, इसलिये तर्जुमा निगारों ने सहूलत के लिये इसके क़रीबतरीन मअ़नी में "दस्तावेज़" का लफ्ज़ इस्तेमाल किया है। इस किताब का मुकम्मल नाम "ज़ुअ़माए सहीवन के मंसूबों की दस्तावेज़ात" है। कुछ मुतरजिमीन इसे "सहीवन के दाना बुर्ज़ुगों की याददाश्तें" का उन्वान देते हैं। हमने इसे "दज्जाली रियासत के क़्याम का दस्तावेज़ी मंसूबा" का नाम दिया है। इसकी दो वुज़ूहात हैं:

(1) एक तो यह कि इसमें जगह जगह "सुपर गवर्नमेंट" का लफ़्ज़ इस्तेमाल किया गया है। इसको "मुतलकुल इनान हुकूमत", "मुस्तक़िल बाइख़्तियार हुकूमत" या "मावरा हुकूमत" का नाम भी दिया गया है। कुछ मुहक़्क़िक़ीन इससे अक़वामे मुत्तहिदा मुराद लेते थे......लेकिन दरहक़ीक़त इससे "आलमी दज्जाली रियासत" मुराद है जिसका पायए तख़्त यरोशलम में सहीवन नामी पहाड़ी के क़रीब

मुक़द्दस चट्टान के गिर्द होगा।

(2) दूसरे इसलिये कि इसमें जाबजा "मुतलक़ुल इनान बादशाह" का तज़किरा मिलता है। कहीं इसे "शाहे दाऊद" कहा गया है, कहीं "इस्राईल का बादशाह" या "ख़ुदा का महबूब बादशाह" और कहीं तमाम दुनिया का हुक्मरान और बाप जो "इंतिहाई बारुसूख़ तरीन शख़्सियत और इंतिहाई बाइख़्तियार मुक़द्दरे आला" होगा। यह तमाम अलफ़ाज़ दरअसल "दज्जाले अक्बर" के लिये इस्तेमाल किये गए हैं जो हैकल सुलैमानी के वस्त में बिछे "तख़्ते दाऊदी" पर बैठ कर पूरी दुनिया पर हुक्मरानी का "पैदाइशी हक़" इस्तेमाल करेगा।

इस आजिज़ के एक मज़मून में वाज़ेह किया जा चुका है कि "तख़्ते दाऊदी" वह पत्थर है जिस पर हज़रत दाऊद अलै0 बैठ कर इबादत करते और मुनाजात पढ़ते थे। आजकल यह तख़्त मलिका बर्तानिया ने अपनी शाही कुर्सी की नशिस्त में लगाया हुआ है। अंग्रेज़ क़ौम अपनी तमाम तर जिद्दत पसंदी और रौशन ख़्याली के बावजूद "बर्तानिपया अज़्मा" की सलतनते किब्रा का राज़ इसमें समझती है जबकि क़ौमे यहूद अंग्रेज़ को अपना मुहसिन मानने के बावजूद इसकी सलतनत के इस राज़ को उससे छीन छिपा कर इस्राईल मुंतक़िल करना चाहती है।

"सुपर गवर्नमेंट" के मुतअ़ल्लिक़ आप ऊपर इक़्तिबासात मुलाहज़ा फ़रमा चुके हैं। अब एक और इक़्तिबास रख लीजिये जिससे बात कुछ और खुल जाएगी।

प्रोटोकोल नम्बर 4 में हमें एक "आलमी हुकूमत" का ज़िक्रे ख़ैर कुछ यूं लिखा हुआ मिलता है:

"जहां मिल्लत व मज़हब के लिये वसीउल मशरब अक़ाइद ने

एहसासात ख़त्म कर दिये हों, उन तबकों पर मुतलकुल इनान नहीं तो किस क़िस्म की हुकूमत होनी चाहिये जो मैं बाद में बयान करूंगा। हम इसके लिये एक निहायत बाइख़्तियार हुकूमत क़ाइम करेंगे, ताकि तमाम तबक़ों पर हमारी गिरफ़्त मज़बूत हो। हम अपनी रिआया की सियासी ज़िंदगी के लिये नए क़वानीन मुरत्तब करेंगे और तमाम उमूर इन्ही के मुताबिक़ तय करेंगे। इन क़वानीन के ज़रीए ग़ैर यहूदियों की दी हुई ख़ुद मुख़्तारियां और आयतें एक एक करके छीन ली जाएंगी और हमारी बादशाहत की मुतलकुल इनानी का तुर्रहये इम्तियाज़ यह होगा कि हम किसी वक़्त और किसी भी जगह ग़ैर यहूदी मुख़ालिफ़ को कुचलने की सलाहियत रखते हैं।"

(दस्तावेज़4, क़ौमे यहूद के मुक़द्दर की रियासत, स0:199)

यह कुल तीन इक़्तिबासात हो गए। इसके बाद "मुतलकुल इनान बादशाह" के मुतअ़ल्लिक़ भी तीन इक़्तिबासात मुलाहज़ा फ़रमा लीजिये। फिर हम आगे चलेंगे और इस बात को समझने की कोशिश करेंगे कि हमने आम मुतरजिमीन और मुहक़्क़िक़ीन से हट कर इस किताब को एक अलग नाम क्यों दिया है?

"अब मैं दुनिया भर में "शाह दाऊद" के ख़ानदान की हुकूमत की जड़ों की मज़बूती का तरीक़ा कार बयान करूंगा। इस मक़सद के लिये सबसे पहले इस फ़लसफ़े की तरफ़ रुजूअ़ करना पड़ेगा जिस दुनिया में "क़दामत परस्ती की रिवायात" को क़ाइम रखने के लिये हमारे "फ़ाज़िल राहनुमाओं" ने अपनाया और यह वह फ़ल्सफ़ा है जिससे इंसानी फ़िक्र की राहें मुतअ़य्यन की जाएंगी। दाऊद की नस्ल से कुछ अफ़राद मिल कर बादशाहों और उनके वर्सा का इंतिख़ाब करेंगे, मगर इस इंतिख़ाब का मेअ़यार आबाई वरासत का हक़ नहीं होगा। इन बादशाहों को सियासत और निज़ाम मम्लिकत के तमाम

रुमूज़ बताए जाएंगे, लेकिन इस बात को पेशे नज़र रखा जाएगा कि कोई और शख़्स इन रुमूज़ से आगाह न हो सके। इस तर्ज़े अमल का मंशा व मक़्सद यह है कि सब लोगों को यह इल्म हो जाए हुकूमत का कारोबार उनके सिपुर्द नहीं किया जा सकता जिन्हें "दुनियाए फ़न के खुफ़िया मक़ामात" की सैर नहीं कराई गई।"

(दस्तावेज़ 24, शाह दाऊद की हुकूमत का इस्तेहकाम, स0:307)

इस इक़्तिबास में "क़दामत परस्ती की रिवायात", "फ़ाज़िल राहनुमाओं का इख़्तियार कर्दा फ़ल्सफ़ा", "दाऊद की नस्ल के कुछ अफ़राद" और "दुनियाए फ़न के खुफ़िया मक़ामात की सैर" जैसी खुफ़िया यहूदी इस्तिलाहात इस्तेमाल की गई हैं। बिलखुसूस आख़िरी इस्तिलाह तो इंतिहाई जूमअ़नी है और यहूदी सर्री उलूम यअ़नी खुफ़िया रूहानी उलूम जो नीम जादूई और नीम शैतानी होते हैं, से वाक़फ़ियत या तआरुफ़ के बग़ैर इसका मफ़हूम समझा नहीं जा सकता। बहरहाल इक़्बिास का मर्कज़ी ख़्याल "शाह दाऊद" की हुकूमत की जड़ें मज़बूत करने के गिर्द घूमता है। अगले इक़्तिबास में हम मुतालआ़ करेंगे कि इंसानों की एक मख़्सूस नस्ल से तअ़ल्लुक़ रखने वाला यह "मुतलकुल इनान बादशाह" अपनी नस्ल के अलावा दूसरे इंसानों से क्या सुलूक करेगा?

मौजूदा खुदा शनास और शरपसंद मुआशरों के हुक्मरानों (जिन्हें हम पस्त हिम्मत बना चुके होंगे) की जगह लेने के लिये जो शख़्स हमारा बादशाह बनेगा, इसका सबसे पहला क़दम इस खुदा शनासी और शर पसंदी की आग को हमेशा के लिये ठंडा करना होगा। इस मक़्सद के लिये इन मौजूदा मुआशरों को मुकम्मल तौर पर तबाह करना होगा ख़्वाह इस मक़्सद के लिये उसे कितना खून ख़राबा करना पड़े। सिर्फ़ इसी सूरत में इसके लिये इन मुआशरों को नए सिरे

से मुनज़्ज़म करना मुम्किन होगा जिसके बाद वह हमारी रियासत के ख़िलाफ़ उठने वाले हर हाथ को काट देने के लिये शुऊरी तौर पर तैयार होंगे। ख़ुदा का यह महबूब (यअ्नी बादशाह) इसलिये चुना गया है कि वह तमाम अंधी, बहरी व तशद्दुद, डाकाज़नी और आज़ादी व हुकूक़ के नक़ाब में पोशीदा होकर तमाम दुनिया पर छाई हुई हैं। इन कुव्वतों ने हर क़िस्म के समाजी नज़्म व ज़ब्त का ख़ातिमा कर दिया है जिससे यहूदी शहंशाह के तख़्ते हुकूमत पर मुतमक्किन होने की राहें हमवार हो गई हैं, लेकिन जूंही बादशाह अपनी सलतनत में दाख़िल होगा यह कुव्वतें अपना काम दिखा कर बज़ाते ख़ुद ख़त्म हो चुकी होंगी। तब उन्हें शहंशाह के रास्ते से हटाना होगा। वह रास्ता जिस पर कोई गढ़ा या पत्थर नहीं होना चाहिये।"

(दस्तावेज़:23, ख़ुदा का महबूब बादशाह, स0:304)

यह था ख़ुदा के महबूब बादशाह का "ख़ुदा की अंधी, बहरी और बहीमाना मख़्लूक़" के साथ वह सुलूक जिसकी बिना पर वह "ख़ुदापरस्ती की आग" को हमेशा के लिये ठंडा करेगा और अपने रस्ते से हर गढ़ा और पत्थर हटा कर "रियासत" के ख़िलाफ़ उठने वाला हर हाथ काट कर रख देगा और इंसानी मुआशरों को बर्बाद करके नए सिरे से मुनज़्ज़म करेगा, चाहे उसे इसके लिये कितना ही ख़ून ख़राबा करना पड़े। अब हम देखते हैं कि इन "आला इंसानी मक़ासिद" के हुसूल के लिये की जाने वाली जिद्द व जिहद कि रुख़ पर हमारे गिर्द व पेश में जारी है? इसके लिये हम दूसरे इक़्तिबास का मुतालआ करते हैं जिसमें क़ौमे यहूद ने अपने पैदाइशी हक़्क़ हुक्मरानी के हुसूल का तरीक़े कार खुल कर और लगी लिपटी रखे बग़ैर बयान किया है।

"जब हम अपने हुकूक़ की बाज़याबी के लिये जिद्द व जिहद करते हैं तो हम मजबूर होते हैं कि हम रियासतों के आईनों में ऐसी बातें दाख़िल कर दें कि वह ग़ैर महसूस तरीक़े से आहिस्ता आहिस्ता उनको तबाही के रास्ते की तरफ़ धकेल दें और फिर इसी तरह एक वक़्त में हर तरह की हुकूमत हमारे क़हर व जब्र का शिकार हो जाएगी। हमारे डिक्टेटर पहचान आईन की तबाही से पहले भी हो सकती है। यह लम्हा उस वक़्त आएगा जब दुनिया की अक़वाम हुक्मरानों की नाअहलियों और बदउन्वानियों के सबब बदहाल हो चुकी होंगी और यह सब कुछ हमारी मंसूबा बंदियों की वजह से ही होगा। उस वक़्त लोग चिल्लाएंगे: "उनको (हमारे हुक्मरानों को) दफ़ा करो और हमें पूरी दुनिया पर एक ऐसा बादशाह दो जो हमें मुत्तहिद करे और हुकूमती क़र्ज़े, सरहदों, अक़वाम, मज़ाहिब की वजह से पैदा होने वाले झगड़ों को ख़त्म कर दे। जो हमें अमन व शांती मुहय्या करे जो हमें हमारे हुक्मरान नहीं दे सकते हैं।"......लेकिन आप यह बेहतर तौर पन जानते हैं कि तमाम अक़वाम की तरफ़ से ऐसी ख़्वाहिशात का इज़हार पैदा करने के लिये यह इंतिहाई ज़रूरी है कि अवाम और हुकूमतों के दर्मियान तअ़ल्लुक़ात को बिगाड़ा जाए। इंसानियत को इख़्तिलाफ़े राए, नफ़रत, जिद्द व जिहद, मन्फ़ी रद्दे अमल हत्ता कि तशद्दुद के इस्तेमाल, भूक व अफ़लास, बीमारियों के फैलाव, ख़्वाहिशात की कसरत के ज़रीए तबाह कर दिया जाए ताकि ग़ैर यहूदी अवाम हमारी दौलत और दीगर ज़राए की बालादस्ती तसलीम करने के अलावा कोई और पनाहगाह ही न पाएं, लेकिन अगर हम अक़वामे आलम को सांस लेने का मौक़ा दे दें तो फिर हमारी हाकिमियत की बालादस्ती का लम्हा मुश्किल ही से आएगा।"

(दस्तावेज़:9,पूरी दुनिया के मुक़तदिरे आला की हुकूमत के क़्याम के एलान का लम्हा, स0:231)

दुनिया पर अपनी हाकिमियत और बालादस्ती के लम्हे के जल्द आने के लिये कौमे यहूद पूरी दुनिया को जिस तरह जहन्नम बनाए हुए है, इसका सबब उस दस्तावेज़ी मंसूबे में और इसकी झलक आप आलमी मंज़रनामे पर देख सकते हैं। इस मंज़र नामे की पेशानी पर झिलमिलाते मसाइब व आफ़ात, कुर्रहये अर्ज़ के बासियों को चार तरफ़ से घेरे में लेने वाली अलमअंगेज़ मुश्किलात असल में उस क़ौम की कारसतानियां हैं जो खुद को खुदा महबूब और खुदा की बक़िया मख़्लूक़ को अपना महकूम समझती है और अपने इस "बुन्यादी हक़" के हुसूल के लिये हर तरह के जाइज़ व नाजाइज़ हर्बे रवा रखती है।

अब क़ब्ल इसके कि इन दस्तावेज़ात की तारीख़ी हैसियत व इस्तिनाद पर कुछ तब्सिरा करें, उनकी एक मख़्सूस इंफ़िरादियत का ज़िक्र करते हैं जिससे बआसानी मालूम होगा कि मुस्तक़बिल क़रीब में जिस "आलमी दज्जाली रियासत" के क़्याम की आहटें सुनाई दे रही हैं, यह किसी दीवाने की बड़िया ख़ब्ती का वह्म नहीं, एक ख़ौफ़नाक हक़ीक़त है जिसके ख़िलाफ़ जिहाद में हिस्सा लेना नेक बख़्ती की अलामत और नजात की ज़मानत है।

(जारी है)

अनोखी दस्तावेज़

देखने में तो वह महज़ एक आम सी किताब लगती है, मगर वाक़िआ यह है यह कई एतिबार से मुंफ़रिद और अनोखी किताब है।

☆......एक तो इस वजह से कि आम तौर पर किसी किताब को एक या दो तीन फ़र्द लिखते हैं। इस किताब को पूरी जमाअत ने लिखा है। और यह जमाअत ऐसी थी कि दुनिया भर से मुंतख़ब की कई थी और अपने फ़न यअ़नी ख़ुफ़िया मंसूबा बंदी, मक्कारी, अय्याराना फ़रेब कारी, संगदिली, बेरहमी और अख़्लाक़ियात से आरी पन में इतनी नुमायां और मुम्ताज़ थी कि उसके इन औसाफ़ को दोस्त दुशमन सब मानते हैं और इस किताब में भी उन्होंने जाबजा अपने इन फ़ित्री औसाफ़ का भरपूर मुज़ाहरा किया है।

☆......इस किताब को इस एतिबार से भी मुंफ़रिद व क़रार दिया जाएगा कि इसमें दुनिया के लिये ख़ैर की कोई बात नहीं थी। इसमें जो कुछ था वह बनी नोअ़ इंसान के लिये शर ही शर था। शर की हर सतह पर तरवीज से लेकर शर के नुमाइंदा आज़म के ख़ुरूज तक इस में शर की तरवीज के अलावा कुछ न था।

☆......आम तौर पर मुसन्निफ़ अपने पढ़ने वालों के भले के लिये कोई बात लिखता है। इसमें मुसन्निफ़ीन ने अपने तब्क़े के लिये तो सब कुछ सोच समझ कर तरतीब दिया था, लेकिन क़ारईन के लिये इन कम ज़र्फ़ों के पास सिवाए शर, बदी और बद ख़्वाही के कुछ न था।

☆......आम तौर पर पेशगोइयां अपने वक़्त पर ग़लत साबित होने के लिये होती हैं और कुछ वक़्त तजस्सुस और सनसनी ख़ेज़ी

पैदा करके अपने पीछे ग़ैर मुहतात बयानात और ग़ैर मुसद्दिक़ा इत्तिलाआत के अलावा कोई तअस्सुर नहीं छोड़तीं......लेकिन इस किताब की पेशगोइयां हमें अपने गिर्द व पेश में इलाक़ाई और आलमी मंज़रनामे पर अपना वजूद मनवाती और हक़ीक़त के पर्दे पर वाज़ेह झलक दिखलाती नज़र आती हैं। जो कुछ मंसूबे इसमें पेश किये गए थे, जो पेशगोइयां की गई थीं, जो साज़िशें तरतीब दी गई थीं, वह हैरत अंगेज़ तौर पर पूरी रहीं। आज की दुनिया का मंज़रनामा हर्फ़ बा हर्फ़ इन पेशबंदियों के मुताबिक़ है जो इस किताब के मुसन्निफ़ीन ने तरतीब दी थीं।

☆......आम तौर पर किताबें छपने के लिये लिखी जाती हैं। इस किताब के मुसन्निफ़ीन की पहली और आख़िरी कोशिश यह थी कि यह किसी तरह मंज़रे आम पर न आने पाए। चंद सरफिरे ऐडवेंचर पसंदों ने इसे दुनिया तक पहुंचाने की कोशिश की तो उन्हें यके बाद दीगरे हैरत अंगेज़ तौर पर पुरइसरार मौत का शिकार होना पड़ा।

☆......किताब नामी कोई चीज़ वजूद में आती है तो इसका ख़रीदार मुसन्निफ़ नहीं, आम लोग होते हैं, लेकिन यह ऐसी किताब है जब छप कर बाज़ार में आती है तो ख़ुद मुसन्निफ़ीन के हरकारे इसे ख़रीद ख़रीद कर ग़ायब कर देते हैं।

☆......दुनिया में कम ही किताबें ऐसी होती हैं जिनके मुसन्निफ़ीन नामालूम हैं। हर मुसन्निफ़ अपनी मेहनत अपने नाम से मुतआरिफ़ करवाता और इसे अपने लिये बाइसे इफ़्तिख़ार समझता है। यह ऐसी किताब है जिस पर बतौरे मुसन्निफ़ किसी शख़्स या अशख़ास का नाम नहीं। न इसके हुक़ूक़ महफ़ूज़ करवाए गए हैं न कोई इसे अपनी तरफ़ मंसूब करता है बल्कि उल्टा जिनके लिये लिखी

गई है यअ़नी क़ौमे यहूद और जिन्होंने इसे लिखा है यअ़नी सहीवनियत के चोटी के दिमाग़, वह सब इसे जअ़ली और मनघड़त क़रार दे करे इसकी नफ़ी करते और इसकी सदाक़त को मशकूक क़रार देने की कोशिश करते हैं।

☆.....हर किताब के मुसन्निफ़ की ख़्वाहिश होती है कि उसकी किताब को कबूलियते आम और शोहरते दवाम नसीब हो, उसकी अहमियत और इफ़ादियत को तसलीम कर लिया जाए, लेकिन यह ऐसी अजीब किताब है कि इसके मुसन्निफ़ीन इसकी अहमियत को तसलीम करने या करवाने के बजाए इसे अफ़साना क़रार देते हैं और सिरे से इसके वजूद को तसलीम करने से ही इंकारी हैं।

अलग़र्ज़ इस किताब में बहुत सी मुंफ़रिद ख़ुसूसियात हैं। बशर्ते कि उसे किताब तसलीम कर लिया जाए.....वर्ना हक़ीक़त में तो यह तजावीज़, मंसूबों, मुस्तक़बिल की पेश बंदियों और पेशगोइयों का मज्मूआ है। जिन्हें एक मख़्सूस हद्फ़ हासिल करने के लिये दुनिया के चोटी के दिमाग़ों ने सालहा साल की अर्क़ रेज़ी के बाद तरतीब दिया था। वह हद्फ़ क्या था? जिस कांफ़्रेंस में यह तजावीज़ पेश की गई उसके इख़्तिताम पर जब कांफ़्रेंस के सरबराह सहीवनियत के बानी और मुआसिर यहूदियत के बाबाए क़ौम डाक्टर थ्योडोर हैटज़ल से इन तजावीज़ और मंसूबों का ख़ुलासा पूछा गया तो उसने एक जुम्ले में अपने अह्दाफ़ समेटते हुए कहाः "मैं ज़्यादा तो कुछ नहीं कहता। बस इतना है कि आज से पचास साल के अंदर दुनिया रूए अर्ज़ पर यहूदी रियासत क़ाइम होता अपनी आंखों से देखेगी।"

यह इन तजावीज़ का आख़िरी नहीं, पहला हद्फ़ था जो पूरा हो चुका है। दूसरा हद्फ़ इस यहूदी रियासत की उन हुदूद तक तौसीअ़

है जो "मिनी इस्राईल" को "ग्रेटर इस्राईल" में तबदील कर देगी......और तीसरा और आख़िरी हद्फ़......इस ग्रेटर इस्राईल के सरबराह, बनी दाऊद की नस्ल से आने वाले नाम निहाद मसीहा, यहूदियत के नजात दहिंदा यअ्नी अलमलऊन अलअक्बर, अलफ़ित्नतुल कब्रा, "दज्जाले आज़म" की सरबराही में "आलमी दज्जाली रियासत" का क्याम है जो ज़मीन पर रहमानी निज़ाम (यअ्नी इस्लाम) और उसकी हर शक्ल व निशान को मिटा कर शैतानी और दज्जाली निज़ाम को बरपा करने की अलमबरदार होगी।

राक़िमुल हुरूफ़ ने सबसे पहले यह किताब उस वक़्त पढ़ी जब उसकी मसें भी न भीगी थीं। बंदा के बड़े भाई को कहीं से उसका पुराना और बोसीदा नुस्ख़ा हाथ लगा गया। वह इसका मुतालआ़ बड़े शौक़ से करते थे। उनकी ग़ैर मौजूदगी में बंदा ने एक दिन उसे उठा कर औराक़ पलटना शुरू किये। हैरत का एक जहां था जो बंदा पर खुलता गया। तजस्सुस और सनसनी ख़ेज़ मालूमात का एक सेल रवां था जो अपने साथ बहाए ले जा रहा था। किताब ख़्वानी का असर ज़ह्न पर एक अर्से तक क़ाइम रहा। राक़िम यह सोच कर हैरान थ कि जिस क़ौम ने ऐसे आलमगीर मंसूबे बनाए हैं, इतना ज़बरदस्त ख़ुफ़िया निज़ाम तरतीब दिया है, ज़िंदगी के हर शोअ़्बे पर गिरफ़्त क़ाइम करने के लिये इतनी ज़बरदस्त मंसूबाबंदी की है, वह इस पर अमल भी कर सकी या नहीं? यह फ़र्ज़ी ख़्याल बंदी थी या हक़ीक़ी ख़ाकासाज़ी? अगर हक़ीक़ी थी तो इतनी ज़हीन, मुनज़्ज़म और वसाइल से मालामाल क़ौम आज तक अपने मक़्सद में कामियाब क्यों नहीं हुई? दुनिया की हर चीज़ उसके पास मौजूद है, हर मैदान के माहिरीन की ख़िदमात उसे हासिल हैं, वह वसाइल की भरमार और

आलमी कुव्वतों की हिमायत के बावजूद इतनी रुसवाई इतनी ज़लील व ख़्वार क्यों है? इतना दिमाग़, इतनी दौलत, इतनी सियासत, इतनी दूर अंदेशी अगर किसी और क़ौम को मिल जाती तो वह एक दहाई में दुनिया को तसख़ीर कर लेती। यहूद का "तसख़ीरे आलम का मंसूबा" उनके लिये सामाने रुसवाई क्यों न बना हुआ है? या तो इस किताब के मुंदरजात मुबालग़ा पर मब्नी और झूट का पुलिंदा हैं या फिर कोई और बात है। वह और बात कौनसी है? इसकी तलाश में मारे मारे फिरते और सर खुजा खुजा कर मुतालआ करते करते हम जहां तक पहुंच सके, वह पेशे ख़िदमत करना मक़्सूद है......लेकिन पहले इस किताब की असलियत के हवाले से चंद हक़ाइक़ सामने आ जाने चाहियें ताकि आगे कही गई बातें वसूक़ और एतिमाद की बुन्याद पर बयान किये गए हक़ाइक़ हों न कि क़्यास और अंदाज़े के सहारे उड़ाए गए मफ़रूदात। नुसरते इलाही और ताईदे रब्बानी शामिले हाल रही तो इंशा अल्लाह हम इस मौज़ूअ़ से इतना कुछ इंसाफ़ ज़रूर कर लेंगे कि हमारे क़ारईन की तशफ़्फ़ी हो सके।

प्रोटोकोल के लफ़्ज़ का मतलब है कोई मस्वद्दा, दस्तावेज़ या किसी इजलास की रूदाद। दूसरे लफ़्ज़ों में किसी दस्तावेज़ के सरनामे पर इसका खुलासा चस्पां कर दिया जाए। इस एतिबार से इसका मफ़हूम होगाः "सहीवनियों के फ़ाज़िल बुर्ज़ुगों के इजलास की कार्रवाई की मुकम्मल रूदाद।" इन्हें पढ़कर अंदाज़ा होता है कि सहीवनी हुक्मरानों के अंदरूनी हल्क़ों से ख़िताब किया जा रहा है। इसी बुन्याद पर हमने शुरू में ही कह दिया यह दरहक़ीक़त आलमी सतह पर "दज्जाली रियासत के क़्याम के लिये यहूदी क़ौम का लाइहा अमल" है जो सदियों के दौरान मुरत्तब हुआ और जिसे इस

क़ौम के चोटी के दिमाग़ों और दानिश्वरों ने कांट छांट कर आख़िरी शक्ल दी। इन दस्तावेज़ात में मौजूद मंसूबों और खुलासों की तैारी और तरतीब वक़्तन फ़ौक़तन कई सदियों से जारी थी।

(जारी है)

☆☆☆

"प्लाटो"

यह किताब ग़ैर यहूद के हाथ कैसे लगी? जिस चीज़ को सात पर्दों में छिपा कर रखा गया था, वह बिलआख़िर मंज़रे आम पर कैसे आ गई? यह दासतान बड़ी दिलचस्प है। इस मौज़ूअ़ पर हमें सबसे अहम हवाला एक यूरपी मुसन्निफ़ा Mrs. Fry की किताब "Waters Flourig Eastward" से मिलता है। उन्होंने इस पर सैर हासिले बहस की है। वह लिखती हैं कि दुनिया की यह ख़ुफ़िया तरीन दस्तावेज़ात यअ़नी "प्रोटोकोल्ज़" दो मुख़्तलिफ़ ज़राए से हासिल किये गए थेः

(1) रूसी ख़ुफ़िया इदारे की एक एजंट जस्टाईन जिलिंका (Justine Glinka) फ़्रांस में काम कर रही थी। इसे मुख़्तलिफ़ ज़राए से प्रोटोकोल्ज़ का पता चला और यह भी कि इस दस्तावेज़ की कापियां फ़्रांस के "मिज़राईम लाज" (Mizraim Lodge) में जो पैरिस में था, मौजूद हैं। यह लाज फ़्रांस में फ़्रीमैसन का हेडक्वाटर था। बज़ाहिर इस का निगरान The Rite of Mizraim नामी एक गिरोह था, लेकिन दरहक़ीक़त यह फ़्रीमैसनरी की एक ज़ेली ख़ुफ़िया तन्ज़ीम थी जिसका मर्कज़ क़ाहिरा में था जबकि इसकी शाख़ें तमाम यूरप में थीं। जिलिंका (Glinka) इन दस्तावेज़ात के पीछे पड़ गई। उसने लाज के एक मुलाज़िम जोज़फ़ स्कॉर्स्ट (Joseph Schorst) का ताड़ा जिससे काम निकल सकता था। इस मुलाज़िम को इंतिहाई छान फटक के बाद रखा गया था और इससे हस्बे रिवायत मख़्सूस रुसूमात की अदाइगी के साथ वफ़ादारी का हलफ़ लिया गया था, लेकिन हर मज़बूत हिसार का कोई कमज़ोर

गोशा ज़रूर होता है। एक दिन उसको रक़म की ज़रूरत पड़ी। जिलिंका ऐसे मौक़ा की तलाश में थी। उसने फ़ौरन 5,000 फ़्रांक की भारी रिश्वत पेश कर दी। इतनी छोटी चीज़ की इतनी बड़ी रक़म मिलते देख कर उसने कुछ सोचे बग़ैर उसकी एक कापी जिलिंका को दे दी। उसने कापी हाथ में आते ही ताख़ीर किये बग़ैर उस वक़्त के रूसी दारुल हुकूमत "सेंट पीर्टज़ बर्ग" पहुंचा दी। फ़्रांस के पुलिस रिर्काड के मुताबिक़ स्कॉर्स्ट को इस वाक़िए के चंद दिनों बाद क़त्ल कर दिया गया। "बिरादरी" इस अहम तरीन राज़ की चोरी पर उसको कहां मुआफ़ कर सकती थी।

(2) दूसरी तरफ़ जब पहला आलमी सहीवनी इत्तिला 1897 ई० में सुइटज़रलैंड के शहर "बासल" में मुन्अक़िद हुआ तो वहां भी रूसी ख़ुफ़िया इदारे के अफ़सरान कट्टर क़दामत परस्त यहूदियों के भेस में पहुच गए और इंतिहाई सख़्त राज़दारी और भरपूर एहतियात के बावजूद यही दस्तावेज़ात हासिल कर लें। रूसी बादशाह बहुत पहले ही से यहूदियों की सरगर्मियों पर कट्टरी नज़रें रखे हुए था क्योंकि 1870 ई० की दहाई में यहूद ने गहरी साज़िश के ज़रीए एक "ज़ारे रूस" का क़त्ल किया था। ("ज़ार" रूसी बादशाहों का लक़ब था)। लिहाज़ा उस वक़्त का रूसी बादशाह दस्तावेज़ात के हुसूल में ख़ुसूसी दिलचस्पी रखता था और उनके हुसूल के लिये कोई भी क़ीमत देने पर तैयार था। उसकी सरपरस्ती और हौसला अफ़्ज़ाई की बदौलत रूसी एजंटों ने बिलआख़िर यह कारनामा कर दिखाया। यहूदियों के चोटी के दानियवर एहतियाती तदबीरें करते रह गए और उनके दुशमन यह दस्तावेज़ात ले उड़े।

रूसी ख़ातून जासूस "जस्टाईन जिलिंका" ने इन प्रोटोकोल्ज़ की एक कापी अपने पास रखी और जब वह अपने आबाई घर रूस के

ज़िला Orel लौटी तो उसने एक सरकारी उहदेदार को भी इन दस्तावेज़ात की कापी दे दी। उसका नाम Alexis Sukhotin था। Alexis ने यह दस्तावेज़ अपने दो दोस्तों फ़िलिप स्टीपोनोर और सर्जी ऐ नाक्स को दी। अव्वलुज़्ज़िक्र (Steponor) ने इसकी कापियां करवाईं और उन्हें अपने क़रीबी दोस्तों में बांटा, जबकि मुअख़्ख़िरुज़्ज़िक्र (Nilus) ने पहली बार इन्हें किताबी शक्ल में 1901 ई० में छापा जिसका उन्वान थाः "The Great within the Small" (छोटे के अंदर सबसे बड़ी) बादशाहत के ज़माने में तो यह किताब ख़ुफ़िया चीज़ों में मक़बूल तरीन चीज़ थी......लेकिन रूस में कम्यूनिस्ट इंक़िलाब के बाद पैदा होने वाले यहूदी असर व रुसूख़ की बिना पर इस किताब को किसी के पास देखते ही गोली मारने का हुक्म था। Steponor इंक़िलाब के आते ही रूस से भाग गया और 1932 ई० में यूगोस्लाविया में उसका इंतेक़ाल हुआ।

Steponor के बेटे से जब एक यूरपी मुसन्निफ़ Gerald B. Winrod की मुलाक़ात 1935 ई० में हुई तो उसने अपने वालिद के दोस्त नाक्स के बारे में बहुत से इंकिशाफ़ात किये। वह नाक्स को अच्छी तरह जानता था क्योंकि उसका बाप और नाक्स एक ही कम्यूनिटी में रहते थे। उसने बताया कि नाक्स का तअ़ल्लुक़ मुतवस्सित तब्क़े से था। वह एक पुख़्ता अक़ीदे वाला ईसाई था और इंजील मुक़द्दस पर कामिल यक़ीन रखता था। जब उसने देखा कि क़ौमे यहूद के दानाओं ने यह मंसूबे ईसाइयत के ख़ातमे के लिये तैयार किये हैं तो उसने दुनियाए मसीहियत की आगाही के लिये ख़तरात मोल लिये और उन दस्तावेज़ात को शाए करने की ठान ली। यह दस्तावेज़ात अबरानी ज़बान से रूसी ज़बान में तर्जुमा की गई थीं। नाक्स के ख़्याल में यह मंसूबा ईसाइयत के ख़िलाफ़ साज़िश था

जिसे तश्ते अज़बाम करके उसने मिल्ली फ़रीज़ा अंजाम दिया, लेकिन इन दस्तावेज़ात के मुतालए से मालूम होता है कि यह साज़िश सिर्फ़ ईसाई मज़हब और तहज़ीब के ख़िलाफ़ नहीं, यह तमाम मज़ाहिब और तहज़ीबों के ख़िलाफ़ एक भयानक मंसूबा है।

जब रूस में इंक़िलाब आया और प्रोटोकोल्ज़ कापी रखना भी जुर्म हो गया तो नाक्स ने रूस से भागने की कोशिश की लेकिन बदक़िस्मती से वह रूस के सूबे यूकराइन के दारुल हुकूमत Kiev में 1924 ई0 में पकड़ा गया। उस पर बेपनाह तशद्दुद किया गया। इसके कुछ अर्से बाद उसका इंतेक़ाल हो गया।

यह तहरीर अगर्चे रूसी ज़बान में "ब्रिटिश म्यूज़ियम लाइब्रेरी" में 10/अगस्त 1905 ई0 को पहुंच गई थी लेकिन इसका अंग्रेज़ी तर्जुमा 1906 ई0 में "विक्टर ई मार्सडन" (Victor E. Marsden) ने किया था। मार्सडन रूस में इंक़िलाब के दौरान "मार्निंग पोस्ट" (Morning Post) नामी अख़्बार का नुमाइंदा था। इंक़लाब के बाद उसे भी गिरफ़तार कर लिया गया और सज़ाए मौत का फ़ैसला सुनाया गया, लेकिन बिलआख़िर बर्तानवी बाशिंदा होने के नाते उसे मुआफ़ कर दिया गया और रिहाई के बाद वापस बर्तानिया जाने की इजाज़त दे दी गई। बर्तानिया वापसी के बाद जब उसकी सिहत बहाल हुई तो उसने सबसे पहले इन दस्तावेज़ात के तर्जुमे पर काम शुरू किया। उसे इन ख़ुफ़िया दस्तावेज़ात की अहमियत का अंदाज़ा था और वह इन्हें जल्द अज़ जल्द दुनिया के सामने लाना चाहता था। चूंकि वह ख़ुद सहाफ़ी भी था और उसे रूसी और अंग्रेज़ी दोनों ज़बानें आती थी, इसलिये इसका तर्जुमा आज भी उतना ही मक़्बूल है जितना कि पहले दिन था।

बर्तानिया वापसी के बाद जब बर्तानिया का बादशाह अपनी

नोआबादियात के दौरे पर निकला तो मार्सटन उसके साथ जाने वाली टीम में शामिल था। इस दौरे के दौरान मार्सडन ने एक खुसूसी मुरासिला निगारी की हैसियत से एक मर्तबा फिर "मार्निंग पोस्ट" के लिये काम किया लेकिन बर्तानिया वापसी पर वह "अचानक" बीमार पड़ गया और "पुरइस्रार हालत" में इंतेक़ाल कर गया।

इस किताब से मुतअ़ल्लिक़ मज़ीद मालूमात General D.B. winrod की किताब "The Truth About the Protocoles" (प्रोटोकोल्ज़ के मुतअ़ल्लिक़ सच) में देखी जा सकती हैं।

यहां यह बात ग़ौर तलब है कि शुरू शुरू में यह किताब मार्किट में आते ही ग़ायब हो जाती थी। इसके मुतरजिम या नाशिर पुरइस्रार तौर पर "इत्तिफ़ाक़िया तबई मौत" का शिकार हो जाते थे। इस ज़माने में अगर आप किसी लाइब्रेरी में जाते और यह किताब तलाश करते तो आप से पहले कोई उसे निकलवा कर ले जा चुका होता या यह किताब बग़ैर किसी इत्तिला के अपने मुतअ़ल्लिक़ा ख़ाने से ग़ायब होती। आज भी अगर आप नेट पर इस किताब को सर्च करना चाहें तो आपको काफ़ी मुश्किल होगी। इस नाम से मिलती जुलती किताबें आपको दिखाई जाएंगी, मगर यह किताब कोशिश के बाद भी आपकी नज़रों से ओझल रहेगी।

इन तमाम बातों के तनाज़ुर में......जो यक़ीनन इत्तिफ़ाक़िया नहीं हैं......इस किताब के मुंदरजात की अहमियत का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। इसको उर्दू में पहली बार कराची के एक जुर्अत मंद और साहिबे ईमान सहाफ़ी "मिस्बाहुल इस्लाम फ़ारूक़ी" ने तर्जुमे करके छपाया। इसके दो हिस्से थे। पहले हिस्से में इन दस्तावेज़ात का

तआरुफ़, पसमंज़र, यहूदी अज़ाइम वग़ैरा बयान किये गए थे और दूसरे में इन बदनाम ज़माना दस्तावेज़ात का सलीस तर्जुमा था। जब यह शाए हुई तो तहलका मच गया। किताब की बेपनाह मक़्बूलियत के बावजूद बअ़ज़ मख़्सूस तनख़्वाहदारों ने इसकी फ़र्ज़ी और जअ़ली होने की रट लगाना शुरू कर दी। उनका इस्रार था यह सारी दस्तावेज़ात शोहरत के तलबगार किसी क़लमकार के वह्म की पैदावार हैं। जबकि दूसरी तरफ़ किताब जल्द ही नापैद हो गई थी। तलाशे बिस्यार के बावजूद कहीं से एक आध नुस्ख़ा मिल जाना भी ख़ज़ाने की तलाश के मुतरादिफ़ था। तीसरी तरफ़ फ़ारूक़ी साहब यह महसूस करने लगे कि उनकी निगरानी शुरू कर दी गई है। उन्हें ऐसा लगा उनके आसपास पुरइस्रार नक़्ल व हर्कत हो रही है। कुछ लोग उनकी जान के दर पै हो गए हैं और वह मौक़ा मिलने की ताक में हैं। उन्होंने अपनी तमामतर तवज्जोह इसी मौज़ूअ़ पर मरकूज़ कर दी और सांसों ने उन्हें जितनी मुहलत दी उस दौरान उन्होंने यहूदियत पर एक शाहकार किताब "यहूदी साज़िश और दुनियाए इस्लाम" तसनीफ़ कर डाली। फ़ारूक़ी साहब कुछ अर्से बाद ख़ालिके हक़ीक़ी से जा मिले। जो कुव्वतें उनकी इस बेहतरीन काविश को वह्म क़रार देती रही थीं, उन्हें उनकी मौत से भी चैन न आया। यह किताब उनके बाद भी कहीं दस्तियाब न होती थी। कुछ अर्से बाद "तसख़ीरे आलम का यहूदी मंसूबा" के नाम से छपी। मुसन्निफ़ के तौर पर "अबुल हसन" का फ़र्ज़ी नाम सरे वर्क़ पर दर्ज था। नाशिर का नाम हस्बे रिवायत मौजूद था, न ही मिलने का पता दर्ज था। इशाअते आम की नौबत इस बार भी न आने पाई। अक्सर व बेशतर इसका फ़ोटो स्टेट नुस्ख़ा ही आगे चलता रहा। फ़ारूक़ी साहब के बाद एक

और मशहूर मुसन्निफ़ मुंशी अब्दुर्रहमान ख़ान ने इसका तर्जुमा किया। इसके बाद तो क़तार लग गई। बहुत से मुतरजिमीन ने तर्जुमा किया और नाशिरीन इसे छापते रहे। अब यह मुख़्तलिफ़ नामों से कहीं न कहीं मिल ही जाती है। ज़्यादा मशहूर नाम "यहूदी प्रोटोकोल्ज़" का है, लेकिन जैसा कि राक़िम ने इस मज़मून के शुरू में कहा सही मअ़नों में इसे "दज्जाली रियासत के क़याम का दस्तावेज़ी मंसूबा" कहना चाहिये, क्योंकि इसका असली हद्फ़ बदी के बदतरीन ज़ुहूर "दज्जाले आज़म" की आलमी रियासत का क़याम है जिसका मर्कज़ इस्राईल और पायए तख़्त यरोशलम होगा।

बअ़ज़ लोगों को इस पर तअ़ज्जुब होता है कि अगर इन दस्तावेज़ात का इंकिशाफ़ यहूदियत के लिये इतनी ही नुक़सानदेह था कि उन्होंने सर जी ऐ नाक्स और विक्टर ई मार्सडन से लेकर फ़ारूक़ी साहब तक को क़त्ल करना ज़रूरी समझा तो फ़ारूक़ी साहब के बाद बक़िया मुतरजिमीन व नाशिरीन उनके इंतेक़ाम की ज़द से क्योंकर महफ़ूज़ रहे? इस बात का जवाब समझना कुछ ज़्यादा मुश्किल नहीं। एक राज़ अपने इब्तिदाई इंकिशाफ़ के वक़्त जितना सनसनी ख़ेज़ होता हो, उतना ही मुतास्सिरा फ़रीक़ के लिये नुक़सानदेह होता है। इस वक़्त राज़ को आम करने वाले इंतेक़ाम के शदीद जज़्बे का निशाना बनते हैं। रफ़्ता रफ़्ता इस इंकिशाफ़ से मुतास्सिर होने वाला फ़रीक़ जब धक्के से संभल जाता है तो इस तहलका ख़ेज़ इंकिशाफ़ को अपने लिये ग़ैर अहम क़रार देकर उसे नज़र अंदाज़ करने की पालीसी अपना लेता है। गोया कि "प्लान2" पर अमल शुरू कर दिया जाता है और यह समझ लिया जाता है कि अच्छा है यह मालूमात दुशमन या मुख़ालिफ़ीन तक पहुंचें और उन्हें मरऊब करें

कि उसे इतने ज़हीन और दूरअंदेश फ़रीक़ से पाला पड़ा है। लेकिन इस मौक़ा पर भूल जाते हैं कि उनके ख़िलाफ़ काम करने वाले इन दस्तावेज़ात का हवाला देकर उन्हें रगीदते हैं कि और उनके ख़िलाफ़ ज़ह्न साज़ी करके दुनिया को इंसानियत के इन दुश्मनों से आगाही देने का फ़र्ज़ अदा करते रहेंगे।

(जारी है)

फ़ाश ग़लतियों का तक़ाबुली मुतालआ

जैसा कि पहले लिखा गया शुरू शुरू में क़ौमे यहूद के "बुज़ुर्ग दाना" इस किताब की किसी संजीदा हैसियत के ही सिरे से इंकारी थे। वह पुरइस्रारियत की दबीज़ तह तले छिपाए इन राज़ों के इंकिशाफ़ पर सख़्त बरहम और अपनी तरफ़ इसकी निस्बत को निरा झूट या ख़ालिस वह्म क़रार देते थे, लेकिन ग़ैर जानिबदार मुहक़्क़िक़ीन का कहना था......और आज भी उनका यही इस्रार है......कि एक से ज़्यादा ऐसी वुजूहात हैं जिनके होते हुए इन दस्तावेज़ात को फ़र्ज़ी क़रार नहीं दिया जा सकता। मसलनः

(1) उनके ख़्याली होने का वह्म इसलिये नहीं किया जा सकता कि दुनिया में पेश आने वाले बहुत से मुनज़्ज़म हादसात व वाक़िआत की फिर कोई तौजीह मुम्किन नहीं रहती। यहूदी थिन्क टैंक्स उनके जअ़ली या फ़र्ज़ी होने पर जितना भी ज़ोर दें और उनके अस्ली होने की जितनी भी तरदीद करें, इस बात का कोई जवाब नहीं दे सकते कि अगर यह बिल्कुल जअ़ली हैं तो इनमें बयान कर्दा तजावीज़ और मंसूबे तसलसुल के साथ आलमी हालात से मुताबिक़त क्यों रख रहे हैं? इस्राईल की कार्रवाइयों और यहूदियत की कारसतानियों में इन तमाम मंसूबों की वाज़ेह झलक क्यों दिखाई देती है? इस्राईल की तारीख़ और यहूदी राहनुमाओं का तर्ज़े अमल इन दस्तावेज़ात के अस्ल होने की चुग़ली खाता है और दुनिया को मजबूर करता है कि वह सोचें एक फ़र्ज़ी चीज़ की इतने एहतिमाम और ताकीद से तरदीद करने की ज़रूरत ही क्या थी? अगर दाल में काला नहीं है तो ऐसी किताब को दुनिया की नज़रों से ग़ायब करने में क्या हिक्मत थी?

मशहूर अमरीकी सरमायाकार और दानिश्वर "हन्री फ़ोर्ड" ने इसी दलील को इस्तेमाल करते हुए कहा था कि प्रोटोकोल्ज़ जअ़ली या फ़र्ज़ी नहीं, बल्कि अस्ली और हक़ीक़ी हैं। उन्होंने 17 फ़रवरी 1921 ई० को "न्यूयार्क वर्ल्ड" में शाए होने वाले अपने एक इंटरव्यू में सहाफ़ी से गुफ़्तगू करते हुए कहा:

"इन प्रोटोकोल्ज़ के बारे में सिर्फ़ इतना कहना काफ़ी समझता हूं कि आज दुनिया में जो कुछ भी हो रहा है, वह उनके मुताबिक़ हो रहा है। उन्हें मंज़रे आम पर आए सौलह बरस का अर्सा गुज़रा है। मंज़ूर 1897 ई० की कान्फ़्रेंस में हुए थे। इंकिशाफ़ 1905 ई० के आसपास हुआ। राक़िम आज तक आलमी हालात व वाक़िआत इन्ही अक़्वाल के मुताबिक़ रूनुमा होते चले आ रहे हैं। आज भी ऐसा ही हो रहा है।"

वाक़ई हुन्री फ़ोंड ने बिल्कुल सही कहा था। एक फ़र्ज़ी चीज़ किसी हक़ीक़ी वाक़िए से इत्तिफ़ाक़िया मुनासिबत तो रख सकती है, लेकिन फ़र्ज़ी ख़्यालात की हक़ीक़ी और आलमी वाक़िआत से तसलसुल के साथ मुवाफ़िक़त मुम्किन नहीं।

(2) एक बहुत मज़बूत दलील यह है कि बक़ौल यहूद यह दस्तावेज़ात अगर अस्ली नहीं, सरासर "जअ़ली" हैं तो फिर इन ज़हीन जअ़ल साज़ों ने इन दस्तावेज़ात को एलानिया तौर पर खुल कर यहूदी मुसन्नफ़ीन से क्यों मंसूब नहीं किया, जबकि वह बआसानी ऐसा करके उससे कई मक़ासिद हासिल कर सकते थे। मसलनः वह दुनिया भर के इंसानों और तहज़ीबों के ख़िलाफ़ तैयार किये गए इन मंसूबों पर यहूदी राहनुमाओं का लेबल लगा कर क़ौमे यहूद के ख़िलाफ़ नफ़रत और इश्तिआ़ल की ज़बरदस्त फ़ज़ा पैदा कर देते। इसके बरअक्स हम देखते हैं कि उनके दस्तावेज़ात में "यहूद" का

लफ़्ज़ सिर्फ दो बार इस्तेमाल हुआ है, जबकि वह मख़्सूस इस्तिलाहात जो यहूदी लिट्रेचर का ख़ास्सा हैं, और उन्हें ग़ैर यहूदी न समझते हैं न इस्तेमाल करते हैं, वह खुफ़िया और खुफ़िया तरीन इस्तिलाहात इन दस्तावेज़ात में जाबजा रवानी के साथ इस्तेमाल हुई हैं। आख़िर वह कौनसे अनोखे "जअ़लसाज़" थे जो एक तरफ़ तो इतने ज़हीन थे कि दुनिया भर के इंसानों और इंसानी मुआशरे के हर तब्क़े और शोअ़बे को गिरफ़्त में लेने का मंसूबा 24 दस्तावेज़ात के अंदर समेट कर रख गए और दूसरी तरफ़ इस आ़ला काविश क़ौमे यहूद के सर थौपने का कोई आसान तरीन तरीक़ा भी इस्तेमाल न कर सके जो आम राह चलता नोसरबाज़ भी बआसानी घड़ सकता है। वाक़िआ यह है कि इन दस्तावसेज़ात को बढ़ने के फ़ौरन बाद पहला तअस्सुर जो क़ारी के ज़ह्न पर मुरत्तब होता है, वह ज़हीन और क़ाबिल लोगों की तरफ़ से मुरत्तब कर्दा एक "मुतलकुल इनान आलमी हुकूमत" के क़्याम के मरबूत मंसूबे का है जो दज्जाल के हरावल दस्ते के तौर पर काम करने वाली क़ौमे यहूद की सालहा साल से जारी ज़ेरे ज़मीन जिद्द व जिह्द का मर्कज़ी हद्फ़ है और जिसकी सही तअ़बीर वही है जो हमने "आलमी दज्जाली रियासत" के नाम से की है।

(3) इन दस्तावेज़ात के हक़ीक़ी और अस्ली होने की एक बड़ी दलील कुछ ऐसे तक़ाबुली क़राइन हैं जो नाक़ाबिले तरदीद हैं। मसलन: हम यहां दो अलग अलग किताबों से लिये गए वह इक़्तिबासात का इन दस्तावेज़ात के मुतअ़ल्लिक़ा हिस्से से तक़ाबुली मुतालआ़ पेश करते हैं। यह दस्तावेज़ात जिन लोगों ने राज़दारी के भारी भरकम हलफ़ उठा कर तैयार की थीं, एक वक़्त ऐसा आया कि उनके मुंह से ऐसी बात निकल गई जिससे समझने वाले बिला तरद्दुद समझ गए कि यह अपनी तहरीर या गुफ़्तगू में खुफ़िया दस्तावेज़ात में

बयान कर्दा तजावीज़ का इज़हार कर गए हैं और बीच चौराहे भांडा फूट जाने के बाद अब लीपा पोती की कोई कोशिश कामियाब नहीं हो सकती। ज़ेल में सहीवनियत के दो चोटी के राहनुमओं से नादानिस्ता तौर पर हो जाने वाले दो फ़ाश ग़लतियों का तक़ाबुली मुतालए पर मब्नकी जाइज़ा मुलाहज़ा कीजिये:

(अलिफ़) इन प्रोटोकोल्ज़ के बारे में कहा जाता है कि उन्हें "पहली सहीवनी कांग्रेस" के इन्इक़ाद के मौक़ा पर जारी किया गया जो 1897 ई0 में बासल के मक़ाम पर हुई थी और जिसकी सदारत जदीद सहीवनियत के बानी थ्योडोर हर्टज़ल ने की थी। कुछ अर्से क़ब्ल "हर्टज़ल की डायरी" के उन्वान से एक किताब शाए हुई। इसमें से चंद इक़्तिबासात 14/जूलाई 1922 ई0 में यहूद के आलमी तर्जुमान "ज्यूश क्रानीकल" में शाए हुए थे। इन डायरियों में हर्टज़ल ने 1885 ई0 में अपने सफ़र इंगलिस्तान का ज़िक्र भी किया है जहां उसकी मुलाक़ात कर्नल गोल्ड इस्मिथ से हुई थी। वह इंगलिस्तान की फ़ौज में कर्नल के उहदे पर फ़ाइज़ था और दिल की गहराइयों से हमेशा एक यहूदी क़ौम परस्त ही रहा। उसने हर्टज़ल को तजवीज़ पेश की कि अंग्रेज़ अशराफ़िया को तह व बाला करने और यहूदी तसल्लुत से इंगलिस्तान के अवाम को महफ़ूज़ रखने की सलाहियत को तबाह व बर्बाद करने की ग़र्ज़ से यह निहायत ज़रूरी है कि उनकी अराज़ी पर इज़ाफ़ी महसूल आइद कर दिया है। हर्टज़ल को यह ख़्याल बहुत अच्छा लगा चुनांचे उसे अब सहीवनी दस्तावेज़ के प्रोटोकोल नम्बर 15 और प्रोटोकोल नम्बर 20 "मालियाती प्रोग्राम" में बआसानी देखा जा सकता है। मुलाहज़ा कीजिये:

"हमें हर तरह से अपनी "सुपर हुकूमत" की अहमियत को उजागर करना चाहिये क्योंकि वह अपनी तमाम फरमांबरदार रिआया

की मुहाफ़िज़ और मुहसिन है। ग़ैर यहूदियों के उमरा एक सियासी कुव्वत के एतिबार से तक़रीबन ख़त्म हो चुके हैं। हमें इस तज़किरे की ज़रूरत नहीं है, लेकिन ज़मीनदार होने की हैसियत से वह अब भी हमारे लिये नुक़सानदेह साबित हो सकते हैं, क्योंकि वह अपने वसाइल पर इंहिसार करते हैं। इसलिये यह ज़रूरी है कि हम उनकी ज़मीनें छीन लें। यह मक़्सद ज़मीनों पर टेक्स लगा कर हासिल किया जा सकता है। यअ़नी ज़मीनें क़र्ज़ों के बोझ तले दब जाएंगी। इन इक़्दामात से ज़मीनदाराना निज़ाम कम हो जाएगा और वह ग़ैर मशरूत तौर पर हमारे इताअत गुज़ार रहेंगे। ग़ैर यहूदी उमरा और रुऊसा चूंकि ख़ानदानी एतिबार से थोड़े पर गुज़ारा करने के आदी नहीं, बहुत तेज़ी से जल जाएंगे, नाकाम हो जाएंगे और उनका ख़ातिमा हो जाएगा।"

(प्रोटोकोलः5, मआशी ज़रूरियात के प्रोपेगंडे का ख़ुफ़िया बाब, स0:206)

"मौजूदा इंफ़िरादी या जाईदाद पर महसूल के बजाए बढ़ते हुए सरमाए पर फ़ीसद तनासुब से टेक्स आइद करने से बहुत ज़्यादा आमदनी हासिल होती है। मौजूदा इंफ़िरादी या जाईदाद पर महसूल के बजाए बढ़ते हुए सरमाए पर फ़ीसदी तनासुब से ग़ैर यहूद में बेचैनी और इज़्तिराब पैदा होता है। हमें अपने तयशुदा रास्ते पर चलने में आसानी रहती है।"

(दस्तावेज़ 20, मालियाती प्रोग्राम, स0:282)

हर्टज़ल की डायरी और मुंदरजा बाला इक़्तिबासात का तक़ाबुली मुतालआ़ इस बात का वाज़ेह सबूत है कि सहीवनी राहनुमाओं के ज़हन में "आलमी हुकूमत" के क़्याम का एक वाज़ेह मंसूबा मौजूद था और यह प्रोटोकोल्ज़ दरहक़ीक़त इसी मंसूबे का ख़ाका हैं। यही वजह है कि कोई भी ज़हीन क़ारी जिसे हालिया तारीख़ का ज़रा सा

भी इल्म है और जो क़ौमे यहूद के काम करने के अंदाज़े से थोड़ी बहुत वाक़फ़ियत रखता है, वह इन प्रोटोकोल्ज़ की हर सतर की असलियत महसूस करेगा। वह असलियत जिसके पीछे क़ौमे यहूद के दानाओं का मक्र वह दज्जाली चेहरा झलक रहा होगा। हम अपने तमाम क़ारईन को दावत देते हैं वह विक्टर ई मार्सडन के इस तर्जुमे का ज़रूर मुतालआ करें जो अब उर्दू ज़बान में मुख़्तलिफ़ नामों से मिल जाता है।

(ब) अब हम एक और वाक़िए का भी ज़िक्र करते हैं। इस तरह की एक ग़लती बानी सहीवनियत के जानशीन से भी होती थी। थ्योडोर हर्टज़ल के जानशीन और सहीवनी तहरीक के लीडर डाक्टर वाइज़मैन ने इन अक़वाल से एक इक़्तिबास उस वक़्त पेश किया था जब 6/अक्तूबर 1920 ई० को यहूदियों के एक "बड़े रिबाई" के एज़ाज़ में एक अलविदाई दावत दी जा रही थी। डाक्टर वाइज़ मैन ने अपनी इस तक़रीर में एक मशहूर सहीवनी क़ौल का हवाला दिया था जिसे यहूदियों के "रूहानी दानिश्वरों" से मंसूब किया जाता है और जिसके मुताबिक़: "ख़ुदा ने यहूदियों की ज़िंदगी में एक मुफ़ीद और सूदमंद तहफ़्फ़ुज़ का इंतेज़ाम कर रखा है और इसी मक़्सद की ग़र्ज़ से उन्हें (यहूदियों को) दुनिया में हर तरफ़ फैला दिया है।" इस तक़रीर का हवाला यहूद के एक और आलमी सतह के मुस्तनद तर्जुमान "ज्यूश गार्डेन" में 8/अक्तूबर 1920 ई० की इशाअत में मौजूद है। अब आप इस क़ौल का मुवाज़िना प्रोटोकोल नम्बर ग्यारह के आख़िरी हिस्से से करें जिसमें कहा गया है: "ख़ुदा ने हमें अपने मुन्तख़ब नुमाइंदों की हैसियत से दुनिया भर में फैल जाने का तोहफ़ा इनायत फ़रमाया है। बहुत से लोग हमारी इस बेवतनी और आवारगी को हमारी कमज़ोरी पर महमूल करते हैं, लेकिन वह यह बात नहीं

जानते हैं कि हमारी यही कमज़ोरी दरअसल हमारी तमाम तर ताक़त और कुव्वत का अस्ल सरचश्मा है जिसने हमें आज पूरी दुनिया पर हुकूमत करने के क़ाबिल बना दिया है।"

इन इक़्तिबासात के तवाफ़ुक़ से यह बात पायए सबूत को पहुंचती है कि सहीवनी फ़ाज़िल बुज़ुर्गों और उनकी मुरत्तबकर्दा दस्तावेज़ात का यक़ीनन वजूद था और चीदा चीदा सहीवनी राहनुमओं को इन दस्तावेज़ात के बारे में पूरी मालूमात हासिल थीं। नीज़ यह कि यहूदियों की क़वी रियासत या मादरे वतन के क़्याम की देरीना ख़्वाहिश का उनके हक़ीक़ी अज़ाइम और अहदाफ़ से गहरा तअल्लुक़ है और उनको यही वह अज़्म या हद्फ़ है जो उनके तमाम अज़ाइम और अहदाफ़ का महवर व मर्कज़ है, जिसकी ख़ातिर वह सदियों से हर ज़ुल्म व ज़्यादती को रवा समझते हुए इंसानियत कश जिद्द व जिहद करते चले आए हैं।

इन दस्तावेज़ात के अस्ल या नक़्ल होने की बहस हमने महज़ इसलिये छेड़ी है कि वह बज़ाहिर "लम्हा मौऊद" जिसकी उम्मीद पर क़ौमे यहूद एक "आलमी बादशाह" और "आलमी रियासत" का ख़्वाब देख रही है, इन दस्तावेज़ात की रू से अब इस दूध भरे छींके की तरह महसूस होता है जिसकी रस्सी इतनी कमज़ोर हो चुकी हो कि अब टूटी या तब टूटी। यह संगीन सूरहते हाल इसलिये पैदा हुई कि इस फ़ित्ना परवर क़ौम की तरफ़ से आख़िर ज़माने के "फ़ित्नए उज़्मा" के ख़ुरूज के लिये भरपूर तैयारियां जारी हैं, जबकि इन तैयारियों के मुतालअए और दिफ़ाई व अक़्दामी तदाबीर पर हमारी तरफ़ से बहुत कम तवज्जोह दी गई है। क़ौमे यहूद अगर अब तक इतनी मरबूत जिद्द व जिहद और इतनी ज़बरदस्त मंसूबाबंदी के बावजूद अपने मक़सद में कामियाब नहीं हो सकी तो इसकी वजह

ज़िल्लत व ख़्वारी की वह तिकोनी मुहर है जो उन पर अल्लाह रब्बुल आलमीन, अहकमुल हाकिमीन की तरफ़ से लगाई जा चुकी है। इसमें हमारी मक़ावमत या मुदाफ़िअत का कोई दख़ल नहीं। अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त की मर्ज़ी चूंकि यह है कि क़ौमे यहूद को उसकी नाफ़रमानियों और गुस्ताख़ियों का ज़िल्लत आमेज़ मज़ा चखाया जाए, इसलिये इन अनासिर की रुसवाई और ज़िल्लत व शिकस्त भी कुदरत का अटल फ़ैसला है जो इस रान्दए दरगाह क़ौम का साथ देंगे......जबकि इसके बिलमुक़ाबिल उस फ़र्द, इदारे, जमाअत या क़ौम की मदद व नुसरत और इज़्ज़त व सरबुलंदी नोशतए तक़दीर है जो ग़ज़बे इलाही का शिकार इस क़ौम के मुक़ाबिल खड़ा हो जाए या खड़ा होने वालों के साथ खड़ा हो जाए।

यह वही नुक्ता है जिसका हमने शुरू में क़ारईन से वादा किया था इस किताब के मुंदरजाते मुबालग़ा पर मब्नी नहीं न झूट का पुलिंदा हैं। यह इस क़ौम के ज़ीरक तरीन रहनुमओं की अक़रेज़ काविशें हैं जो इंसानी तारीख़ की ज़हीन तरीन लेकिन बदबख़्त तरीन क़ौम थी। जिसका दिमाग़ तो आला सलाहियतों का हामिल था लेकिन दिल ख़ैर की रमक़ से ख़ाली हो चुके थे। जिन्होंने खुदा परस्ती और रहम दिली को छोड़ कर लज़्ज़त परस्ती और संगदिली को अपना शआर बना लिया था। उन्होंने ख़ुदा तआला की महबूब हस्तियों की तौहीन को अपना शआर बना लिया तो रब्बुल इज़्ज़त ने उनकी तज़लील पे अब्दी मुहर सिब्त कर दी। लिहाज़ा उनके तरतीब दिये गए मंसूबों की मिसाल दुनिया में नहीं, लेकिन इन मंसूबों के लिये दरकार तमाम वसाइल की फ़रावानी के बावजूद उनकी नाकामी व नामुरादी की हद व हिसाब भी नहीं। उनका तरतीब दिया हुआ "तसख़ीरे आलम का मंसूबा" उनके फ़नाए कुल्ली और इज्तिमाई

बर्बादी के हौलनाक अंजाम में तबदील हो जाएगा......लेकिन......इससे पहले दुनिया एक बड़ी आज़माइश से गुज़रेगी और इस आज़माइश में सुर्ख़ुरू होने की ज़मानत है कि पैग़म्बरे इस्लाम, हादिये दो जहां हज़रत मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्ल0 की शरीअ़त व सुन्नत से चिमट जाया जाए ताकि जब मेहदी आख़िरुज़्ज़मां (हज़रत मेहदी रज़ि0) का ज़ुहूर हो तो ज़ाती ज़िंदगी में "तहारत व तक़्वा" और इज्तिमाई ज़िंदगी में "दावत व जिहाद" को अपनी पहचान बनाने वाले ख़ुशनसीब लोग फ़ित्नों भरी इस दुनिया को अमन व अमान के गहवारे में तबदील करने के लिये क़ुर्बानियां दे सकें और इन क़ुर्बानियों का नतीजा दुनिया में भी देख सकें।

☆☆☆

दज्जाली रियासत के नामेहरबान हमनवा

ऐशपरस्ती में मुब्तला मालदार हुक्मरान व शुयूख़ः

दज्जाल का पायए तख़्त "इस्राईल" मुस्लिम मुमालिक के क़ल्ब में कैसे वजूद में आ गया जबकि इर्दगिर्द हज़ारों लाखों ग़ैरतमंद मुसलमान रहते थे? यह तारीख़ के तालिबे इल्म के लिये दिलचस्प सवाल है। आज हम इसी सवाल पर कुछ देर के लिये बहस करेंगे। तारीख़ के मुख़्तलिफ़ अदवार में मुसलमान अवाम की हमियत व ग़ैरत मुसल्लम रही है, अलबत्ता इक़्तिदार ऐसी चीज़ है हो हुक्मरानों को मफ़ादपरस्त, मौक़ा परस्त और [illegible]ूल व नज़रिया के बजाए लालच या ख़ौफ़ (गाजर या छड़ी) का ताबेअ़ कर देती है। हम ज़ेल में फ़लस्तीन अर्ज़े मुक़द्दस के इर्दगिर्द रहने वाले नाम निहाद मुस्लिम हुक्मरानों का तज़किरा करते हैं जिन्होंने अपनी चश्मपोशी और ज़मीर फ़रोशी......ज़्यादा सही लफ़्ज़ों में......इस्लाम और अह्ले इस्लाम से ग़द्दारी करते हुए यहूद की हमनवाई की और अलक़ुद्स पर शिकंजए यहूद के मज़बूत करने का सबब बन कर दुनिया व आख़िरत में रुसवाई कमाई। हमारे यहां भी ऐसे परवेज़ी हुक्मरान मौजूद हैं जो इस्राईल को तसलीम करने का ढोल गले में डाल कर वक़्तन फ़वक़्तन उसे पीटते रहते हैं। अल्लाह तआला इनके शर से पूरी उम्मत को महफ़ूज़ फ़रमाए।

इस सिलसिले में सबसे पहले और सबसे ऊपर उर्दुन के शाही ख़ानदान और इसके बाद फ़लस्तीन के मुजाहिदे आज़म जनाब यासिर अरफ़ात और उनके बाद मिस्री सदर अन्वर सादात का नाम आता है। यअ़नी एक (यासिर अरफ़ात) तो ख़ुद अलक़ुद्स में था, दूसरा

अलकुद्स की मश्रिकी सरहद (उर्दुन) पर और तीसरा उसके मग़रिबी सरहद (मिस्र) पर हुक्मरान था। उन्होंने अर्ज़े मुक़द्दस और उसके दाएं बाएं वाक़ेअ़ ख़ित्ते में दज्जाली मफ़ादात की हस्बे तौफ़ीक़ निगेहबानी की। ज़ेल में इन तीनों के कारनामे बयान किये जाते हैं। अव्वलुज़्ज़िक्र ख़ानदान के क़द्रे तफ़सील से और आख़िरी दो अफ़राद के इख़्तिसार के साथ।

(1) उर्दुन का शाही ख़ानदान

उर्दुन के मौजूदा शाही ख़ानदान ने तारीख़ के अहम तरीन मोड़ पर मुसलमानों से ग़द्दारी की। इसका आग़ाज़ ख़िलाफ़ते उस्मानिया के सुकूत से होता है। इस सिलसिले में पहले इस ख़ानदान के पहले ग़द्दार, शरीफ़े मक्का (गर्वनरे मक्का) और उसके बेटों को देखना होगा। बाद में हम इस ख़ानदान के हर फ़र्द को इंफ़िरादी हैसियत में देखेंगे।

शरीफ़े मक्का

दसवीं सदी के बाद से शरीफ़े मक्का की हैसियत मक्का मुकर्रमा के वाली के अलावा एक रूहानी पेशवा की सी होती थी और एक रिवायती मुआहदे के तहत इसका तअ़ल्लुक़ हमेशा बनी हाशिम से होता था। पहली जंगे अज़ीम से पहले जो शख़्सियत हिजाज़ के गर्वनर के तौर पर नामज़द थी यअ़नी उसका तअ़ल्लुक़ बनी हाशिम के क़बीले से था। उसका ख़िलाफ़ते उस्मानिया ने हिजाज़े मुक़द्दस की निगरानी सौंपी। काफ़ी अर्से से यह एक रिवायत थी कि अमीरे मक्का तक़र्रुरी मुतअद्दद उम्मीदवारों में से चुनाव के बाद की जाती थी। 1908 ई0 में यह ज़िम्मादारी हुसैन बिन अली को सौंपी गई, लेकिन उसने अपने आप को अपने सरपरस्त उस्मानी सलातीन के

काफ़ी हद तक ख़िलाफ़ पाया जब उसने इस बात की कोशिशें शुरू कीं कि उसके ख़ानदान को नस्ल दर नस्ल इमारत दी जाए। गवर्नरी के उहदे को अपने ख़ानदान में मुस्तकि़ल करवाने की ख़्वाहिश के एवज़ यह शख़्स अपना ईमान और मुसलमानों की अर्ज़े मुक़द्दस बैचने पर भी तैयार हो गया और ख़लीफ़तुल मुस्लिमीन से ग़द्दारी करते हुए अंग्रेज़ों का ऐजंट बनना क़बूल किया। उसने न सिर्फ़ हिजाज़ का ख़िलाफ़ते उस्मानिया से छीनने में मुआविन ख़ादिम का किर्दार अदा किया बल्कि अलक़ुद्स को यहूद के क़ब्ज़े में जाने और हिंदुस्तान की अंग्रेज़ से आज़ादी में भी रुकावट बना। हज़रत शैख़ुल हिंद रहि0 की "तहरीफ़े तहफ़्फ़ुज़े ख़िलाफ़त" और "तहरीके रेशमी रूमाल" की नाकामी और माल्टा में उनकी असीरी में उसी शख़्स ने मरकज़ी किर्दार अदा किया। इस तरह उस शख़्स के जराइम हिजाज़ से अलक़ुद्स तक यअ़नी हरमैन से हरमे क़ुद्सी तक और हिंदुस्तान से अफ़ग़ानिस्तान तक फैले हुए हैं। अपने इक़्तिदार की ख़ातिर उसने अरब व अजम के मुसलमानों के सर से सायए ख़िलाफ़त छीनने, उनकी तहरीके आज़ादी को कुचलने और अर्ज़े इस्लाम के क़ब्ज़ए यहूद में जाने देने से भी दरेग़ नहीं किया। यहां उस शख़्स की दासताने जूर व जफ़ा बयान करने से ग़र्ज़ यह है कि आज भी मिल्लते इस्लामिया का सबसे बड़ा मस्ला इसी क़िस्म के परवेज़ी हुक्मरान हैं जो खाते हमारा लेकिन गाते किसी और का हैं। हुक्मरानों की यह जरासीम ज़दा नस्ल अलक़ुद्स के गिर्द भी है और अलक़ुद्स के निगेहबान अफ़ग़ानिस्तान व पाकिस्तान के गिर्द भी। उनकी पहचान उन लोगों के लिये बहुत ज़रूरी है जो ख़ुरासान (अफ़ग़ानिस्तान, शिमाल मग़रिबी पाकिस्तान) से आने वाले काले

झंडों तले आख़िरी वक़्त के अज़ीम तरीन जिहाद में बिलवास्ता या बिला वास्ता शिर्कत के ख़्वाहिशमंद हैं।

उसका पूरा नाम हुसैन बिन अली था। यह 1854 ई0 में इसतन्बूल में पैदा हुआ। यह हिजाज़ में ख़िलाफ़ते उस्मानिया का मुक़र्रर कर्दा आख़िरी अमीर था और इसने यह ख़िताब (Title) 1908 ई0 से 1917 ई0 तक अपने पास रखा। शुरू में यह ख़िलाफ़ते उस्मानिया के मातहत और तुर्की का इत्तिहादी था और तुर्की के जर्मनी और आस्ट्रिया के साथ जंग में उनके साथ था, लेकिन अंग्रेज़ों की जानिब से यह अफ़वाह मौसूल होनी शुरू हुई कि जंग के इख़्तिताम पर उसे मअ़ज़ूल करके उसकी जगह कोई और अमीरें मक्का बन जाएगा तो उसने जाह परस्ती में मुब्तला होकर बग़ावत का आग़ाज़ कर दिया और अरब बग़ावत की बाक़ाएदा सरबराही की।

ख़िलाफ़ते उस्मानिया से बग़ावत में इस ख़ानदान का किर्दार

शरीफ़े मक्का ने बग़ावत का एलान तो कर दिया लेकिन बग़ावत की अस्ल जंग उसने अपने बेटों के ज़रीए लड़ी। बग़ावत के सिले में शरीफ़े मक्का से मिस्र के अंग्रेज़ कमिश्नर ने शाम के साहिली इलाक़े और अदन के अलावा बहरे अहमर का सारा साहिली इलाक़ा तोहफ़े के तौर पर देने का वादा किया। यह वादा "हुसैन मेकमोहन मुआहदा" (HUSSEIN MCMAHON CORRESPONDENCE) के नाम से मशहूर हुआ। इसका नतीजा यह निकला कि जून 1916 ई0 का महीना शुरू होते ही अरब बग़ावत का आग़ाज़ हुआ जो ख़िलाफ़ते उस्मानिया के इख़्तिताम तक

जारी रहा। इस बग़ावत का मक़्सद सिर्फ़ शरीफ़े मक्का का यह दिमाग़ी आरिज़ा और हवस थी कि अलेप्पो (ALEPPO) जो कि शाम का शिमाली ज़िला था, से लेकर यमन तक की अरब सरज़मीन उसकी बादहशाहत में आ जाए। उसका यह ख़्वाब तो कभी पूरा न हुआ, अलबत्ता वह मुसलमानों के लिये ऐसे मसाइल पैदा कर गया जिनका ज़ख़्म सदियों तक बहता रहेगा और उसकी क़ब्र को जहन्नम का गढ़ा बनाए रखेगा।

शरीफ़े मक्का का बेटा बाप से कम न था। उसके बेटे फ़ैसल अव्वल ने बदनाम ज़माना अंग्रेज़ जासूस T.E LAWRENCE जिसको "लारंस आफ़ अरबिया" भी कहा जाता है, की मदद से बग़ावत के लिये दरकार जंगी व अस्करी तैयारियां जारी रखीं। फ़ैसल, शरीफ़े मक्का का तीसरा बेटा था जो ताइफ़ में 1883 ई0 में पैदा हुआ था। 1913 ई0 में उसको ख़िलाफ़ते उस्मानियाप की तरफ़ से जद्दा शहर का "वाली" बनाया गया था। फ़ैसल ने अंग्रेज़ों के साथ बाक़ाएदा मिल कर ख़िलाफ़ते उस्मानिया से जंगें लड़ीं और बग़ावत को मुनज़्ज़म किया, अल्लामा इक़बाल ने भी अपनी शाएरी में उसकी ग़द्दारी का तज़किरा किया है।

अगर्चे यह शख़्स अपना तअ़ल्लुक़ हुज़ूर सल्ल0 के ख़ानदान से जोड़ता था, लेकिन उसके अंदर अस्ल जज़्बा अरब क़ौमियत और ज़ाती मफ़ाद का था न कि इस्लाम और उसकी सर बुलंदी का। और बात यह है कि इस्लाम में अमले सालेह के बग़ैर नसब को कोई एतिबार ही नहीं।

मक्का की जंग

बग़ावत का बाक़ाएदा आग़ाज़ मक्का से हुआ। जून 1916 ई0 के आग़ाज़ में उस्मान फ़ौज अपने सिपहसालार ग़ालिब पाशा (जोकि

हिजाज़ का गर्वनर था) के साथ ताइफ़ चली गई, जबकि मक्का शहर में सिर्फ़ और सिर्फ़ 1400 के क़रीब उस्मानी मुजाहिद गए थे। 10 जून की एक गर्म रात जब ज़्यादा तर फ़ौजी अपनी बैरकों में सो रहे थे, शरीफ़े मक्का ने अपने हाशिमा महल की खिड़की से फ़ायर किया। यह बग़ावत के आग़ाज़ का इशारा (Signal) था। उसके साथ 5000 और ग़द्दार भी थे। उन्होंने हरम की हुदूद के क़रीब मौजूद तीन क़िलों और जद्दा की सड़कों पर मौजूद क़िले JIRWALI BARRACICS पर हमला कर दिया।

इस अचानक हमले की वजह से उस वक़्त के तुर्क कमांडिंग आफ़िसर को बग़ावत का पता ही न चल सका। शरीफ़े मक्का और उस्मानी फ़ौज के झंडे एक ही रंग के थे और तुर्क कमांडर को इसका फ़र्क़ नहीं दिखाई दे रहा था। जब उसने शरीफ़े मक्का को फ़ोन किया तो उसे बताया गया कि हथियार डाल दो लेकिन उसने साफ़ इंकार कर दिया।

शरीफ़े मक्का की अफ़वाज ने बाद में पेशक़दमी करके सफ़ा की पहाड़ी के क़रीब और मस्जिदे हराम के बराबर जबले अबू क़ुबैस पर क़ाइम "तुर्की क़िले" पर क़ब्ज़ा कर लिया। आज कल इस क़िला की जगह इंतिहाई बुलंद व बाला इमारत तअ़मीर की जा रही है जबकि बैतुल्लाह के गिर्द फ़लक बोस इमारतों की तअ़मीर क़यामत की निशानियों में से एक निशानी है। बग़ावत के तीसरे दिन "हमीदा" (HAMIDA) जो कि उस्मानी हुकूमत का दफ़्तर था, पर भी क़ब्ज़ा करके नाइब गर्वनर (DEPUTY GOVERNOR) को गिरफ़्तार कर लिया गया। अब दोबारा बाक़ी अफ़वाज को हथियार डालने को कहा गया तो लेकिन उन्होंने उस वक़्त भी इंकार कर दिया।

इस पर अंग्रेज़ कमांडर "SIR REGINAL WINGATE"

ने दोगूला बर्दार ब्रीगेड जद्दा शहर के रास्ते भेजी जिसमें वह मिस्री आफ़िसर भी शामिल थे जिनको इस मक़्सद के लिये ख़ास तौर पर तरबियत दी गई थी। इन ग़द्दारों ने तुर्क क़िलों की दीवारें तोड़ दीं और उनके मुहाफ़िज़ों को शहीद कर दिया। आख़िरकार 4 जूलाई 1916 ई0 को मक्का को उस्मानी फ़ौज से ख़ाली करवा लिया गया जबकि जद्दा की सड़क पर वाक़ेअ़ JIRWALL BARRACKS आग लगने की वजह से ज़मीन में बोस हो गया और वहां तुर्क फ़ौज की सख़्त मज़ाहमत को ख़त्म कर दिया गया। इस सिलसिले का एक अफ़सोसनाक पहलू यह है कि बहुत से मुसलमान हिंदुस्तानी फ़ौजियों ने भी अंग्रेज़ की इताअत करते हुए शरीफ़े मक्का के साथ मिल कर ख़िलाफ़ते उस्मानिया से बग़ावत में हिस्सा लिया। मसलन ख़ूशाब के एक गांव में ख़ंजर ख़ान रहता था, जिसके बारे में लोगों से मालूम हुआ कि उसने भी इस वक़्त ख़ाना कअ़बा पर गोली चलाई थी। वह उस वक़्त अंग्रेज़ों की Mercinnary (किराए की फ़ौज) में शामिल था।. उसके साथ और हिंदू आफ़िसर भी थे, लेकिन उन्होंने गोली चलाने की बजाए मैदान छोड़ने को तरजीह दी जबकि उस "ग़ैरतमंद" के साथ और भी मुसलमान फ़ौजियों ने शरीफ़े मक्का की मदद की और हरम पर गोला बारी में बाज़ाब्ता हिस्सा लिया। जिसकी तनख़्वाह उसको सौलह रूपये माहवार मिलती थी।

मुहासिरए मदीना

अरब बग़ावत का सबसे ज़्यादा अलमनाक और दिलसोज़ वाक़िआ मदीना मुनव्वरा की जंग थी। मदीना मुनव्वरा के एक तरफ़ तो पहाड़ है जबकि उस पर बक़िया तीन तरफ़ से शरीफ़ हुसैन के तीन बेटों की सरकर्दगी में हमला किया गया।

- मश्रिक़ की जानिब से अब्दुल्लाह बिन हुसैन की फ़ौज थी।

- जुनूब की जानिब से अली बिन हुसैन की फ़ौज थी।

- जबकि शिमाल की जानिब से फ़ैसल बिन हुसैन की अफ़वाज थीं।

इनके साथ अंग्रेज़ और फ़्रांसीसी आफ़िसरों के दस्ते भी थे जो तकनीकी मुशाविरनत के लिये मौजूद थे। इनमें लारंस आफ़ अरबिया नामी बदनाम ज़माना जासूस भी शामिल था।

मुहासिरए मदीना 1916 ई0 में शुरू हुआ जबकि 1919 ई0 के अवाइल तक जारी रहा। इसकी एक वजह तो उस्मानी मुजाहिदीन की ज़बरदस्त मज़ाहमत थी, दूसरी वजह यह थी कि अंग्रेज़ ने शरीफ़े मक्का को मदीना में दाख़िल होने से मना कर दिया था, क्योंकि मुसलमानों ख़ुसूसन हिंदुस्तान में अंग्रेज़ के ख़िलाफ़ तहरीके ख़िलाफ़त शुरू हो चुकी थी। इसके अलावा इस तरह से शरीफ़े मक्का के बारे में मन्फ़ी तस्वीरकशी से भी इज्तिनाब किया गया। इसके बजाए फ़िरंगी दज्जाल ने हिजाज़ रेलवे लाइन (Trans-Hejaz Railway Line) के ज़रीए कार्रवाइयां कीं और इसको बार बार उड़ाया गया। जब तुर्क अफ़वाज इसकी मरम्मत के लिये आतीं तो उन पर हमला किया जाता। इस लाइन के दिफ़ाअ़ और तअ़मीर में बहुत बड़ी तादाद में तुर्क फ़ौजी शहीद या गिरफ़्तार हुए।

मदीना शहर का दिफ़ाअ़ मशहूर उस्मानी सिपहसालार फ़ख़्री पाशा (Fakhri Pasha) के ज़ेरे निगरानी था। यह ऐसा ग़ैरत मंद शख़्स था कि उसने जंगे अज़ीम अव्वल के इख़्तिताम पर भी हथियार नहीं डाले। आख़िर में जब उस्मानी ख़लीफ़ा ने बहुत इसरार किया तो बड़ी मुश्किलों से उसने हथियार डाले।

उसकी दासतान इंतिहाई ईमान अफ़रोज़ है। जब 30 अक्तूबर 1918 ई0 में तुर्की और अंग्रेज़ अफ़वाज के दर्मियान "मदरूस का

मुआहदा" तय पाया गया तो उसे हथियार डालने का कहा गया, लेकिन उसने मुआहदे को तसलीम करने से इंकार कर दिया। यह शख़्स इंतिहाई दिलैर और साहिबे ईमान था। मदीना मुनव्वरा के बासी उसकी बहादुरी और हुस्ने इंतेज़ाम की बिना पर उसे बहुत पसंद करते थे।

एक तुर्क मुसन्निफ़ लिखता है:

"एक मर्तबा 1918 ई0 के मौसमे बहार में जुमा के दिन फ़ख़्री पाशा मस्जिदे नबवी में नमाज़ की इमामत से पहले खुत्बा देने के लिये मिंबर की सीढ़ियों पर चढ़ने लगा तो आधे ही रास्ते में रुक गया और अपना चेहरा हुज़ूर अक़्दर सल्ल0 के रोज़े की तरफ़ करते हुए बुलंद आवाज़ में कहने लगा:

"ऐ अल्लाह के रसूल! मैं आपको कभी नहीं छोडूंगा।"

इसके बाद उसने नमाज़ियों और मुजाहिदीन से वलवला अंगेज़ ख़िताब किया:

"मुसलमानो! मैं तुमसे हुज़ूर सल्ल0 का नाम लेकर जिहाद की अपील करता हूं जो इस वक़्त मेरे गवाह भी हैं। मैं तुम्हें यह हुक्म देता हूं कि दुशमन की ताक़त की परवा न करते हुए उनका (हुज़ूर सल्ल0) और उनके शहर का आख़िरी गोली तक दिफ़ाअ़ करो। अल्लाह तआला हमारा हामी व नासिर हो और हुज़ूर सल्ल0 की बरकत हमारे साथ हो।

तुर्क अफ़वाज के बहादुर अफ़सरो! ऐ झूटे मुहम्मदियो! आगे बढ़ो और मेरे साथ मिल कर अल्लाह और उसके रसूल के सामने वादा करो कि हम अपने ईमान की हिफ़ाज़त अपनी ज़िंदगियां लुटा कर करेंगे।"

इसके बाद फ़ख़्री पाशा ने कहा कि उसे ख़्वाब में हुज़ूर सल्ल0

की ज़ियारत नसीब हुई थी और हुज़ूर सल्ल0 ने उसको हुक्म दिया था कि वह अभी हथियार न डाले।

अगस्त के महीने 1918 ई0 में जब उसे शरीफ़े मक्का की तरफ़ से टेलीफ़ोन पर हथियार डालने को कहा गया तो उसने जवाब दिया वह उस्मानी अफ़वाज के कमांडरों की जराअते ईमानी और अल्लाह व रसूल सल्ल0 से शदीद मुहब्बत का आईनए दार है। उसने लिखाः

"फ़ख़री पाशा की तरफ़ से जो उस्मानी अफ़वाज का सिपहसालार और सबसे मुक़द्दस शहर मदीना का मुहाफ़िज़ और हुज़ूर सल्ल0 का अदना गुलाम है। उस अल्लाह के नाम से जो हर जगह मौजूद है। क्या मैं उसके सामने हथियार डालूं जिसने इस्लाम की ताक़त को तोड़ा, मुसलमानों के दर्मियान ख़ूरेज़ी की और अमीरुल मोमिनीन की ख़िलाफ़त पर ख़तरे का सवालिया निशान डाला और खुद को अंग्रेज़ के मातहत किया।

जुमेरात की रात 14 ज़िल हिज्जा को मैंने ख़्वाब में देखा कि मैं थका हुा पैदल चल रहा था, इस ख़्याल में कि किस तरह मदीना का दिफ़ाअ़ किया जाए? अचानक मैंने एक जगह पर अपने आप को नामालूम अफ़राद के दर्मियान पाया जो कि काम कर रहे थे। फिर उनमें से एक बुर्ज़ुग शख़्सियत को देखा......वह हुज़ूर सल्ल0 थे। उन पर अल्लाह तआला की रहमत हो। उन्होंने अपना बायां हाथ मेरी पीठ पर रखा और मुझ से तहफ़्फ़ुज़ का एहसास दिलाने वाले अंदाज़ में कहाः "मेरे साथ चलो।" मैं उनके साथ तीन चार क़दमों तक चला और फिर बेदार हो गया। मैं फ़ौरन मस्जिदे नबवी गया और (उनके रोज़े के करीब) अपने रब के हुज़ूर सज्दे में गिर पड़ा और अल्लाह का शुक्र अदा किया।

अब मैं हुज़ूर सल्ल0 की पनाह में हूं जो मेरे सिपहसालारे आला

हैं। मैं मदीना की इमारतों, सड़कों और उसकी हुदूद के दिफ़ाअ में दिल व जान से मसरूफ़ हूं। अब मुझे इन बेबार पेशकशों से तंग न करो।"

फ़ख़्री पाशा ने ख़िलाफ़ते उस्मानिया के वज़ीरे जंग के बाज़ाब्ता हुक्म को जिसमें हथियार डालने कहा गया था, भी नज़र अंदाज़ कर दिया। इस पर उस्मानी हुकूमत बड़ी परेशान हुई और सुलतान मुहम्मद (शशम) ने उसको इस उहदे से बरतरफ़ कर दिया। फ़ख़्री पाशा ने इस पर भी हथियार डालने से इंकार कर दिया और जंग ख़त्म होने के 70 दिन बाद तक भी सुलतान का झंडा उठाए रखा। उस पर हर तरफ़ से दबाव पड़ रहा था लेकिन वह अपने अज़्म और अहद पर क़ाइम था।

बिलआख़िर उस्मानी ख़लीफ़ा की मन्नत समाजत के बाद उसने 9 जनवरी 1999 ई० को BIR DARWUSG के मक़ाम पर 456 आफ़िसरों और 9,364 जवानों के साथ न चाहते हुए हथियार सिर्पुद कर दिये। इसके बाद ही 2 फ़रवरी 1919 ई० को शरीफ़ हुसैन के ईमान फ़रोश लड़के अब्दुल्लाह और अली शहर में दाख़िल हो सके।

फ़ख़्री पाशा को गिरफ्तार कर लिया गया और उसने माल्टा में 1921 ई० तक असीरी के अय्याम गुज़ारे। उस्मानी ख़ुलफ़ा के नज़दीक उसकी सलाहियतों पर एतिमाद उसके जज़्बए जिहाद का अंदाज़ा इस बात से होता है कि 1921 ई० में जब उसे रिहाई मिली तो उसने तुर्क अफ़वाज के साथ मिलकर यूनान के ख़िलाफ़ जिहाद किया और अनातूलिया में फ़्रांसीसी और यूनानी अफ़वाज के ख़िलाफ़ दादे शुजाअत दी। जंगे आज़ादी के बाद उसने काबुल में बहैसियत तुर्क सफ़ीर फ़राइज़ अंजाम दिये और बाद में 1936 ई० में उसे एज़ाज़ देकर रिटायर कर दिया गया। इस मर्दे मुजाहिद का इंतेक़ाल

1948 ई0 में हुआ।

बाग़ी से बग़ावत

बाग़ी ही सबसे पहले बग़ावत का शिकार होता है। आइये! अब हम इन ग़द्दारों का अंजाम देखते हैं, जिन्होंने हरमैन शरीफ़ैन को ख़िलाफ़ते उस्मानिया के साए से अलग करने की साज़िश की। अरब बग़ावत के बाद जो सबसे ख़तरनाक और तौहीन आमेज़ चीज़ सामने आई वह थी "एलान बिलफ़ौर"। अह्द शिकन और यहूद नवाज़ अंग्रेज़ों की तरफ़ से 1916 ई0 में शरीफ़ हुसैन के ग़द्दार ख़ानदान से वादा किया गया था कि उसे सारी सरज़मीने अरब दी जाएगी, सिवाए चंद इलाक़ों के, तो दूसरी तरफ़ यहूदियों को फ़लस्तीन में "क़ौमी घर" देने का वादा 2 नवम्बर 1917 ई0 में किया गया, हालांकि 1916 ई0 के शुरू में ग़द्दारे मक्का से किया जा चुका था।

सितम ज़रीफ़ी और ग़दर दरग़दर मुलाहज़ा फ़रमाइये कि इसके कुछ ही अर्से बाद "SYKES PICOT" नामी मुआहदा मंज़रे आम पर आया। मुआहदए फ़्रांस और बर्तानिया के दर्मियान पहली जंगे अज़ीम मई 1916 ई0 के दौरान तै पाया था। इसमें रूसी हुकूमत का इक़रार भी शामिल था। मुआहदे के तहत अगर यह जंग इत्तिहादियों ने जीती तो शाम और लबनान फ़्रांस जबकि बाक़ी अरब इलाक़े बर्तानिया और अतातूलिया के रहम व करम पर छोड़ जाएंगे। यह मुआहदा अंग्रेज़ नुमाईंदे MARK SYKES और फ़्रांस के दर्मियान किया गया था।

रूस में बिल शवीक इंक़िलाब के बाद फ़्रांस और बर्तानिया ने रूस का हिस्सा कर दिया और अनातूलिया को अपने लिये मख़्सूस कर लिया। बाद में रूसी हुकूमत ने उसे 26 नवम्बर 1917 ई0 को एलान बिलफ़ौर के सिर्फ़ तीन हफ़्ते बाद मंज़रे आम पर लाया।

इसकी वजह से इत्तिहादियों को बहुत ज़्यादा शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। 1916 ई0 मई और जून में ही शरीफ़ हुसैन से वादा किया गया, जबकि इसी महीने फ़्रांस से मुआहदा हुआ और फिर 2 नवम्बर 1917 ई0 को अर्ज़े फ़लस्तीन यहूद को भी देने के वादे किये गये। एक मुआहदे की सियाही खुश्क होने से पहले उससे मुतज़ाद दूसरा मुआहदा। यह है अंग्रेज़ का दोग़लापन। इसके नतीजे में अरब और सहीवनियों में बहुत ज़्यादा तशवीश पैदा हुई। शरीफ़ हुसैन के तो पैरों तले से ज़मीन निकल गई।

फ़ैसल वाइज़ मैन मुआहदा

फ़ैसल बिन हुसैन ने बढ़ चढ़ कर शाम और फ़लस्तीन में यहूद नवाज़ अंग्रेज़ से वफ़ादारी दिखाई और अर्ज़े मुक़द्दस के दुशमनों का भरपूर साथ दिया। बाद में दमिश्क़ और शाम की फ़तह के बाद उसने अपने आप को अरब मुमालिक का नुमाइंदा बना लिया। और 1919 ई0 में पैरिस1 "अमन कांफ्रेंस" में अरब वफ़्द की नुमाइंदगी की जिसमें उसने अंग्रेज़ों को "आज़ाद अरब इमारात" का वादा याद दिलाया। लेकिन नतीजा उल्टा निकला।

"SYKES PICOT" के बाद सहीवनियों को अरबों से यहूदी नक़्ल मकानी का इक़रारनामा चाहिये था ताकि एलान बिलफ़ौर पर अमल दरआमद हो सके। इस सिलसिले में अरबों के बारे में सहीवनी रहनुमा डाक्टर वाइज़ मैन कहता था: "अरब मक्कार, लालची, बदतमीज़ और जाहिल हैं।" और अंग्रेज़ के सामने अपने खुतूत में वावेला किया: "अंग्रेज़ ने अरब और यहूद में बुन्यादी फ़र्क़ को मद्दे नज़र नहीं रखा।"

जबकि अंग्रेज़ ने फ़ैसल को यह पट्टी पढ़ाई कि यहूद को अपना इत्तिहादी बनाओ, बजाए इसके कि "ताक़तवर, आलमी और

दबने वाले यहूदी" को अपना मुख़ालिफ़ बनाओ। यहूद नवाज़ अंग्रेज़ के झांसे में आ जाने के बाद फ़ैसल बिन हुसैन ने सहीवनी रहनुमाओं से मुआहदा कर लिया। उसे "फ़ैसल वाइज़ मैन मुआहदा" कहा जाता है। इस मुआहदे के तहत फ़ैसल ने तारीख़ी ग़लती करते हुए बड़े पैमाने पर यहूदी नक़्ल मकानी की इजाज़त दे दी, जबकि उसने बदले में यहूदियों से "वसीअ़ अरब क़ौम की तरक़्क़ी" के सिलसिले में यहूदी मुआविनत मांगी। कैसी अजीब बात थी? एक तरफ़ वह सरज़मीन अलकुद्स में यूहदी आबादकारी की राह हमवार कर रहा था और दूसरी तरफ़ अरब क़ौम की तरक़्क़ी की ख़्वाहिश रखता था।

दानिशमंदाना मुआहदे की अहमक़ाना शिर्कें

इस मुआहदे की चंद शिर्कें यह थीं:

1-मुसलमानों और यहूदियों के दर्मियान तअ़ल्लुक़ात बेहतर बनाए जाएंगे और बड़े पैमाने पर यहूदी नक़्ल मकानी में मदद की जाएगी, जबकि मुस्लिम इबादत के इलाक़े मुसलमानों के ज़ेरे निगरानी होंगे। अरब किसानों और दीगर बाशिंदों के हुक़ूक़ का भी ख़्याल रखा जाएगा।

2-सहीवनी तहरीक अरब रियासतों के मअ़दनी वसाइल और उनकी मईशत के क़्याम के लिये मदद करेगी। (सुब्हानल्लाह! इबलीसी सियासत तो देखिये कि अरब मुसलमानों की सरज़मीन क़ब्ज़ा करके उल्टा एहसान चढ़ाया जा रहा है!!)

3-हिजाज़ का बादशाह (KINGDOM OF HEJAZ) एलाने बिलफ़ौर की तौसीक़ करेगा ताकि फलस्तीन में यहूदी "कौमी घर" बनाया जा सके।

4-तमाम झगड़े सालिसी के लिये अंग्रेज़ हुकूमत के सामने पेश किये जाएंगे।

फ़ैसल ने मुआहदे के आख़िर में अपने हाथों से लिखाः

"अगर अरबों को आज़ादी मिल जाती है, मैं ऊपर दी गई तमाम शराइत को तसलीम करता हूं, लेकिन अगर इनमें ज़र्रा बराबर भी तबदीली की गई तो मैं इनमें से एक हर्फ़ का भी पाबंद नहीं हुंगा और मेरी इस सिलसिले में कोई ज़िम्मादारी नहीं होगी।"

सवाल यह पैदा होता है कि वह अरबों के लिये कौनसी आज़ादी चाहता था? किससे आज़ादी चाहता था? जब यहूद को एक मर्तबा नक़्ल मकानी और फ़लस्तीन में बसने की इजाज़त दे दी गई तो इसके बाद अरबों की आज़ादी का क्या इम्कान रह जाता है? नीज़ यह कि एक मर्तबा यहूदियों के पांव जम जाने के बाद उसकी तरफ़ से पाबंदी तस्लीम न करने से यहूदियों का क्या बिगड़ सकता था?

अब अगर ग़ौर किया जाए तो इस मुआहदे से अंग्रेज़ ने भी अपना मक़्सद पूरा किया, यहूदियों ने भी उसकी ग़द्दारी के बलबूते अपना मक़्सद पूरा किया, लेकिन उस बदनसीब ने दज्जाल और उसकी रियासत के लिये सब कुछ पेश कर दिया और उसे कुछ हासिल न हो सका। आज अंग्रेज़ भी है, यहूदी भी हैं, लेकिन फ़ैसल का नाम लेने वाला कोई नहीं।

अंग्रेज़ ने अपना मक़्सद अरब मुमालिक को टुक्ड़े टुक्ड़े करके पूरा किया, यहूद ने अपना मक़्सद फ़लस्तीन में एक यहूदी रियासत क़ाइम करके हासिल किया, जबकि उस अक़्लमंद के इस मुआहदे की वजह से यहूद की नक़्ल मकानी को जवाज़ मिला और एलान बिलफ़ौर की तन्फ़ीज़ का रास्ता साफ़ हुआ। बदले में उसे दुनिया व आख़िरत की रुसवाई के सिवा कुछ हाथ न आया।

ग़द्दारों का अंजाम

आइये अब देखते हैं कि मुसलमानों से इतनी बड़ी ग़द्दारी करने

वाले शख़्स और ख़ानदान का अंजाम क्या हुआ?

फ़ैसल बिन हुसैन

सबसे पहले फ़ैसल बिन हुसैन का हश्र देखते हैं। फ़ैसल न मदीना के मुहासिरे में अहम किर्दार अदा किया था जबकि लांस आफ़ अरबिया (T.F LAWRENCE) के साथ मिल कर सुकूते शाम और सुकूते दमिश्क़ में भी उसने कलीदी किर्दार अदा किया। जब शाम को अरब हुकूमत का हिस्सा बनाया गया तो उसकी ख़ुशी की इंतिहा न थी और यह ख़ुश व ख़ुर्रम होकर मम्लिकत हिजाज़ का नुमाइंदा बन कर पैरिस की अमन कान्फ़्रेंस में शिर्कत के लिये गया। वहां उसने बड़े फ़ख़्र व इतमीनान के साथ सहीवनी रहनुमाओं के साथ मुआहदा कर लिया। अब देखते हैं उसके साथ तमाशा क्या हुआ?

7 मार्च 1920 ई० को शाम की क़ौमी कांग्रेस ने उसे अपना बादशाह बनाने का एलान किया, जबकि अगले ही महीने "SAN ROMEO" की कान्फ़्रेंस में "SYKES PICOT" मुआहदे के तहत अरब सरज़मीन का बटवारा कर दिया गया। शाम और लबनान फ़्रांस के पास चले गए जबकि इराक़, उर्दुन, कुवैत और फ़लस्तीन बर्तानिया के हिस्से में आ गए।

जब शाम फ़्रांस के पास गया तो वह फ़ैसल को क्यों ताज पहनाता? वही फ़्रांसीसी अफ़्वाज जिनकी सरबराही करते हुए फ़ैसल ने ख़िलाफ़ते उस्मानिया के ख़िलाफ़ बग़ावत की थी, आज उसके ख़िलाफ़ खड़ी थीं और 24 जूलाई 1920 ई० को मैसूलियन की जंग में फ़्रांसीसी अफ़्वाज से उसको ज़बरदस्त शिकस्त का सामना करना पड़ा। मुश्किल के इस वक़्त में उसके अपने सगे भाई अब्दुल्लाह बिन हुसैन ने भी उसको छोड़ दिया, क्योंकि उसको भी विन्सटन चर्चिल ने

जतला दिया था कि फ्रांस के ख़िलाफ़ जंग महंगी पड़ेगी और बर्तानिया इस चक्कर में नहीं पड़ना चाहता। चाए की दावत में अब्दुल्लाह को ऐसी पट्टी पढ़ाई गई कि वह अपने भाई को छोड़ छाड़ कर अलग हो गया। मायूसी के इस दौर में फ़ैसल को फ्रांसीसी हुकूमत ने शाम से मुल्के बदर कर दिया और अगस्त 1920 ई० में वह बर्तानिया चला गया। अफ़सोसनाक यह है कि उस वक़्त भी उसे न ग़ैरत आई और न दुशमन को पहचानने की तौफ़ीक़ नसीब हो सकी। इतना ज़बरदस्त धोका खाने के बाद भी वह दग़ाबाज़ दोस्त के दर पे जा बैठा। अंग्रेज़ को भी अपने वफ़ादार अहमक़ को देखकर तरस आ गया और 1921 ई० के अवाख़िर में उसे एक राए शुमारी के ज़रीए इराक़ का बादशाह बना दिया गया। इधर फ़लस्तीन को उर्दुन से अलग कर दिया गया और यहां अब्दुल्लाह बिन हुसैन को बादशाह बना दिया गया। इस तरह से अंग्रेज़ की तरफ़ से अरब सरज़मीन के बटवारे का मुआमला खुश उस्लूबी से तै पा गया। मुस्लिम ताक़त तक़सीम हो गई और दज्जाल की नुमाइंदा यहूदी रियासत मुस्तहकम होती चली गई।

यह तो छोटे मियां का अंजाम था, अब ज़रा बड़े मियां शरीफ़ हुसैन का मुआमला देखते हैं। 1917 ई० ही में उसने अपने आप को "शाहे हिजाज़" कहलाना शुरू कर दिया था। बाद में अपने आप को "मलिकु बिलादिल अरब" (सरज़मीने अरब का बादशाह) का ख़िताब भी दिया जिसकी वजह से आले सऊद के साथ उसके इख़्तिलाफ़ात बढ़ना शुरू हो गए।

उसका सबसे पहला ख़्वाब उस वक़्त पाश पाश हो गया जब "अज़ीम अरब इमारत" के तसव्वुर को SAN ROMEO कान्फ्रेंस में मल्यामेट कर दिया गया। अरब मुसलमान जो पहले ख़िलाफ़त के

साए तले मुअ़ज़्ज़ज़ और मुनज़्ज़म थे, अब अंग्रेज़ की बंदूक़ की नाल पर मैनडेट (MANDATE) के सिस्टम के तहत फ़्रांस और बर्तानिया के नीचे दब कर रह गए।

इसके बावजूद भी उसकी हवस व लालच में कमी नहीं आई और ख़िलाफ़ते उस्मानिया और ख़िलाफ़त के इदारे (Institution) के ख़त्म होने के सिर्फ़ दो दिन के बाद (तुर्की की क़ौमी असम्बली ने 1 मार्च 1924 ई० को उसके ख़ातमे की क़रारदाद की तौसीक़ की थी) 3 मार्च 1924 ई० को शरीफ़े मक्का ने अपनी ख़िलाफ़त का एलान कर दिया, लेकिन अंग्रेज़ों ने उसकी नामं निहाद ख़िलाफ़त को भी बर्दाश्त न किया और उसके मुक़ाबले में आले सऊद को ले आए। कुछ ही अर्से बाद यह बैतुल्लाह शरीफ़ की ख़िदमत से महरूम कर दिया गया और आले सऊद के पास बैतुल्लाह और मदीना मुनव्वरा नीज़ हिजाज़ का ज़्यादातर इलाक़ा आ गया। अगर्चे अंग्रेज़ ने इस बदनसीब को "हुसैन मेकमोहन मुआहदा" (HUSSEIN - MCMOHAN COREES PONDENCE) में मदद की यक़ीन दिहानी करवाई थी लेकिन मतलब निकलने के बाद उसे अकेला छोड़ दिया। उसने जिस तरह ख़िलाफ़ते उस्मानिया को धोका दिया था उसी तरह बल्कि उससे भी बढ़ कर अंग्रेज़ ने उससे फ़रेब किया। बिलआख़िर "शाह हिजाज़" व "मलिके बिलादुल अरब" ने ख़लीफ़ा के अलावा तमाम ख़िताबात अपने बेटे अली बिन हुसैन को दे दिये और ख़ुद क़बरस के रास्ते फ़रार होने पर मजबूर हुआ। उसने ज़िंदगी के आख़िरी अय्याम कसमपुर्सी के आलम में अपने बेटे अब्दुल्लाह के पास उसके टुकड़ों पर गुज़ारे जिसे इस्राईल का पड़ोस महफ़ूज़ करने के लिये उर्दुन का बादशाह बनाया गया था। उसका दिमाग़ी फ़ुतूर देखिये कि उसने ख़लीफ़ा का ख़िताब अपने पास अपनी

मौत 4 जून 1931 ई0 तक रखा जबकि यह ख़ुद बेटे के पास पनाह गुज़ीन हो चुका था।

हिजाज़ पर आले सऊद के तसल्लुत के बाद अली बिन हुसैन ने दोबारा हिजाज़े मुक़द्दस को लेने की कोशिश की, लेकिन उसको भी नामुराद होकर भागना पड़ा। बिलआख़िर ख़िलाफ़ते उस्मानिया से हिजाज़ छिनवाने वाले इस ख़ानदान को हिजाज़ की ज़मीन नसीब न हुई। उन्हें उर्दुन भागना पड़ा और हिजाज़ में आले सऊद को ला बिठाया गया।

अब्दुल्लाह बिन हुसैन

अब्दुल्लाह बिन हुसैन 1882 ई0 में पैदा हुआ था। उसको अरब बग़ावत और अंग्रेज़ सरकार की ताबेदारी पर उर्दुन की मम्लिकत से नवाज़ा गया और 25 मई 1923 ई0 को उसने आज़ादी का एलान कर दिया। किस से आज़ादी? यह सोचने की बात है। क्या इस ख़िलाफ़ते उस्मानिया से जो पूरे आलमे अरब, पूरे आलमे इस्लाम की मुहाफ़िज़ व सरपरस्त थी।

अब्दुल्लाह बिन हुसैन वह बदनाम हुक्मरान था जिसका मग़रिब के साथ रवय्या शुरू से दोस्ताना था और वह एक मार्डन शख़्स समझा जाता था। कहा जाता है कि ख़ुद अब्दुल्लाह का विज़न भी एक अज़ीम मम्लिकत का था जिसकी हुदूद उर्दुन, शाम, लबनान और फ़लस्तीन हो। यह सारा इलाक़ा मम्लिकते हाशमिया का हिस्सा हो और इसका दारुल ख़िलाफ़ा दमिश्क़ हो। यही वजह है कि बहुत से अरब रहनुमा भी उस पर एतिबार करते थे क्योंकि वह दुश्मन के नर्ग़े में रहते हुए भी उससे दोस्ती रखे हुए था। इसके बदले में यह भी दीगर अरबों पर एतिबार नहीं करता था।

1946-1947 ई0 के दौरान जब फ़लस्तीन यहूदियों को दिया जा

रहा था, अब्दुल्लाह की कोई नियत नहीं थी कि फ़लस्तीन की तक़सीम को रोका जाए या उसके ख़िलाफ़ रुकावटें खड़ी की जाएं। एक मुअर्रिख़ EUGENE L ROGAN ने लिखा है कि अब्दुल्लाह दरअसल तक़सीमे फ़लस्तीन की हिमायत करता था ताकि अंग्रेज़ के ज़ेरे निगरानी बचा खुचा हिस्सा उर्दुन के साथ शामिल कर दिया जाए। उसके मुताबिक़ अब्दुल्लाह इस हद तक आगे बढ़ गया था कि उसने यहूदी वफ़ूद से भी मुलाक़ातें कीं (इस्राईल की मुस्तक़बिल की वज़ीरे आज़म गोल्डा मियर इन वफ़ूद में शामिल थी) ताकि अलग से एक समझौता तै किया जा सके।

कुछ मुअर्रिख़ यह कहते हैं कि मुलाक़ातें उस वक़्त तक के लिये अमन व अमान के क़्याम को मुम्किन बनाने के लिये की गई थीं जब तक अक़वामे मुत्तहिदा खुद उस इलाक़े के सेक्यूरिटी के फ़राइज़ न संभाल ले। इससे समझा जा सकता है कि उस शख़्स ने फ़लस्तीनी मुसलमानों से ग़द्दारी और यहूद की चापलूसी में किस हद तक गिरना पसंद कर लिया था।

अब्दुल्लाह के करतूत देखकर कहा जा सकता है कि अगर "रुकावट बन कर उसे परेशान न करती तो वह इस्राईल के साथ वाक़ई समझौता कर लेता। 1948 ई० के अवाइल तक अरब मुमालिक ने उस पर ज़ोर डाला कि वह उनके साथ "कुल अरब अस्करी मुदाफ़िअ़त फ़लस्तीन" में हिस्सा ले और इस्राईल के ख़िलाफ़ जंग लड़े। उसने इस मौक़ा को ग़नीमत जानते हुए अपनी गिरती हुई साख़ (जो मग़रिबी और यहूदी सरबराहों से बेपनाह दोस्ती की वजह से अरबों में ख़राब होती चली जा रही थी) बचाने के लिये आमादगी ज़ाहिर कर दी।

उसने सोचा कि इस जंग में अगर वह अपने आप को अरब

अफ़वाज का सिपहसालार कहलवाने में कामियाब हो जाता है तो उसका वक़ार बहाल हो सकता है, लेकिन उसने इस चक्कर में सबसे ख़तरनाक चाल चली। एक अच्छी भली "मुस्लिम यहूदी जंग" को उसने अरब क़ौमियत की तहरीक की शक्ल में पेश करके उसे "अरब इस्राईल जंग" में तबदील कर दिया। बाद में उसकी सिपहसालारी की ख़्वाहिश अरब लीग ने मुस्तरद की।

लेकिन यहां भी उसने "वफ़ादार एजंट" होने का सबूत दिया। दौराने जंग उसकी अफ़वाज ने सिर्फ़ उन इलाक़ों तक पेशक़दमी की जो फ़लस्तीनी मुसलमानों के लिये मख़्सूस कर दिया गया था और जो इलाक़ा यहूदियों को दिया गया था, उस पर उसने एक गोली भी न चलाई। इस जंग के आख़िर में सिर्फ़ मिस्र की फ़ौजें आगे बढ़ती जा रही थीं जबकि बाक़ी तमाम अरब अफ़वाज बशमूले उर्दुनी अफ़वाज के पीछे हटती चली गईं। ख़ास तौर से उर्दुन ने आगे बढ़ने की कोई ख़ास कोशिशी की ही नहीं, जबकि मिस्री अफ़वाज भी भारी जानी नुक़सान की क़ीमत पर आगे बढ़ रही थीं।

इस सब कुछ के बावजूद अब्दुल्लाह का अंजाम भी किसी ग़द्दार के इबरतनाक अंजाम से कम न था। जब लबनान के वज़ीरे आज़म RIAD BEH AL-SOLH को गोली मारकर हलाक कर दिया गया तो अम्मान में यह अफ़वाहें गर्दिश करने लगीं कि लबनान और उर्दुन इस्राईल से मुआहदा कर रहे हैं। इस पर जब अब्दुल्लाह 20 जूलाई 1951 ई० को मस्जिदे अक़्सा में जुमा की नमाज़ के लिये पहुंचा तो एक फ़लस्तीनी मुसलमान मुस्तफ़ा शौकी जिसका तअ़ल्लुक़ हुसैनी क़बीले से था, ने उसे गोलियों से भून डाला।

अब्दुल्लाह उस वक़्त चट्टान वाले गुंबद (क़ब्तुल सुख़्रा) में नमाज़े जुमा पढ़ रहा था कि उसके सीने और खोपड़ी में तीन गोलियां

दाग़ी गईं। इत्तिफ़ाक़ की बात है कि उसका पोता हुसैन बिन तलाल भी वहां मौजूद था। उसने क़ातिल का पीछा करने की कोशिश की तो उसके सीने पर भी गोली दाग़ी गई। उसने यहां आने से पहले एक तमग़ा (MEDAL) पहना था जिसकी वजह से गोली उस तमग़े से लगकर नीचे गिर गई और यह बाल बाल बच गया।

मुस्तफ़ा शौक़ी और उसके साथी मूसा अब्दुल्लाह ने उसे क़त्ल करने के बाद मिस्र में जाकर पनाह ले ली जबकि कुल दस अफ़राद पर यह मुक़द्दमा चलाया गया, अलक़ुद्स के गर्वनर ने इस मुक़द्दमे की समाअत की। इन दस में से दो तो फ़रार हो गये जबकि चार को सज़ा हुई और उन्हें शहीद कर दिया गया।

हुसैन बिन तलाल

हुसैन बिन तलाल, अब्दुल्लाह बिन हुसैन का पोता था। अगर्चे अब्दुल्लाह बिन हुसैन पर क़ातिलाना हमले में ज़ख़्मी होने के बाद तलाल बिन अब्दुल्लाह तंदरुस्त हो गया था, लेकिन यह बादशाह इसलिये नहीं बन सकता था कि उसकी दिमाग़ी हालत और तवाज़ुन दुरुस्त नहीं था, लिहाज़ा 1952 ई० ही में उसे मअ़ज़ूल कर दिया गया ताकि उसका बेटा हुसैन बिन तलाल अगला बादशाह बन सके। बाद में यह "शाह हुसैन" के नाम से मशहूर हुआ।

यह 14 नवम्बर 1935 ई० को पैदा हुआ था। उसने अपनी तालीम इस्कंदरिया के "विक्टोरिया कालिज" से हासिल की। बाद में यह मज़ीद तालीम हासिल करने के लिये पहले हार्वड और बाद में "राइल मिलिट्री अकेडमी सेंदुहरस्ट" (ROYAL MILITARY ACADEMY, SANDHURST) चला गया जहां तीसरी दुनिया के हुक्मरानों को आलमी ताक़तों का वफ़ादार रहते हुए अपनी अवाम पर हुकूमत करने की तरबियत दी जाती है।

अगर्चे 16 साल की उम्र में बादशाह बन गया था, लेकिन उसकी ताजपोशी एक साल बाद 2 मई 1953 ई0 में की गई। 2 मई 1953 ई0 से लेकर 7 फ़रवरी 1999 ई0 तक (तक़रीबन 46 साल) उर्दुन का हुक्मरान रहा था। इस निस्फ़े सदी के दौरान उसने उर्दुन से मिलने वाली इस्राईली सरहदों की हिफ़ाज़त का फ़रीज़ा पूरी दिलजमई से अंजाम दिया। 1967 ई0 की जंग में उसने सिर्फ़ एक वजह से हिस्सा लिया था, वह "आला मक़्सद" यह था कि मक़ामी फ़लस्तीनी आबादी की मदद हासिल की जाए और इसके ज़रीए अपनी बादशाहत को इस्तिहकाम बख़्शा जाए। इस जंग में अरब हुक्मरानों ने इसको पेश क़दमी पर ख़ासा मजबूर किया, लेकिन उसकी फ़ौज किसी सूरत भी आगे गढ़ने पर तैयार नहीं थी, और बड़ी आसानी और शर्मनाक तरीक़े से पीछे हटती रही, यहां तक कि दरयाए उर्दुन का पूरा मग़रिबी किनारा इस्राईल ने हड़प लिया और उर्दुन की आबादी आधी हो गई।

सियाह सितम्बर 1970 ई0 (Black September):

यह वह वाक़िआ था जिसकी वजह से उसका किर्दार खुल कर सामने आ गया। वाक़िए ने न सिर्फ़ अरब मुसलमानों के हद्फ़ व मक़्सद को मल्यामेट कर दिया, बल्कि खुद इस्लामी मुमालिक व अफ़वाज में फूट डाल दी। 1967 ई0 की छः रोज़ा जंग में इस्राईल ने जब अरब क़ौमियत के अलमबरदारों को शर्मनाक शिकस्त दी तो शाह हुसैन ने भरपूर मौक़ा परस्ती और इब्नुल वक़्ती दिखाई। कल तक जब यह फ़लस्तीन का तआवुन हासिल करना चाहता था तो उनका भरपूर साथ देता था, जबकि इस जंग के बाद इस्राईल के सामने जी हुज़ूरी शुरू कर दी।

उस वक्त मिस्र और शाम के हुक्मरान एक हद तक

फ़लस्तीनियों की मदद करते रहते थे और फ़लस्तीनी फ़िदाईन इस्राईल पर उर्दुन की सरहद से हमले करते रहते थे, लेकिन शाह हुसैन ने अपने आक़ा और आक़ाज़ाद अमरीका और इस्राईल को खुश करने के लिये न सिर्फ़ यह कि फ़लस्तीनी मुजाहिदीन के रास्ते में रुकावटें खड़ी कीं बल्कि उर्दुन की अफ़वाज को हुक्म दिया कि इस्राईली अफ़वाज पर कोई हमला नहीं किया जाएगा। ख़ास तौर से उस इलाक़े के कमांडर जनरल मशहूद हदीशा को यह हुक्म दिया गया था, लेकिन फिर भी बअ़ज़ फ़ौजियों ने इस हुक्म को नज़र अंदाज़ करते हुए इस्राईली फ़ौजियों पर गोले बरसा दिये, जिसकी वजह से 28 यहूदी फ़ौजी मौक़ा पर ही हलाक जबकि 80 शदीद ज़ख़्मी हो गए, जबकि 4 टैंक भी तबाह कर दिये गए। अगर्चे अस्ल लड़ाई उर्दुन के इन कुछ फ़ौजियों ने लड़ी थी लेकिन इस वाक़िए से पी ऐल ओ के मोराल में बहुत इज़ाफ़ा हुआ। यासिर अरफ़ात ने फ़तह का एलान किया और सारा क्रेडिट ले लिया। आख़िरकार शाह हुसैन ने पी ऐल ओ के गिर्द घेरा तंग करने के लिये एक 7 निकाती मुआहदा किया जिसके तहत उस तन्ज़ीम की सरगर्मियां महदूद कर दी गईं।

सितम्बर 1970 ई० के आग़ाज़ में पी ऐल ओ ने तंग आकर हवाई जहाज़ अग़वा किया फिर बअ़ज़ फ़लस्तीनी कैम्पों को आज़ाद इलाक़ा क़रार दे दिया जबकि शाह हुसैन पर कई क़ातिलाना हमले के किये गए लेकिन वह सबके सब नाकाम हो गए। इस पर शाह हुसैन ने 16 सितम्बर 1970 ई० को मार्शल ला का एलान कर दिया। उर्दुन की अफ़वाज ने अमान में पी ऐल ओ के दफ़ातर पर हमले शुरू कर दिये नीज़ अर्बद, सवीलह और रिज़क़ा नामी फ़लस्तीनी कैम्पों पर हमला कर दिया गया। इस जंग में उर्दुन की मदद के लिये बर्तानिया

ने बड़ी मिक्दार में अस्लहा रवाना किया, जबकि शाम ने पी ऐल ओ की मदद करने के लिये 250 टैंक उर्दुन भेज दिये।

इस जंग में सख़्त तबाही हुई और दोनों तरफ़ से बड़ी तादाद में हलाकतें हुईं। पी ऐल ओ की शामी शाख़ को सरहद पर मौजूद उर्दुन के 40 वीं ब्रीगेड ने तबाह कर दिया, जबकि पी ऐल ओ और उसके हामी शामी टैंकों की तरफ़ से उर्दुन के 60 से ज़ाइद टैंक तबाह कर दिये गए। हलाकतों की तादाद दोनों तरफ़ से 7000 से 8000 के दर्मियान थी। आख़िरकार जब क़्याम अमन हुआ तो इस शर्त पर कि पी ऐल ओ को निकाल करें लबनान भेजा जाएगा, जबकि अरब मुमालिक उर्दुन में मुदाख़िलत बंद करेंगे। अगर्चे इस्राईल को 21 मार्च 1968 ई० को नाकामी हुई थी लेकिन इस जंग के बाद उसने एक गोली इस्तेमाल किये बग़ैर अपने सारे मक़ासिद हासिल कर लिये, क्योंकर अरबों के दर्मियान फूट डाल दी गई थी।

1973 ई० की अज़ीम तरीन ग़द्दारी:

1973 ई० की रमज़ान जंग के आग़ाज़ में मुसलमानों को ख़ातिर ख़्वाह कामियाबी मिली थी, लेकिन एक तो शाह हुसैन की यहूद नवाज़ी और ग़द्दारी की वजह से जंग की काया ही पलट गई, दूसरे खुद लड़ने वाले अरब मुमालिक के सरबराहों का अपना अपना एजंडा था जो बाद में सबकी नाकामी का सबब बना।

जंग की तैयारी इंतिहाई पोशीदा रखी गई थी। सरबराहों ने यह फ़ैसला जंग से महज़ दो हफ़्ते क़ब्ल किया था, जबकि जरनेलों को एक दिन पहले और फ़ौजियों को महज़ चार घंटे पहले हमले की इत्तिला दी गई थी। जंग से दो हफ़्ते क़ब्ल शाह हुसैन की मुलाक़ात इस्कंदरिया में हाफ़िज़ अलअसद और अनवर सादात से हुई। इसमें उसके सामने जंग के लिये की गई तैयारियां बयान की गई थी और

खुद उसे भी चौकस रहने को कहा गया था।

25 सितम्बर को यह ग़द्दार खुफ़िया तरीक़े से इस्राईल रवाना हुआ और तलअबीब जाकर इस्राईली वज़ीरे आज़म गोल्डामेयर को आने वाली जंग के बारे में ख़बरदार कर दिया। ख़ास तौर से शाम की तरफ़ से जिस पर खुद गोल्डामेयर ने भी यक़ीन नहीं किया और उससे यह पूछाः "क्या शामी मिस्रियों के बग़ैर ही जंग में जा रहे हैं?" हैरत की बात यह है कि यह वार्निंग इस्राईल के कानों में पड़ी लेकिन इसका कोई ख़ास नोटिस न लिया गया। मूसाद ने यह समझा कि इस मुख़्बिर बादशाह ने वही कुछ बताया है जो हमें पहले से मालूम था।

इस जंग की मूसादा को ग्यारह मर्तबा वार्निंग मिली लेकिन उसने यह कह कर टाल दिया कि हमारी इत्तिला के मुताबिक़ अरबों के पास जंग का कोई मंसूबा नहीं, हत्ता कि शाह हुसैन की वार्निंग भी बेअसर साबित हुई। अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि इस क़दर मुतमइन और बेफ़िक्र इस्राईल पर अगर बेख़बरी में हमला हो जाता और यह ग़द्दार उसे इत्तिला न देता तो इस्राईल का क्या हश्र होता? लेकिन बिलआख़िर इस्राईल ने जंग से ठीक 2 घंटे क़ब्ल अपनी रेज़रू आर्मी को चौकस कर दिया जबकि उसके सिर्फ़ दो घंटे बाद हमला शुरू हो गया।

शुरू में तो जंग मुसलमानों के हक़ में रही और उन्होंने काफ़ी बड़ा हिस्सा वापस ले लिया, लेकिन बाद में जब अमरीकी इम्दाद की भरमार हुई तो शाह हुसैन पर ज़ोर दिया गया कि तैशुदा मंसूबे के मुताबिक़ उर्दुन की तरफ़ से हमले का आग़ाज़ किया जाए।

उसने बराहे रास्त हमला करने की बजाए अपनी फ़ौज शाम की सरहद पर भेज दी जिसने बढ़ती हुई इस्राईली फ़ौज को रोक दिया,

लेकिन इसकी ख़बर भी अपने आक़ा को अमरीका के ज़रीएं दे दी और इस्राईल से दरख़्वास्त की कि इस्राईल उसकी फ़ौजों पर हमला न करे। इस्राईली वज़ीरे दिफ़ाअ़ मूशे दायान ने ऐसी कोई दरख़्वास्त मानने से इंकार कर दिया। वह नहीं चाहता था कि उर्दुन को कोई ज़मानत दी जाए। बस इतना कह दिया कि इस्राईल एक और महाज़े जंग नहीं खोलना चाहता।

इस्राईल के साथ अमन मुआहदाः

यासिर अरफ़ात की ग़द्दारी और मुआहदए ओसलू के बाद से शाह हुसैन ने इस्राईल की तरफ़ दोस्ती का हाथ बढ़ाया और अमन मुज़ाकिरात शुरू किये। उस वक़्त के अमरीकी सदर किलिंटन ने यह वादा किया कि अगर इस्राईल से मुआहदा हो जाता है तो उर्दुन के तमाम क़र्ज़े मुआफ़ कर दिये जाएंगे। मिस्री सदर हुस्नी मुबारक के इशारे पर उस ग़द्दार ने इस्राईल से बाक़ाएदा मुज़ाकिरात किये और अमन मुआहदा किया। इसके बदले उसे ARANA का इलाक़ा और दरयाए उर्दुन के पानी के हिस्से की मुंसिफ़ाना तक़सीम का झांसा दिया गया। बाद में इस्राईल के साथ तिजारती मुआहदा भी कर लिया गया और यूं उर्दुन की तरफ़ से इस्राईल की सरहद मुकम्मल तौर पर महफ़ूज़ हो गई और इस्राईली अफ़वाज फ़लस्तीनी मुसलमानों को कुचलने के लिये आज़ाद हो गई।

इस्हाक़ राबिन के साथ भाईचाराः

इस कम नसीब के बदनाम ज़माना इस्राईली रहनुमा इस्हाक़ राबिन के साथ इंतिहाई क़रीबी और ज़ाती तअ़ल्लुक़ात थे। इस्हाक़ राबिन को दफ़नाने पर उसने तक़रीर कीः

"मेरी बहन लीहा राबिन! मेरे दोस्तो! मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा लम्हा भी मेरी ज़िंदगी में आएगा कि मैं अपने एक भाई,

एक साथी, एक दोस्त, एक फ़ौजी जिससे मुझी अपनी ख़िलाफ़त दो बार मिली, जिसकी मैं इज़्ज़त करता था और वह मेरी इज़्ज़त करता था, के नुक़सान पर रोऊंगा। एक ऐसा आदमी जो जानता था कि हमें फ़ासलों और रुकावटों को उबूर करना होगा और बातचीत करनी होगी ताकि हम एक दूसरे को पहचान सकें और इस बात की कोशिश कर सकें कि आने वाले कल में हमारी पालीसी जारी रखी जा सके। हम ऐसा करने में कामियाब हो गए और भाई और दोस्त बन गए।''

इस्हाक़ राबिन जैसे सफ़्फ़ाक क़ातिल और मुस्लिम कश सहीवनी लीडर को भाई कहने वाला यह शख़्स अपनी साख बहाल करने के लिये यह भी कहता फिरता थाः ''हम मुहम्मद (सल्ल0) के ख़ानदान से हैं और हमारा क़बीला अरब में सबसे क़दीम है।'' जबकि इस्लाम में तैशुदा क़ानून है कि सियाह आमाल वालों को आला नसब कोई फ़ाएदा नहीं देगा।

अब इस के अंजाम की तरफ़ आइये! इसकी मौत 7 फ़रवरी 1999 ई0 कोजिगर के सरतान की वजह से हुई। मौत से क़ब्ल दुनिया से जाते जाते भी उसने एक और यहूद नवाज़ हरकत की। उसने अपनी मौत से क़ब्ल ही अमरीका में दौराने इलाज अपने भाई को वली अह्द के मंसब से मअ़ज़ूल करके अपनी अंग्रेज़ बीवी (जो उस पर मुसल्लत रहने के लिये मंसूबे के तहत उसके पास भेजी गई थी) के बतन से पैदा होने वाले बेटे अब्दुल्लाह को वली अहद बना लिया। वाज़ेह रहे कि उसका भाई शहज़ादा हम्ज़ा पाकिस्तानी ख़ातून शाइस्ता इक्रामुल्लाह का दामाद है। लेकिन उसके ख़्यालात भी बहुत ज़्यादा लिबरल हैं।

यह थी नस्ल दर नस्ल ग़द्दारों की रूदाद......अलक़ुद्स से ग़द्दारी

करने वाले दुनिया में ज़लील व ख़्वार हुए ही, आख़िरत में भी इबरतनाक अंजाम उनका मुंतज़िर है। ख़िलाफ़ते उस्मानिया के सुकूत, सरज़मीने अरब की छोटे टुक्ड़ों में तक़सीम, बेगुनाह फ़लस्तीनी मुसलमानों का ख़ून और अर्ज़े मुक़द्दस पर यहूदी तसल्लुत के इस्तिहकाम में हिस्सा लेने की नहूसत उनसे ज़ाइल न होगी और दज्जाली कुव्वतों के ये हमनवा अपने इबरतनाक अंजाम को पहुंच कर रहेंगे।

(2) यासिर अरफ़ात

यादश बख़ीर, मुजाहिदे आज़म जनाब यासिर अरफ़ात साहब को भी इन मेहरबानों की इन फ़ेहरिस्त में मुम्ताज़ जगह दी जा सकती है, जिन्होंने अलकुद्स के मुहाफ़िज़ का एज़ाज़ सीना पर सजाने के बावजूद बिलवास्ता तौर पर दज्जाली रियासत के इस्तिहकाम में किर्दार अदा किया। मौसूफ़ के घर में भी चूंकि ख़ातूने अव्वल यहूदी अन्नस्ल थीं लिहाज़ा समझा जा सकता है कि यहूद से उनकी दुश्मनी और अलकुद्स के ग़ासिबों के ख़िलाफ़ उनका जिहाद किस क़दर "हक़ीक़ी" होगा? मौसूफ़ न सिर्फ़ अमरीकी हुक्मरानों की सरपरस्ती में दज्जाली रियासत के सरबराहों के साथ ख़ैर सगाली के मुआहदे, मुज़ाकिरात और मुसाफ़हे व मुआनक़े करते रहे बल्कि शरीअ़त पर इस्तिक़ामत को छोड़ कर लिबरल अज़्म और जिहाद फ़ी सबीलिल्लाह के बजाए इंतिख़ाबी ढकोसला बाज़ियों पर यक़ीन रखते थे। दरयाए उर्दुन के मग़रिबी किनारों में उनकी तन्ज़ीम, हमास के मुजाहिदीन और उर्दुन के फ़लस्तीनी मुहाजिरीन के लिये मुस्तक़िल मसाइल पैदा करती रही। अगर्चे आलमी मीडिया पुरइस्रार अंदाज़ कुव्वतों ने उनका इमेज "मर्दे मुजाहिद" का बना रखा था, लेकिन जानने वाले जानते हैं कि फ़लस्तीनी जिहाद को उनकी मफ़ाद परस्त सियासत ने इंतिहाई

नुक़सान पहुंचाया और यह न सिर्फ़ अपनी तन्ज़ीम में शरई उसूलों को रिवाज देने के बजाए गैर ज़रूरी हद तक आज़ाद ख़्याली को तरवीज देते थे, बल्कि आलमी सतह पर भी हमास के इमेज को दाग़दार करने, फ़लस्तीनी मुसलमानों में फूट डलवाने और इस्राईल के लिये नर्म गोशा रखने के हवाले से बदनामी की हद तक मशहूर थे। अल्लाह तआला अलकुद्स को ऐसे मेहरबान हमनवाओं की मेहरबानियों से महफ़ूज़ रखे और हमें अर्ज़े मुक़द्दस के तहफ़्फ़ुज़ और हक़ीक़ी मुहाफ़िज़ीन की पहचान और उनकी हिमायत की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए। आमीन।

(३) अनवर सादात

अनवर सादात का शुमार भी अलकुद्स के नादान दोस्तों और दज्जाली रियासत के नामेहरबान हमनवाओं में होता है। दुनिया के और बहुत से यहूद नवाज़ों की तरह उनके घर में भी "ख़ातूने अव्वल" क़दामत परस्त यहूदी ख़ानदान से तअल्लुक़ रखती थीं। "जहां सादात" नामी यह ख़ातून बाक़ाएदा मंसूबे के तहत उनकी ज़िंदगी में दाख़िल हुई थीं और आख़िर तक उनसे वह इक़्दामात करवाती रहीं जिससे अलकुद्स के फ़िदाकारों के दिल ज़ख़्मी और दज्जाली रियासत के सरपरस्तों के मक़ासिद की तकमील होती थी। अलकुद्स के दो तरफ़ उर्दुन और मिस्र दो अहम इस्लामी मुल्क हैं। इनमें मज़लूम फ़लस्तीनी मुहाजिरीन भी पनाह लेते हैं और इनकी सरहदों से इस्राईली क़ब्ज़ागीरी की हुदूद में आने वाले इलाक़ों में दाख़िल होकर इस्राईली फ़ौजियों का नाक में दम किया जा सकता है, इसलिये दज्जाली निज़ाम की हमनवा आलमी ताग़ूती ताक़तों की हमेशा यह कोशिश रही कि इन दोनों मुमालिक के हुक्मरां उनके ज़ेरे दस्त और ताबेअ़ फ़रमान रहें। न वह अपने मुल्कों में शरीअ़त का

निफ़ाज़ होने दें और न अपने अवाम के जज़्बात का रुख़ अलकुद्स के मज़लूमों की मदद की तरफ़ फिरने दें। यही वजह है कि यहां जो भी हुक्मरां आता है उसके घर में उमूमन यहूदी ख़ातून मलिकए मुहतरमा की शक्ल में बिराजमान होती है और उसके इक़्तिदार को मुस्तहकम और तवील तर बनाने के लिये बदी की आलमी कुव्वतें हर क़िस्म का तआवुन और हिमायत करती हैं। अनवर सादात की ज़िंदगी का सबसे ख़तरनाक फ़ैसला कैम्प डेविड मुआहदा था जिसमें वह चाए की मेज़ पर अलकुद्स का मुबारक तरीन ख़ित्ता इस्राईल की गोद में डाल कर ख़ाली हाथ लौट आए। इसके एवज़ उन्हें तागूती ताक़तों की तरफ़ से एज़ाज़ व इन्आम से नवाज़ा गया, लेकिन खुद मिस्र के मुहिब्बे दीन व वतने अवाम उनके इक़्दामात को किस नज़र से देखते थे, इसका अंदाज़ा उनके क़त्ल के वाक़िए से हो सकता है, जब उन्हें एक परेड के दौरान गोलियों से छलनी करके अलकुद्स से ख़यानत का इंतेक़ाम लिया गया। फ़लस्तीन को कुर्आने करीम में "अर्ज़े मुबारक" कहा गया है, इससे जो वफ़ा करता है वह अल्लाह, रसूल, मलाइका और मुख़्लिस मुसलमानों के नज़दीक सआदतमंद ठहरता है और जो इससे जफ़ा करे वह दुनिया में भी तिकोनी तौर पर धुतकार दिया जाता है और आख़िरत में भी बुरा अंजाम उसका मुंतज़िर है। अल्लाह तआला हमें रहमानी रियासत के इस्तिहकाम और दज्जाली रियासत के ख़िलाफ़ जिहाद की तौफ़ीक़ नसीब फ़रमाए और दुनिया व आख़िरत में बुरे अंजाम से बचाए। आमीन।

मराजअ़ व मआख़ज़

इस मज़मून की तैयारी के लिये इन किताबों से इस्तिफ़ादा किया गयाः

1. SELA AVRAHAM: "ABDULLAH BIN HUSSEIN", THE CONTINUM POLITICAL ENCYCLOPEDIA OF THE MIDDLE EAST, NEW YEAR CONTINUM.

2. "JORDEN AND 1948: THE PERSISTENCE OF OFFICIAL HISTORY".

3. AVE SHLAIM: "THE WAR OF PALESTINE: REWRITING THE HISTORY OF PALESTINE", CAMBRIDGE UNIVERSITY RESS (2001).

4. LANDES JOUSHA: "SYRIA AND PALESTINE WAR: FIGHTHING KING ABDULLAH'S GREATER SYRIA PLAN".

5. ROGAN AND SHLAIM: "THE WAR OF PALESTINE".

6. TRIPP CHHRLES: "IRAQ AND 1948 WAR: MIRROR OF IRAQ'S DISORDER".

दज्जाली रियासत के मेहरबान हमनवा

उर्दुन व मिस्र के हुक्मरान और अलकुद्स के नादान राहनुमाः

जो शख़्स भी माद्दियत परस्ती में मुब्तला हो जाता है, अल्लाह तआला के ग़ैबी वादों पर उसका ईमान कमज़ोर हो जाता है......और जिस शख़्स का ईमान अल्लाह और उसके वादों पर यअ़नी आख़िरत के हिसाब व किताब और जज़ा व सज़ा पर कमज़ोर हो जाता है वह फ़ित्नए दज्जाल का शिकार हो जाता है......और जो शख़्स फ़ित्नए दज्जाल का शिकार होने के बाद तदाबीर पर अमल न करे जो हदीसे शरीफ़ में बताई गई हैं (इनका खुलासा दज्जाल 1 और 2 के आख़िर में दिया गया है) तो एक दिन ऐसा आता है कि वह दज्जाली कुव्वतों का हमनवा बन जाता है। इसकी वजह यह है कि वह इस आर्ज़ी और फ़ानी दुनिया की अधूरी और कभी न पूरी होने वाली लज़्ज़तों में इतना गुम हो जाता है कि उसे हलाल व हराम की तमीज़ ख़त्म हो जाती है। उसके नज़दीक यह दुनिया ही सब कुछ होती है। ईमान, अकीदा और नज़रिया, दुनिया पर दीन ग़ालिब करने का शौक़, इंसानियत को नफ़्स और शैतान की गुलामी से छुड़ाने के लिये कुर्बानी देने का बेलोस ज़ज़्बा......यह सब चीज़ें उसके नज़दीक बेमअ़नी हो जाती हैं। वह मुंह और शर्मग़ाह की लज़्ज़तें पूरी करने में इतना मगन हो जाता है कि इस दुनिया से उसे शदीद मुहब्बत हो जाती है। दुनिया की फ़ानी लज़्ज़तों को छोड़ना और आख़िरत की हमेशा की ज़िंदगी के लिये जान और माल लुटाला उसके लिये मुश्किल हो जाता है। वह मौत को अल्लाह तआला की मुलाक़ात और उसकी तैयार की हुई नेअ़मतों को पाने का ज़रीआ समझने के

बजाए दुनिया हाथ से जाते रहने का सबब समझता है। यह वह ख़तरनाक बीमारी है जिसे हदीस शरीफ़ में "وَهَـــن" का नाम दिया गया है। इस मर्ज़ में गिरफ़्तार शख़्स दुनिया की मुहब्बत और मौत से डर की वजह से न इस दुनिया में मुअ़ज़्ज़ज़ मुसलमान बन कर रह सकता है और आख़िरत में तो उसका कुछ हिस्सा वैसे ही बाक़ी नहीं रहता। इस मर्ज़ की बयान की गई अलामात दरहक़ीक़त "दज्जाली रियासत" के बाशिंदों की सिफ़ात हैं। फ़ित्नए दज्जाल दर हक़ीक़त "माद्दियत परस्ती" का फ़ित्ना है यअ़नी ख़ुदा परस्ती और इंसानियत के लिये ख़ुलूस व ईसार के बजाए मफ़ाद परस्ती, लज़्ज़त परस्ती, ऐश परस्ती और आराम पसंदी। जफ़ाकशी की सादा ज़िंदगी छोड़कर जो लोग आराम तलबी की मस्नूई ज़िंदगी में मुब्तला हो जाते हैं, वह "दज्जाली रियासत" के इस्तिहकाम के लिये इसके हमनवाओं का किर्दार अदा करते हैं। यही वजह है कि मुस्लिम मुमालिक के बीचों बीच "दज्जाली रियासत" अपनी इब्तिदाई शक्ल में क़ाइम हो गई है और उसे गिर्द व पेश से कोई ख़तरा ही नहीं है। आईये! इस बात को समझने की कोशिश करते हैं कि हमारे अरब भाई अलक़ुद्स से और उसके निगेहबान फ़लस्तीनी मुसलमानों से इतने बेपरवा और फ़ित्नए दज्जाल के इतनी बुरी तरह शिकार कैसे हो गये?

ऐश व इशरत का फ़ित्ना:

आज कम व बेश चालीस साल पुरानी बात है कि "अरब इस्राईल जंग" हुई जो इब्तिदा में (किसी हद तक) इस्लाम के नाम पर लड़ी गई थी। इसके आग़ाज़ में तो मुसलमानों ने बड़ी पेशक़दमी की लेकिन बाद में अपनों की ग़द्दारी ने जंग का नतीजा ही बदल कर रख दिया। ग़द्दारी और मुख़्बिरी अगर्चे जंग से पहले ही हो चुकी थी लेकिन इस्राईल बदमस्त होकर समझ बैठा था कि उसे कोई हाथ नहीं

लगा सकता। ख़ैर! बाद में बहुत हद तक ग़द्दारी और बड़ी तादाद में अमरीकी मदद ने यहूदियत के गुबार में इतनी हवा भर दी कि वह बदतरीन शिकस्त से बच गया। अमरीका की तरफ़ से इतने बड़े पैमाने पर इस्राईल को अस्लहा भेजा गया कि अरब मुसलमानों को समझ न आता था कि वह अमरीका की जफ़ा पर हैरत करें या उस वक़्त को रोएं जब उन्होंने उस पर एतिबार किया था।

जंग रुकने के बाद अरब मुसलमानों ने अमरीका की इस बेरुख़ी पर अमरीका का तेल सप्लाई का बाईकाट कर दिया। उस वक़्त आले सऊद के वाहिद ग़यूर हुक्मरान शाह फ़ैसल ने एक मशहूर तक़रीर की थी:

"हम तेल के कुंवों को आग लगा देंगे और ऊंटनी के दूध और खजूर वाली रिवायती ज़िंदगी की तरफ़ वापस लौट जाएंगे।"

इससे आगे बढ़कर इराक़ के ग़यूर हुक्मरानों ने इससे भी अहम काम किया। वह यह था कि शिमाल में ब्रिटिश पेट्रोलियम औ जुनूब में अमरीकन आइल कम्पनी को सरकारी तहवील में ले लिया और इस तरह यहूद व नसारा को इस ख़तीर आमदनी से महरूम कर दिया जो उनको मुसलमानों की दौलत से हो रही थी। इसके अलावा उस वक़्त के इराक़ी हुक्मरान की तक़रीर जो कि काफ़ी हद तक इस्लाम और अरब ग़ैरत (न कि क़ौमियत) पर मब्नी थी, इस क़दर पुरअसर थी कि सद्दाम हुसैन ने इन हुक्मरानों का तख़्ता उलटने के बावजूद भी इस तक़रीर को तमाम अहम चौराहों और इस्लामी सक़ाफ़त के कुछ मराकिज़ पर संगे मरमर में तराश कर नस्ब करवाया। अरब भाई उस वक़्त जफ़ाकश भी थे, ग़ैरतमंद भी और काफ़ी हद तक इस्लामी जज़्बे से मालामाल भी।

यह उस वक़्त की बात है जब उस क़ौम में ग़ैरत थी और

इस्लाम और मुसलमानों के बारे में फ़िक्र रखती थी। यह बात अमरीका और उसके नाजाइज़ बेटे को बहुत बुरी लगी और उसने इसका तोड़ करने के लिये एक सोचे समझे मंसूबे के तहत अरबों में क़ौम परस्ती और ऐशपरस्ती को फरोग़ दिया। उन्होंने अरब भाईयों में इस्लामी उख़ूवत के बजाए अरब क़ौमियत का तसव्वुर पैदा किया और उनकी जफ़ा कशी वाली ज़िंदी छुड़वाकर उनको मेअ़यारे ज़िंदगी इतना बढ़ा दिया कि आईंदा वह ऐसे बयानात से बाज़ रह सकें और इस तरह की हिम्मत दोबारा न कर सकें कि अपने ही तेल के कुंवों पर बारूद रखकर उन्हें तबाह करने की धमकी दे सकें।

आज अगर हम देखें तो वह अपनी चाल में जिस हद तक कामियाब हो चुके हैं इसका अंदाज़ा लगाना मुश्किल नहीं। अरब भाईयों में ऐश व इशरत की आदत कोई ढकी छिपी बात नहीं और यही वजह है कि अगर और बहुत सी बातों को नज़र अंदाज़ कर दिया जाए तो भी एक बात का जवाब नहीं दिया जा सकता। वह यह कि अरब मुमालिक में अरब क़ौमियत के दावा के बावजूद अपने ही अरब भाईयों (यअ़नी फ़लस्तीनी मुसलमानों) से इस क़दर बेरुख़ी क्यों बरती जा रही है? इस बात का कोई जवाब है हमारे पास? फिर कहीं ऐसा न हो कि अल्लाह उनसे वह चीज़ छीन ले जिस पर उन्हें बड़ा नाज़ है।

आइये! देखते हैं कि हमारे अरब भाई किस तरह से यहूद के बिछाए हुए ऐश व इशरत के जाल में फंसे हुए हैं।

अरब रहनुमाओं और मालदार शुयूख़ का हालः

अगर अरब बादशाहों की दौलत से क़त्अ़ नज़र कर लिया जाए तो भी दुनिया के पचास अमीर तरीन अरब शुयूख़ की दौलत और असासा जात 236.24 अरब डालर से भी ज़्यादा नहीं। यह वाज़ेह रहे

कि इसमें बादशाहों की दौलत शामिल नहीं। लेकिन यह सारी दौलत इस्लाम और मुसलमानों पर ख़र्च होने के बजाए आराम तल्बी, ऐश पसंदी और तफ़रीअ़ पर लग रही है। अरब भाईयों के दो सबसे बड़े अय्याशी के मराकिज़ में दुबई और लबनान शामिल हैं जबकि मराकश भी उनके अय्याशी के मक़ामात में से एक है।

हवाई जहाज़ों की ख़रीदारी:

सऊदी शहज़ादा प्रिंस वलीद बिन तलाल वह पहला शख़्स है जिसने Super Jumbo A-380 की ख़रीदारी की है। यह वह पहला शख़्स है जिसने इंफ़िरादी हैसियत में यह जहाज़ ख़रीदा है। ख़रीदने के बाद उसने उसमें तरह तरह की आराइश व ज़ेबाइश के लिये बाज़ाब्ता तौर पर एक Interiror Designer से राब्ता किया ताकि वह इस "हवाई महल" में तज़ईन व आराइश और ऐश व आराम का इज़ाफ़ी सामान मुहय्या कर सके।

मश्रिक़े वुस्ता में बढ़ते हुए हवाई सफ़र और हवाई जहाज़ों की इंफ़िरादी तौर पर ख़रीदारी को मद्देनज़र रखते हुए मग़रिबी कम्पनियों ने दुबई में एक नुमाइश का एहतिमाम किया, जिसमें हवाबाज़ी की तारीख़ में पहली मर्तबा इस बात पर खुसूसी तवज्जोह दी गई कि किस तरह जहाज़ के अंदरूनी हिस्सों की खुसूसी ज़ेबाइश की जाए।

बहरी जहाज़ों की ख़रीदारी:

इस कुव्वते अरब इमारात के शैख़ और रूस के अरबपती इब्राहीम दौफ़ के दर्मियान इस बात का मुक़ाबला चल रहा है कि किसका बहरी जहाज़ दुनिया के सबसे महंगी बहरी सवारी (Yatch) होगी? याद रहे कि यह Yatch ग़ालिबन इटली में तैयार हो रही है और इसमें ऐश व इशरत का महंगा तरीन सामान मुहय्या किया जाएगा। इस तरह की एक Yatch की क़ीमत आम तौर से 20-30

करोड़ डालर के लगभग होती है और इसमें किया गया मज़ीद काम 2 से 10 करोड़ डालर लेता है।

क़तर का शैख़ जो कि ग़ालिबन अरबों में सबसे ज़्यादा फ़ुज़ूल ख़र्च है, उसने 30 करोड़ डालर की कसीर रक़म से लंदन के वसत में इंतिहाई महंगा फ़्लेट लिया है जोकि ऐश व इशरत में अपनी मिसाल आप है। इस कम्पलेक्स के हर फ़्लेट में जाने के लिये एक अलग लिफ़्ट मुख़्तस की गई है।

शुयूख़ को एक तरफ़ छोड़ दें, आप यह देखकर हैरान रह जाएंगे कि लंदन की अक्सर व बेशतर तिजारती और मालियाती इलाक़ों की ज़मीनें अरब हज़रात ने ख़रीद ली हैं। जबकि अरब हज़रात को इस मुल्क (बर्तानिया) में अदावत आमेज़ नज़रों से देखा जाता है और यह वहां आज़ादी और Privacy के साथ घूम भी नहीं सकते। इन महंगे इलाक़ों में Oxford Edgware और Piccardly और Bond स्ट्रीट्स (Streets) शामिल हैं।

बुलंद व बाला इमारातः

Lord Moyne के अलावा सहीवनी दहशतगर्दों ने Sir Harold Mac Millan जोकि फ़लस्तीन का बर्तानवी हाई कमिश्नर था, को भी क़त्ल करने की कोशिश की।

(Bell, "The lang War: Israel and the Arahs Since 1948, p201)

इसी तरह Count Folke Bernadotte जोकि 1948 ई0 में अक़वामे मुत्तहिदा का मुक़र्रर कंर्दा स्वीडन का सालिस था, उसने बग़ैर किसी रोकटोक के फ़लस्तीन में यहूदी आमद की सख़्ती से मुख़ालिफ़त की थी। इसके अलावा वह इस बात पर भी ज़ोर डाल रहा था कि वह फ़लस्तीन में मौजूद पनाह गुज़ीनों (मुहाजिर फ़लस्तीनी मुसलमानों) को इस्राईल में दोबारा वापस जाने की

इजाज़त दी जाए। इसके अलावा वह इस बात पर भी ज़ोर दे रहा था कि जितनी भी मिल्कियतों को नुक़सान पहुंचा है इसका भी इज़ाला किया जाए। यही वजह है कि इसको भी एक दहशतगर्द यहूदी तन्ज़ीम "इस्ट्रन गैंग" ने हलाक कर दिया। इस्राईली हुकूमत को अच्छी तरह से मालूम था कि यह कत्ल किसने किया है? लेकिन किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया। जैसे जैसे वक़्त गुज़रता गया वैसे वैसे क़ातिल हीरो बन गए और "बैगन" और "शामीर" तो बाद में इस्राईली हुकूमत के सरबराह और वज़ीरे आज़म भी बने।

जैसे जैसे फ़लस्तीनी मुसलमानों के ख़िलाफ़ दहशतगर्दी और खूरेज़ी बढ़ती चली गई, यहूदियों की इस्राईल आमद में मुनज़्ज़म तरीके से इज़ाफ़ा होता चला गया। बर्तानवी ईवाने आम (House of Commons) की एक कमेटी ने एलान कियाः

"बहुत बड़ी तादाद में यहूदी मशिरकी यूरप से जर्मनी में मौजूद अमरीकी ज़ोन की तरफ़ हिज्रत कर रहे हैं ताकि बिलआख़िर फ़लस्तीन पहुंच सकें। यह बात तो बिल्कुल साफ़ है कि एक इंतिहाई ज़्यादा मुनज़्ज़म तहरीक जिसके पास बेपनाह पैसा, ताक़त और असर व रुसूख़ है, इसके लिये काम कर रही है।"

इसके अलावा अमरीकी ईवाने बाला (Senate) की भी एक कमेटी जो कि जंग के बारे में तहक़ीक़ात के लिये यूरप भेजी गई थी, उसने भी यह बयान दिया थाः

"यहूदियों की मशिरकं यूरप में जर्मनी में मौजूद अमरीकी ज़ोन की तरफ़ नक़्ल मकानी एक सोचा समझा मंसूबा जिसके लिये पैसा अमरीका में मौजूद बअ़ज़ गुरूप और तन्ज़ीमें मुहय्या कर रही हैं।"

ग़ौर तलब बात यह है कि यह हिज्रत रूस के ज़ेरे इंतेज़ाम मशिरकी यूरप और ख़ुद रूस के अंदर से हुई जोकि चर्चिल के बक़ौल

Iron Curtain (सुर्ख़ पर्दे) से हुई जहां से मक्खी भी इधर से उधर नहीं जा सकती थी, बल्कि अमरीकी और इत्तिहादी तो दूसरी तरफ़ के लोगों को वापस रूस में धकेल रहे थे। ऐसे कठिन वक़्त में हज़ारों की तादाद में रूस और मशिरक़ी यूरप से यहूदियों की नक़्ल मकानी इस बात का खुला सबूत है कि उसको लंदन, मास्को और वाशिंगटन की पूरी पूरी हिमायत हासिल थी। कहां तो कोई भी शख़्स सोवियत यूनियन से बग़ैर इजाज़त के नहीं निकल सकता था और कहां यह हाल कि Iron Curtain ने यहूदियों के रेले को फ़लस्तीन जाने की खुली छूट रखी थी।

1946 ई0 और 1947 ई0 में सहीवनी दहशतगर्दी अपने उरूज पर थीं। यहूदी दहशतगर्दों ने बर्तानवीर फ़ौजियों को भी न बख़्शा। हज़ारों बर्तानवी फ़ौजी (जिनको पहली जंगे अज़ीम में फ़लस्तीन लाया गया था) उन पर घात लगाकर हमला किया गया, कभी उन्हें सोते हुए अपने अब्दी घर रवाना कर दिया गया, या फिर धमाके करके मुख़्तलिफ़ तरीक़ों से हलाक कर दिया गया। एक बाग़ में दो बर्तानवी फ़ौजियों को अज़ीयतें देकर हलाक कर दिया गया था। जूलाई 1946 ई0 में यरोशलम में मौजूद किंग डेविड होटल (King Dewad Hotel) के धमाके से उड़ा दिया गया। यह धमाका करने वाले दहशतगर्द सहीवनी अच्छी तरह से जानते थे कि उस वक़्त उस होटल में न सिर्फ़ बर्तानवी फ़ौजी बल्कि बीस बेख़बर यहूदी और चालीस मुसलमान भी उस होटल में काम कर रहे होंगे। बम धमाके से बीस मिनट पहले होटल में एक फ़ोन काल मौसूल हुई जिसमें बरतानवी कमांडर को यह धमकी दी गई थी कि वह उस इलाक़े को ख़ाली करले जोकि न किया गया, क्योंकि बर्तानवी समझते थे कि यह इलाक़ा पूरी तरह से महफ़ूज़ है और इस तरह की दीगर टेलीफ़ोन

कालें पहले भी मौसूल होती आई थीं।

अब देखने में तो यह बेवकूफ़ महसूस होती है लेकिन ग़ौर तलब बात यह है कि सहीवनियों ने अपने हम नस्ल और हम मज़हब यहूदियों को भी न बताया जो उस इमारत में काम कर रहे थे ताकि इस आप्रेशन की कामियाबी को खुफ़िया मंसूबाबंदी से मुम्किन बनाया जाए। इस हमले में 80 से ज़ाइद बरतानवी, यहूदी और मुसलमान हलाक हुए और सहीवनी पालीसी कि "ज़रूरत आख़िरी हद तक जाने पर मजबूर करती है।" अपनी पूरी आब व ताब से दुनिया का मुंह चिड़ाती नज़र आई।

दहशतगर्दी की बढ़ती हुई वारदातों, हज़ारों लाखों की तादाद में रूसी यहूदियों की नक़्ल मकानी और खुद बर्तानिया पर सहीवनियों के बढ़ते हुए दबाव और अमरीका में फ्रीमैसन अमरीकी सदर हैरी टुरूमैन के भी सख़्त दबाव में अंग्रेज़ ने यहूदी दबाव क़बूल करते हुए अपना मैन्डेट ख़त्म करके फ़लस्तीन को अक़्वामे मुत्तहिदा के हवाले कर दिया था। नवम्बर 29, 1947 ई0 में फ़लस्तीन को दो आज़ाद रियासतों में तक़सीम करने की सिफ़ारिश की गई। यकुम अक्तूबर 1947 ई0 को अक़्वामे मुत्तहिदा में इस प्लान को मुसलमानों ने मुस्तरद कर दिया था। उनके लिये बात बिल्कुल नाक़ाबिले क़बूल थी कि वह अपने 2000 साल पुराने वतन को छोड़ दें।

अक़्वामे मुत्तहिदा में जब बिलआख़िर फ़लस्तीन तक़सीम का प्लान पेश किया गया तो उसमें 54 फ़ीसद से ज़्यादा इलाक़ा यहूदियों को दिया गया था ताकि वह इस्राईल का क़याम मुम्किन बना सकें। सबसे ज़्यादा मज़े की बात यह थी कि जब अक़्वामे मुत्तहिदा की निगरानी में निजी इम्लाक का सर्वे किया गया तो 93 फ़ीसद निजी मिल्कियत वाली ज़मीनें फ़लस्तीनियों की अपनी थीं। यह बात

अक़वामे मुत्तहिदा की अपनी सर्वे रिपोर्ट में दर्ज है लेकिन अक़वामे मुत्तहिदा की सबसे हैरत अंगेज़ तजवीज़ यह थी कि 93 फ़ीसद मिल्कियत और 70 फ़ीसद आबादी वाले मुसलमानों के हिस्सा में 40 फ़ीसद इलाक़ा दिया गया जबकि सहीवनियों को 54 फ़ीसद इलाक़ा दिया गया। तक़रीबन तमाम अच्छी और क़ाबिल काश्त ज़मीनें यहूद को दे दी गईं। ख़ास तौर पर बह्रे मुतवस्सित के साथ की ज़रख़ेज़ ज़मीनें भी उन्ही को दे दी गईं, हालांकि यह ज़मीनें कई नस्लों से अरबों ही की थीं और उन पर उनके आबा व अज्दाद काश्तकारी करते आए थे और उनकी पैदावार ही इस इलाक़े की अस्ल बरआमदात थीं। इसके अलावा अक़वामे मुत्तहिदा की तक़सीम के मंसूबे में नजफ़ का सेहरा भी सहीवनियों को दे दिया गया था। हालांकि यहां तो ज़्यादातर अरब बद्दू क़बाइल आबाद दे और यहां पर यहूद अरब तनासुब 1,00,00 पर 475 का था। इसी तरह यहीं से अर्ज़े फ़लस्तीन की ज़्यादातर गंदुम और गेहूं की पैदावार हासिल की जाती थी जबकि ज़ैतून और स्ट्रास (एक सहराई फल) की पैदावार भी इस इलाक़े से हुई थी लेकिन इस सबके बावजूद इस्राईल यह कहता रहता है: "इस्राईल वह है कि जिसने नजफ़ के सहरा को एक ज़रख़ेज़ और खूबसूरत बाग़ में तबदील कर लिया है।"

(Dimbleby: The Palestenians)

एक मर्तबा फिर सहीवनी प्रोपेगंडे ने दुनिया भर के अवाम की आंखों में धूल झोंक दी। जैस जैसे अक़वामे मुत्तहिदा में फ़लस्तीन के तक़सीम की कोशिश शुरू हुई, वैसे वैसे सहीवनियों ने मरबूत लाबिंग शुरू कर दी जबकि दूसरी तरफ़ अरबों के पास ऐसे ज़राए नहीं थे जिनसे वह ऐसी लाबियां बना सकतें और न ही वह झूट बोलने के फ़न से आशना थे।

इस प्लान पर जब पहली बार वोटिंग की गई तो इसे मतलूबा तादाद में वोट नहीं मिल सके। अगले चंद दिनों में अमरीकी सदर हैरी टुरूमैन और अमरीकी इंतेज़ामिया ने दीगर मुमालिक पर इतना दबाव डाला कि ज़्यादातर वोट जो कि "नहीं" में थे या ऐसे मुमालिक के थे जो वोटिंग से इज्तिनाब कर रहे थे, उनको हां में तबदील कर लिया गया जबकि बअ़ज़ मुमालिक जिनका वोट इस मंसूबे के ख़िलाफ़ था उनको वोट डालने से इज्तिनाब करने की तरग़ीब दी गई। उस वक़्त के अमरीकी सैक्रट्री दिफ़ाअ़ John Forestal ने कहा थाः "अमरीका इस वक़्त स्कैंडल की हद तक दूसरी क़ौमों पर दबाव और ज़ोर डालने वाला मुज्रिम था।"

एक मुअर्रिख़ J. Boweryer Bell का कहना है कि अगर्चे सहीवनियों ने सिफ़ारती जंग ज़रूर जीत ली थी हालांकि "इंजील और तौरात की पेशगोइयों की जज़्बाती अंदाज़ में दुहराने के अलावा उनके पास और कोई ठोस सबूत नहीं था।" लेकिन चूंकि अरब पूरी सरज़मीन चाहते थे जबकि सहीवनी समझोते की बात कर रहे थे और अक़्वामे मुत्तहिदा में ज़्यादातर मुमालिक इंसाफ़ पर मब्नी फ़ैसले की बात कर रहे थे, इसी लिये अरबों की बात को बिल्कुल ग़लत पैराए से देखा जाने लगा जबकि सहीवनियों के लिये फ़लस्तीन में आधा हिस्सा मार्लीना एक अच्छा समझौता क्योंकि वह तो एक रत्ती बराबर भी उस ज़मीन के मालिक नहीं थे जो उनको एलाट की गई थी। (यअ़नी वह ख़ित्ता जो आपकी मिल्कियत नहीं उसका 54 फ़ीसद अगर आप को मिल जाए तो यह एक निहायत नफ़ा बख़्श और अच्छा समझौता है) यह एक शैतानी मंसूबा था लेकिन इंतिहाई चालाकी से तरतीब दिया गया था।

सबसे बड़ी धोकाबाज़ी यह हुई थी कि इस क़रारदाद में जब

इस्राईल ने अपने मतलूबा रक्बे से भी ज़्यादा ख़ित्ते पर क़ब्ज़ा कर लिया तो फिर बअ्ज़ हल्क़ों ने उसे 1948 ई० की करारदाद के मुताबिक़ पीछे हटने को कहा। इस पर इस्राईली सफ़ीर ने बनी इस्राईल की रिवायती तावील साज़ी की झलक दिखाते हुए कहा: "क्योंकि इस मुसवद्दे की तहरीर फ़ेअ्ल माज़ी में है इसलिये अगर इस पर अमलदरआमद नहीं होता तो यह ख़ुद बख़ुद ख़त्म हो जाती है।"

चूंकि अक़्वामे मुत्तहिदा की इन सिफ़ारिशात के बावजूद फ़लस्तीन में तशद्दुद बढ़ता ही चला गया। इसलिये अक़्वामे मुत्तहिदा ने सलामती कौंसिल की तमाम सिफ़ारिशात को मुअ्त्तल करने की कोशिश की जबकि टुरूमैन ने भी सहीवनियों की बेझिझक दहशतगर्दी से तंग आकर इस्राईल के बारे में अपनी पालीसी तबदील करने का इंदियह दिया और इस बात की अफ़्वाहें गर्दिश करना शुरू हो गईं कि बर्तानिया की सरबराही में दोबारा से मैंन्डेट वाला निज़ाम क़ाइम किया जाएगा जबकि इसमें अमरीका का भारी किर्दार होगा। इस मौक़ा पर सहीवनियों ने इस बात का एहसास कर लिया कि अगर ऐसा हो गया तो इस्राईल का मुआमला शायद हमेशा के लिये खटाई में पड़ जाए। लिहाज़ा उन्होंने ज़रा भी देर लगाए बग़ैर दहशतगर्दी की कार्रवाइयों में कई गुना इज़ाफ़ा कर दिया।

एक सोचे समझे मंसूबे के तहत बेसर व सामान अरबों को जंग में झोंका गया। जबकि उनको तो 1939 ई० के वाइट पेपर (किर्तास अब्यज़) की इशाअत के बाद पहले ही हथियार डलवा कर निहत्ता कर दिया गया था। इसके बाद इस यक्तरफ़ा जंग में जो कुछ हुआ वह इस तरह से है:

"यहूदी दहशतगर्द तन्ज़ीमों "अर्गन" और "लेही गैंग" ने

"देरयासीन" नामी गांव पर हमला कर दिया। उन्हें जो भी नज़र आता उसको छुरियों से काट देते। 250 से ज़ाइद अरब मुसलमानों को जिन में ज़्यादातर औरतें और बच्चियां थीं, कुंवों में फैंक दिया गया।" (Time Magazine)

इस संगीन दहशतगर्दी के नतीजे में फ़लस्तीनियों को इस बात का अंदाज़ा हो गया कि उन्होंने अपनी ज़मीन नहीं छोड़ी तो उनके साथ क्या होगा......लिहाज़ा चंद हज़ार अफ़राद के अलावा लाखों की तादाद में अरबों ने क़रीबी अरब रियासतों में हिज्रत करना शुरू कर दी।

"जब लोगों को ख़बर मिली कि "अर्गन" (बंदनामे ज़माना दहशतगर्द यहूदी तनज़ीम) के बदमआश इस गांव के क़रीब आ रहे हैं जोकि ज़्यादातर अरब ईसाइयों पर मुशतमिल था तो बहुत से लोगों ने एक गिर्जा घर में पनाह ले ली और एक मक़ामी राहिब के पीछे सफ़ेद झंडे के साथ खड़े हो गए। यह दिखाने के लिये कि उनके पास कोई हथियार नहीं और यह कि उनकी कोई ख़्वाहिश नहीं कि वह इस्राईलियों से लड़ें। देरयासीन हर्गिज़ कोई अस्करी ठिकाना न नहीं था बल्कि इस गांव के ईसाइयों के यहूदियों के साथ अच्छे तअ़ल्लुक़ात थे। यह गांव "हीफ़ा" में वाक़ेअ़ था। लेकिन यहूदी दहशतगर्दों ने किसी चीज़ का लिहाज़ न किया। न गिर्जा घर, न अमन की ख़्वाहिश और सफ़ेद झंडे की अलामत की। उन्होंने औरतों, बच्चों समेत बेदरीग़ क़त्ले आम किया। उनकी ख़ूनी प्यास उस वक़्त बुझी जब वहां लाशों के अलावा कुछ न बचा।"

इस गांव के रहने वालों का क़त्ले आम सिर्फ़ एक नियत से किया गया था। वह यह कि मक़ामी ग़रीब आंबादी में ख़ौफ़ बरपा किया जा सके। Jaques de Reynier जो कि रेड क्रास का

नुमाइंदा था जब अगले रोज़ उस जगह पर पहुंचा तो उसे इस्राईलियों ने बताया कि वह उस इलाके की "सफ़ाई" कर रहे हैं। उन्होंने मशीनगनों और दस्ती बमों को इस्तेमाल किया था जबकि आख़िर में छुरियां इस्तेमाल की थीं। कोई भी शख़्स देख सकता था कि 250 से ज़ाइद मर्द, औरतें और बच्चे ज़ब्ह किये गये थे। नौजवान औरतों की अस्मत दरी की गई थी। एक हामिला औरत को बुरी तरह से मारा पीटा गया था और उसके बच्चे को चाकू से पेट काट कर निकाल दिगया गया था। एक नो उम्र लड़की को उस वक़्त गोली से हलाक कद दिया गया था जब उसने एक छोटे बच्चे को बचाने की कोशिश की थी।

(Dimbleby, "The Palestenians" p 80)

Richard Cutting के मुताबिक़ जो कि इस पूरे इलाक़े के लिये अक़वामे मुत्तहिदा का नाइब इंस्पेक्टर जनरल था, लोगों को बाक़ाएदा काट कर टुक्ड़े टुक्ड़े किया गया था और कानों के कटे हुए हिस्से भी हमें इस्राईली फ़ौजियों के कपड़ों से चिपके हुए मिले थे जिनमें इन औरतों और बच्चों के बुन्दे भी कानों में लगे हुए थे जिनको "सफ़ाई मुहिम" के दौरान टुक्ड़े टुक्ड़े कर दिया गया था।

Cutting ने इस बात का भी ज़िक्र किया कि उसको एक ख़ुफ़िया पैग़ाम याददाश्त देखने को मिला था जोकि अर्गन को हगाना (Hagannah) जो कि इस वक़्त इस्राईल की बाज़ाब्ता आर्मी थी, की तरफ़ से दी गई थी। इसमें लिखा था:

"देरयासीन हमारे प्लान का पहला हिस्सा था, जब तक तुम उस पर क़ब्ज़ा जमाए रखते हो तो हमें इस बात पर कोई एतिराज़ नहीं कि तुम किस तरह से यह सब कुछ करते हो।"

(Dimbelby, "The Palestenians", p.80)

इसके काफ़ी अर्से बाद बेगन ने अपनी आप बीती में इस बात का एतिराफ़ कियाः

"यक़ीनन यह एक कामियाब मंसूबा था कि अरबों को अफ़वाहों के ज़रीए कि इस तरह के मज़ीद वाक़िआत भी हो सकते हैं, इतना दहशतज़दा कर दिया जाए कि वह अपनी ज़मीनें छोड़ कर भाग जाएं।"

(Hisst, "The Gun and The Olive Branch")

अगर्चे देरयासीन पर सहीवनी हमला बहुत बड़ा इंसानी सानिहा था मगर दोबारा इसी तरह के हमले करने की धमकी महज़ ख़ाली खूली धमकी नहीं थी। इन्ही धमकियों और दहशतगर्दी की कार्रवाइयों करने वाले यहूदियों का सबसे बड़ा और कामियाब हर्बा था कि वह पेट्रोल के भरे ड्रम में आग लगाकर लुढ़का दिया करते थे। यह घूमते हुए बैरल अरबों के महलों में जाकर तबाही मचाते थे। इन बमों को "Barrel Bombs" कहा जाता था। उनको आम तौर से गुंजान आबाद बस्तियों और कानों में फैंक दिया जाता था जिनसे बेपनाह जानों और अम्लाक का ज़ियाअ़ हुआ था।

(Dimbleby, The Palestenians, P.89)

सहीवनियों की सियाह तारीख़ और क़्यामे इस्राईल की बुन्यादें

इस उन्वान के तहत हम इस्राईल के क़्याम (1948 ई0) और इस सहीवनी रियासत के लिये इख़्तियार किये जाने वाले शैतानी हथकंडों को बयान करेंगे।

सहीवनियत के दो चेहरेः

सहीवनियों की दो रुख़ हैंः एक अवामी दिखावे के लिये है। यह बड़ा नर्म दिल और सियासी मुस्कुराहट से भरपूर है। दूसरा वह संगदिल और ख़ौफ़नाक रुख़ है जो खुफ़िया और दुनिया से छिपा हुआ है। इस हक़ीक़त को समझने के लिये यह बात बहुत ज़्यादा फ़ाइदामंद होगी कि हम "थ्योडोर हर्टज़ल" जो कि सबसे बड़ा सहीवनी सियासतदान था और जिसने पहली मर्तबा सहीवनी रियासत के लिये एक बाक़ाएदा मुनज़्ज़म तरीन कोशिशों का आग़ाज़ किया था, के बयानात और किताबों का मुतालआ करें और उसकी ज़ाती अवामी राए जिसका वह हर जगह इज़हार करता रहता था, उस पर नज़र रखें। उसने अपने मक़ाले "यहूदी रियासत" (The Jewrish Stat) में तफ़सील से अपने दिमाग़ में मौजूद तरीक़ाकार को बयान किया है। वह लिखता हैः

"सहीवनियों का अज़ीमुश्शान मंसूबा यह है कि तहज़ीब व तमद्दुन की एक शाख़ बरबरियत की दर्मियान खोली और इसकी बुन्याद रखी जाए।" (Hisst, "The Gun and The Olive Branch P.15)

हर्टज़ल और उसके दोस्त बैनुल अक़्वामी दुनिया को यह धोका दे रहे थे कि मक़ामी अरब आबादी के हुक़ूक़ और उनकी आज़ादी पर कभी समझौता नहीं किया जाएगा। अपने एक और मक़ाले (1902 ई0) Alteneuland यअ़नी Old New Land में हर्टज़ल ने एक ऐसा नक़्शा खींचा था जिसमें सहीवनी रियासत के फ़लस्तीन में क़्याम के फ़वाइद का ज़िक्र किया गया था। इसमें उसने लिखा थाः

"अरब हमारे नए दोस्त बन जाएंगे और हाथ खोल कर हमारा साथ देंगे और इस बात पर बहुत ज़्यादा पुरजोश होंगे कि सहीवनी उनके लिये जदीद दुनिया के तमाम लवाज़िमात लेकर आ रहे हैं। और मलेरिया से भरे हुए दलदली इलाक़े और बेआब व गयाह सेहरा को एक ख़ुशनुमा बाग़ में तबदील कर रहे हैं।"

(Hisst, "The Gun and The Olive Branch P 16")

यह तो थी उसकी दुनिया दिखावे वाली सोच जो वह अवाम के सामने बयान करता था, लेकिन उसकी अपनी डायरी जिसमें वह अपनी ज़ाती राए का ज़िक्र करता है और जिसके बारे में उसने यह नहीं सोचा था कि वह किसी वक़्त अवामी नज़रों में आ जाएगी और एक इस खुफ़िया डायरी की इशाअ़त भी होगी। इसमें उसके ख़्यालात ही कुछ और थे। उस किताब का नाम हैः "The Complete Diaries of Theodre Hezl"

इस डायरी में उसने खुल कर इस्राईल के क़्याम की अस्ली हक़ीक़त का ज़िक्र किया है। इस्राईल के क़्याम के लिये अपने मंसूबे का ज़िक्र वह इन मरहलावार निकात की शक्ल में करता हैः

अव्वलनः वह एक यूरपी ताक़त से स्पॉनसरशिप (Sponsor Ship) का ज़िक्र करता है ताकि यहूदियों के लिये एक साज़गार

माहौल पैदा कर सके जिसका तरीक़ाकार यह होगा कि यहूदी इस मक़्सद के लिये अपनी दौलत और प्रेस (मीडिया) को इस्तेमाल करें।

दोमः हर्टज़ल इस बात पर भी ज़ोर देता है कि अरबों और यूरपी अक़्वाम में भी फूट डालने की ज़रूरत है ख़ास तौर से बड़ी यूरपी कुव्वतों के दर्मियान।

सोमः यह कि यूरपी हुकूमतों को ज़ेर करने के लिये यह इंतिहाई ज़रूरी है कि उनके जासूसी नेटवर्क में घुस कर कार्रवाई की जाए और अपने नेटवर्क की ताक़त को दिखाया जाए जोकि सारी दुनिया बिलख़ुसूस यूरप में बड़ी तेज़ी से काम कर रहा है। इस सिलसिले में उसने बड़ी ज़ंबरदस्त बात कीः

"एक नई यूरपी जंग सहीवनियत के लिये इंतेहाई फ़ाएदामंद होगी।"

हर्टज़ल ने यह भी लिखा कि सिर्फ़ तमन्नाओं ही से "सहीवनी रियासत" क़ाइम नहीं की जा सकती है। अपनी डायरी में वह इस बात पर बहस करता है कि सहीवनी रियासत सिर्फ़ उसी सूरत में पायए तकमील तक पहुंच सकती है जब मुकम्मल और दूसरों को कुचल कर रख देने वाली सहीवनी बालादस्ती क़ाइम हो जाए जबकि साथ साथ यह कोशिश भी करना होगी कि मक़ामी आबादी (यअ़नी फ़लस्तीनी मुसलमानों) को वहां से निकाल बाहर किया जाए (वाज़ेह रहे कि यह शख़्स पहली जंगे अज़ीम से पहले मर गया था और यह तहरीर ग़ालिबन 1900 की है) उसने कहाः

"हमारी कोशिश यह होगी कि ग़ुर्बत से चूर आबादी को बार्डर की दूसरी तरफ़ चुपके से मुंतक़िल किया जाए और इस मक़्सद के लिये उन्हें क़रीबी रियासतों में नौकरियों और दूसरी मुराआ़त की लालच दी जाए, जबकि ख़ुद फ़लस्तीन में उन्हें काम करने की

इजाज़त न दी जाए या फिर उनके लिये रोज़गार का हुसूल नामुम्किन बना दिया जाए।"

"The Complete Diaries of Theodre Hezl Vol1 p 343"

बाद में 1940 ई0 की दहाई में Joseph Heitz ने जोकि सहीवनी नो आबादियात का चार्ज संभाले हुए था, भी यही बात दुहराई:

"हमारे आपस के दर्मियान यह बात बिल्कुल साफ़ साफ़ होनी चाहिये कि इस्राईल में दोनों फ़रीक़ों की कोई गुंजाइश नहीं। अगर इतनी बड़ी तादाद में अरब यहां पर मौजूद रहें तो हम अपनी आज़ादी के नस्बुल ऐन को हरगिज़ नहीं पा सकेंगे। हम सारी अरब आबादी को यहां से मुंतक़िल कर देंगे या हमें ऐसा करना होगा। यहां तक कि एक भी गांव और एक भी क़बीला बाक़ी न रहे।"

(Hisst, "The Gun and The Olive Branch P 130)

क़यामे इस्राईल के लिये सहीवनियत के दो हर्बे

1- मुसलमानों की नस्लकशीः

इसकी बहुत सी मिसालें मौजूद हैं कि किस तरह से फ़लस्तीनी अरबों की नस्लकशी के लिये यहूदी दहशतगर्दी का बेदरीग़ मुज़ाहरा किया गया, ताकि सहीवनी रियासत के लिये जगह बनाई जा सके। जैसे "अलमिनारा" के गांव को मुकम्मल तौर पर ख़ाली कर लिया गया था, जब सहीवनी कुव्वतों ने मुसलमानों के तमाम घरों को धमाके से उड़ा दिया और धमकी दी कि वापस नहीं आना। इसी तरह एक और अरब क़स्बे "नसरुद्दीन" में हर घर को मिस्मार कर दिया गया था या फिर जला दिया गया था या फिर मुकम्मल तौर पर तबाह कर दिया गया। इसी तरह "अर्रूमा" में हंगाना ने सबको कहा थाः "या तो लबनान की तरफ़ भाग जाओ या फिर मरने के लिये तैयार हो जाओ।" हीफ़ा और टाइबरियस (Tiberius) के शहरों की सारी अरब आबादी ख़त्म हो गई थी जब 1948 ई0 में हंगाना ने वहां पर हमला किया था। Einez Zetium के गांव में सबको इकट्ठा किया गया था और एक एक शख़्स को चुन कर सलीब किया जाता था। कई औरतों को मारा पीटा गया जबकि 37 नौजवान मर्द और बच्चों को शहीद कर दिया गया। 29 अक्तूबर 1948 ई0 को इस्राईली हवाई जहाज़ों ने "सफ़सफ़" के गांव पर वहशियाना बम्बारी की थी। इसके बाद फ़ौज़ी, क़स्बे में दाख़िल होते चले गए। मक़ामी आबादी का सफ़ाया करते चले गये। इसी दौरान चार लड़कियों की कई इस्राईली फ़ौजियों ने उनके ख़ानदानों के सामने बारबार आबरू रेज़ी की। इसके बाद बीस लोगों को अंधा

करके बारी बारी गोली मार दी गई। माजिदुल करम में दस आम निहत्ते शहरियों को क़त्ल कर दिया गया।

1948-49 ई० के दौरान जब सहीवनी हमले की ख़बर फैली और फ़लस्तीनियों को इस बारे में पता चला तो इस्राईलियों ने अपनी पालीसी तबदील कर दी और फिर धोका और फ़रेब की एक नई रिवायत क़ाइम हुई। इस्राईली फ़ौजी मक़ामी रेडियो स्टेशन से और ट्रकों पर भारी मैगाफ़ोन लगाकर मुसलमान रहनुमाओं की तरफ़ से अरबी में एलानात करवाते थेः

"अल्लाह के नाम पर अपनी जानें बचाने के लिये भाग जाओ।"

(Dimbleby, "The Palestenians, Page 80)

ज़ाहिरी बात है कि सरकारी सतह पर यही कहा जाता था कि मुसलमान रहनुमाओं ही ने मक़ामी अरब आबादी को भागने का मशवरा दिया था ताकि अपनी जाईदादें छोड़कर इस जंगज़दा इलाक़े से दूर भाग जाएं। लेकिन एक फ़लस्तीनी मुसन्निफ़ वलीद ख़लील और बहुत से दूसरे मुसन्निफ़ों ने जिनमें Erskine Childers भी शामिल है जोकि कि अक़वामे मुत्तहिदा की इस कमेटी कारकुन भी रहा जो कि अरब रेडियो और रिपोर्टें की निगरानी करती थी, इन सबका कहना है कि मुसलमान रहनुमाओं की तरफ़ से फ़लस्तीन में अपने आबाई घरों को छोड़ने का एक ज़र्रा बराबर भी फ़लस्तीनी रहनुमाओं ने नहीं दिया था। इसके बरअक्स मुतअ़द्दद ऐसे हवाले दिये जाते हैं जिनसे यह साबित होता है कि फ़लस्तीनी अरब आबादी से यह कहा गया था कि फ़लस्तीन छोड़ने से मुआमला अपने हाथ से निकल जाएगा और इससे फ़लस्तीनी मक़सदियत को नुक़सान पहुंचेगा। (Woolfson, Portrail of a Palestenian, Page 17)

हत्ता कि सहीवनी भी 1950 ई0 के बाद से इस बात का ज़िक्र करते हैं जब इस्राईली हुकूमत ने फ़लस्तीनी मुहाजिरीन के बारे में यह पालीसी अपनाई: "जो चले गए वह चले गए।" यअ़नी फ़लस्तीनी मुसलमान जो आज भी अक़्वामे मुत्तहिदा के ज़ेरे निगरानी इम्दादी कैम्पों में रह रहे हैं और फ़लस्तीन से चले गए हैं वह दहशतज़दा होकर जब फ़लस्तीन से चले गए तो बस चले गए। अब उन्हें वापस आने दिया जाएगा। यही वह वक़्त था जब इस्राईली हुकूमत यह कहती रही थी: "पनाहगुज़ीनों का मस्ला एक बैनुल अक़्वामी मस्ला है जिसका इस्राईल के क़्याम से कोई तअ़ल्लुक़ नहीं।"

2- झूटा प्रोपेगन्डा:

सहीवनी तहरीक के आग़ाज़ ही से उसके पीछे सबसे बड़ी कुव्वत Anti Semitism थी। जिसका मतलब है "यहूद मुख़ालिफ़" या फिर "यहूद के ख़िलाफ़ नफ़रत" जबकि इसका हक़ीक़ी मतलब यह है कि "इस्राईल के बेटे" (यहूद) "जन्टाइल" (ग़ैर यहूदी इंसानों) के साथ नहीं रह सकते क्योंकि वहां पर उन्हें नफ़रत, तअ़स्सुब और ज़ुल्म का निशाना बनाया जाएगा। इसी लिये यहूदियों को भी अपने आप को अलग करना पड़ेगा, बिल्कुल वैसे ही जैसे "Britan Is British"। यह बात डाक्टर वाइज़मैन ने कही थी क्योंकि सहीवनी तहरीक के लिये सबसे बड़ा मस्ला यह था कि इतने यहूदियों को जमा किया जा सके जोकि न सिर्फ़ इस मक़्सद के लिये माली मदद कर सकें बल्कि वह इस्राईल की तरफ़ नक़्ल मकानी करने के लिये राज़ी भी हों। इस मक़्सद के लिये बहुत से मवाक़ेअ़ पर सहीवनी रहनुमाओं को आम यहूदियों पर दबाव और दहशगर्दी के हथकंडे इस्तेमाल करना पड़े, ताकि वह इस बात को यक़ीनी बना सकें कि यहूदी आबादी फ़लस्तीनियों की आबादी से ज़्यादा है जिसकी

पैदाइश की शर्ह बहुत ज़्यादा है।

जैसे 1945 ई० में अमरीकी सदर फ़्रैंकलिन रोज़वेल्ट ने मग़रिबी यूरपी अक़्वाम जोकि अमरीकियों के साथ हैं, यह तजवीज़ दी कि होलोकास्ट के मज़लूमों को अमरीका और यूरप के लिये एक लाख वीज़ों का इज्रा किया जाए। इस होलोकास्ट से बच जाने वाले यूरपी यहूदियों में से ज़्यादातर मश्रिक़ी वसती (इस्राईल) नहीं जाना चाहते थे और उनका सहीवनियों से कोई तअ़ल्लुक़ नहीं था, लेकिन सहीवनियों ने फ़ौरन इस मंसूबे को (यअ़नी यूरपी यहूदियों को अमरीका का वीज़ा देने के मंसूबे को) शदीद तन्क़ीद का निशाना बनाया और इस बात पर ज़ोर दिया कि कम अज़ कम तीन लाख अफ़राद को इस्राईल भेजा जाए जबकि अमरीका की कांग्रेस पर दबाव डाला गया कि वह सिर्फ़ बीस हज़ार यहूदियों को अमरीका का वीज़ा जारी करे और इस काम में सहीवनियों की मदद की जाए कि बाक़ी सब यहूदी इस्राईल की तरफ़ नक़्ल मकानी कर सकें।

(Dimbleby, "The Palestenians, Page 84)

1950 ई० की दहाई के आग़ाज़ ही में इस्राईल से यहूदियों की वापस नक़्ल मकानी इस्राईल आमद के लिये की गई नक़्ल मकानी से भी बढ़ गई जो कि सहीवनियों के लिये इंतिहाई ख़तरनाक था। इस चीज़ को रोकने और आबादी की इस कमी को पूरा करने के लिये इस्राईली हुकूमत की नज़र क़रीबी अरब मुमालिक पर पड़ी। ख़ास तौर से इराक़ पर जहां 1,30,000 यहूदी आबाद हैं। यहां के यहूदी निस्बतन ख़ुशहाल थे और अरब आबादी के साथ पुरअम्न तरीक़े से रह रहे थे और यहां पर उनकी सियासी साख भी मज़बूत थी। इस्राईल की तरफ़ नक़्ल मकानी की तरग़ीब देने के लिये सहीवनियों ने 1950-51 ई० दर्मियानी अर्से में इराक़ में रिहाइश पज़ीर यहूदियों

के मुहल्ले में तीन बम धमाके किये और उसका यह नक़्शा खींचा कि यह यहूदी मुख़ालिफ़ दहशतगर्द गिरोहों का काम है। इन धमाकों के फ़ौरन बाद ही सहीवनियों ने ऐसे पम्फ़लेट बांटना शुरू कर दिये जिनमें यह दर्ज था कि इस्राईल की तरफ़ हिज्रत की जाए क्योंकि यही वह महफ़ूज़ इलाक़ा है जहां वह अब रह सकते हैं। नाक़िस मंसूबाबंदी और जल्दबाज़ी की वजह से तहक़ीक़ी इदारों की नज़र उन सहीवनियों की तरफ़ हो गई जो इन धमाकों में मुलव्विस थे और इस सिलसिले में तहक़ीक़ात का आग़ाज़ किया गया। एक आदमी जिसका नाम Yehudah Tajja था, को उसके साथियों समेत गिरफ़्तार कर लिया गया जिसने इस बात का एतिराफ़ किया कि उसको धमाके करने के लिये सहीवनियों ने पैसे दिये थे। यह सबूत इराक़ी अहलेकारों के लिये इंतिहाई मुअस्सिर साबित हुए, लेकिन सहीवनी प्रोपेगंडे का कमाल देखिये कि उन्होंने फिर भी इराक़ी हुकूमत पर बहुत ज़्यादा सियासी दबाव डालना शुरू कर दिया। ख़ास तौर से बैनुल अक़वामी हल्क़ों की तरफ़ से बेतहाशा दबाव डाला गया और यहूदियों को इराक़ छोड़ने का मशवरा दिया गया। क़ुदरती तौर पर उन पर सिर्फ़ इस्राईल ही के दरवाज़े खुले थे।

(Hisst, "The Gun and The Olive Branch P155-164")

इससे भी ज़्यादा अफ़सोसनाक वाक़िआ और सहीवनी सफ़ाकियत की मिसाल नवम्बर 1940 ई0 के महीने में Patria नामी कश्ती के डूबने के वाक़िए में हुई जब उसमें सवार कई बर्तानवी मुअज़्ज़ज़ीन को 252 ग़ैर क़ानूनी यहूदी तारिकीन वतन समेत ग़र्क़ करके डूबो दिया गया। इस वाक़िए की तफ़सील 1968 ई0 में Dr. Herzl Resenblim ने तलअबीब के अख़बार Yedios Acheronos में लिखी। Resenbliam ms

सहीवनी ऐक्शन कमेटी का हिस्सा था जिसने इस हमले का हुक्म दिया था। उसने अख़्बार में इंकिशाफ़ किया कि उसने इस तजवीज़ की सख़्ती से मुख़ालिफ़त की थी कि Patria हमला न किया जाए लेकिन उसको सख़्त धमकी दी गई और जिस्मानी तशद्दुद का भी निशाना बनाया गया था ताकि उसकी ज़बान बंद की जा सके। इस ग़ैर इंसानी अमल के दिफ़ाअ में मूशे शाहरत Moshe Sharret ने बयान दिया था (जोकि इस्राईल हुकूमत का आला उहदेदार था): "हमें कभी चंद अफ़राद की कुर्बानी देकर बहुत से अफ़राद को बचाना होता है।" इन यहूदियों को इसलिये कुर्बान किया गया था कि सारी दुनिया में यह ढिंढोरा पीटा जा सके कि यहूद मुख़ालिफ़ लहर हद से तजावुज़ कर चुकी है। यही Anti Semitism सहीवनी तहरीक के ख़ून का हिस्सा और उसकी बक़ा का सहारा है।

यहूद दुनिया भर में अपने ख़िलाफ़ पाई जाने वाली नफ़रत का रोना रोते रहते हैं लेकिन दरहक़ीक़त इसमें मौरूसी और आलमगीर नफ़रत ने इस्राईल के इस्तिहकाम में बड़ा मुअस्सिर किर्दार अदा किया। World Zionist Organization के सदर Dr. Nahun Goldman अपनी 23 जूलाई 1958 ई० की जिनेवा की कांग्रेस में मुन्अक़िद की गई तक़रीर में कहता है:

"यहूद से नफ़रत में मौजूदा कमी ने एक नई घंटी बजा दी है। अब यहूदी हर जगह बराबर के शहरी हैं। जहां यह यहूदी कम्यूनिटी के लिये अच्छी बात, वहां दूसरी तरफ़ हमारी सियासी ज़िंदगी के लिये यह इंतिहाई से ज़्यादा मन्फ़ी असर रखती है।"

इस तरह Davar अख़्बार के मुदब्बिर ने जो कि इस्राईल में सबसे बड़ी सोशलिस्ट पार्टी का अख़्बार है, लिखा था कि वह उन यहूदियों को जोकि सुख का सांस लेकर आराम से दुनिया भर में बैठ

गए हैं, उनको इस तरह से वापस लाएगा कि चंद अच्छी कारकर्दगी वाले नौजवानों को भेज कर यह नअ़रा बाज़ी करवाई जाए: "यहूदियो! तुम इस्राईल वापस चले जाओ।" इससे भी ज़्यादा हैरत अंगेज़ इंकिशाफ़ उस वक़्त सामने आया जब Malkid Greenwald जो कि जर्मन हुकूमत का रुक्न था, उसने इस बात का इक़रार किया कि यहूदी ऐजंसी जो कि उस वक़्त सहीवनी इदारों की सबसे मज़बूत ऐजंसी थी, ने नाज़ियों के साथ यह मुआहदा किया था कि वह हज़ारों की तादाद में यहूदियों को बेदख़ल और यहूदी कैम्पों में मुंतक़िल करने की कोशिशों में ख़ुदकश जर्मन नाज़ी हुकूमत की मदद करेंगे। उसकी ग़र्ज़ यह थी कि उनको सिहतमंद यहूदियों को इस्राईल की आबादी बढ़ाने से इस्राईल भेजने की इजाज़त दी जाए। उसको बाद में मुआफ़ कर दिया गया लेकिन उसने यह इल्ज़ाम यहूदी ऐजंसी के Rudolp Kastner को दिया। उसका एतिराफ़ जर्मन हुकूमत के सबसे बड़े नाज़ी रुक्न Adolph Eihmann ने Life मैगज़ीन के एक आर्टीकल में भी किया।

इंसाफ़ पसंद यहूदियों की जानिब से सहीवनियत की मुख़ालिफ़त

यह बाब बड़ा दिलचस्प है। यहूदियों और सहीवनियों की पैदाकर्दा तबाही व बरबादी को जानने के लिये हमें अरबों ही की नहीं, बल्कि उन यहूदियों की भी सुननी चाहिये जोकि इस्राईल में आए थे और उनकी राए भी लेनी चाहिये। इस सिलसिले में Nahan Chofshi के ख़्यालात हद से ज़्यादा अहम हैं। वह इन पहले पहल के सहीवनी तारिकीने वतन में से थे जिनका जोश एक भयानक तजुर्बे में तबदील हो गया। जब उसने इस्राईल के क़्याम और फ़लस्तीनी आबादी के लिये ग़ैर मुंसिफ़ाना रवय्ये को देखा। वह लिखता है:

"हम आए और हमने मक़ामी अरब आबादी को पनाह गुज़ीनों में तबदील कर दिया और इस सब के बावजूद हम उनको गाली देते हैं और उनसे नफ़रत बरतते हैं। बजाए इसके कि हम अपने किये पर नादिम हों, हमें शर्म आए और हम उसका कुछ हद तक इज़ाला करें। हम अपने भयानक करतूतों का दिफ़ाअ़ करते हैं और उनको मज़ीद बढ़ा चढ़ा कर हसीन मंज़रकशी करते हैं।"

(Dimbleby, The Palestenians, Page91)

Chofsi आगे चल कर कहता है:

"सिर्फ़ एक अंदरूनी इंक़लाब ही से यह ताक़त हमें नसीब हो सकती है कि हम अरबों से क़ातिलाना नफ़रत न करें। अगर ऐसा न हुआ तो यह नफ़रत हमारे लिये बिलआख़िर तबाही लेकर आएगी।

उस वक़्त हमें यह एहसास होगा कि हम पर उन भयानक करतूतों की कितनी भारी ज़िम्मादारी आइद होती है जोकि हमने अरब पनाह गुज़ीनों के साथ रवा रखे। हमने उनके साथ कितना बुरा किया। हमने यहूदियों को दुनिया भर से (सात समंदर पार से) फ़लस्तीन लाकर बसाया लेकिन उन अरबों की विरासतों और जागीरों पर जिनके खेत पर हम काश्तकारी करते हैं, जिनके बाग़ों के हम फल खाते हैं, जिन के अंगूर हम इकट्ठा करते हैं और जिन शहरों में हम रहते हैं, उनको हमने लूट लिया। अरबों से ज़मीन छीन कर हमने तालीम, ख़ैरात और इबादत के लिये इमारतें खड़ी कर लीं और हम अपने लोगों से यह कहते फिरते हैं कि हम अह्ले किताब हैं और दूसरी क़ौमों के लिये एक नूर हैं।''

(Zionint Archies & Library)

Jhon Magnes जो कि Hebraw University का चांसलर था, उसने भी सहीवनियों का ज़िक्र इस तरह से किया थाः ''वह ज़ालिम, ताक़त के नशे में मस्त, माद्दियत परस्त और ज़ुल्म के पुजारी हैं।'' इसी तरह 1956 ई0 में एक इस्राईली की मय्यत की तक़रीब में मूशे दायान (Moshe Dayan) को अपने साथी सहीवनियों से यह कहना पड़ गया थाः

''हम होते ही आख़िर कौन हैं जो कि उनकी नफ़रत के ख़िलाफ़ शिकायत करें? अब आठ साल हो चुके हैं फ़लस्तीनी ग़ज़्ज़ा के पनाहगुज़ीन कैम्पों तक महदूद हो गए हैं और उनकी आंखों के सामने हम उन ज़मीनों और गांव को अपना घर बना लेते हैं कि जिसमें उनके आबा व अज्दाद रहते थे।''

(Hisst, "The Gun and The Olive Branch P172)

1921 ई0 से भी क़ब्ल एक यहूदी मुसन्निफ़ Asher

Ginzburg सहीवनी तहरीक के रुख़ को देखते हुए यह कहने पर मजबूर हो गया था:

"क्या यह वह मंज़िल है जिसके लिये हमारे वालिदैन ने कोशिशें कीं और जिसकी ख़ातिर इतनी नस्लों ने मशक़्क़तें झेली हैं? क्या सहीवन (Zion) की तरफ़ वापसी का यही वह ख़्वाब है जोकि सदियों से हमारे लोग देखते आए हैं लेकिन अब जब हम वहां लौट आए हैं तो हम ज़मीन पर शबे ख़ून मार रहे हैं। वह भी मअ़सूमों का? इन लोगों ने अपने नबियों की क़ुर्बानी देकर और तहज़ीब व तमद्दुन के उसूलों की ख़ातिर ख़ुद उन्होंने मशक़्क़तें झेली हैं, लेकिन यह आपस में हरीस हैं और फिर भी ख़ून बहा रहे हैं और अपनी इंतेक़ाम की ख़्वाहिश को बरक़रार रखे हुए हैं।"

इसके बाद, बहुत बाद, यअ़नी 1940 ई0 क़ी दहाई में एक और यहूदी मुसन्निफ़ Rib Binyomin लिखता है:

"मैं ख़ुद अपने लोगों को पहचान नहीं पा रहा हूं, क्योंकि उनकी रूहों में तबदीली आ चुकी है। इन लोगों ने मज़ालिम और सफ़्फ़ाकियत ही की वजह से नहीं बल्कि इस बात से भी कि अवामी राए में इन लोगों के करतूतों को अच्छी और क़ाबिले सताइश निगाहों से नहीं देखा जाता।"

(Thylier, "The Zionist Mind," P108)

डाक्टर वाइज़मैन जो कि एक "रूथ शील्ड" ऐजंट और सिफ़ारतकार था, उसने 1944 ई0 में जब फ़लस्तीन का दौरा किया तो यह बयान दिया था:

"इस वक़्त माहौल बिल्कुल Militorisation का हो गया है (सहीवनी आबादी और रहनुमाओं का) और इससे भी बुरी चीज़ जो कि अफ़सोसनाक भी है और ग़ैर यहूदी भी कि दहशतगर्दी का

इर्तिकाब भी किया जा रहा है।"

(Zionist Archives and Library)

मशहूर यहूदी मज़हबी रहनुमा Hirsch जोकि Neturei Karata का एक साबिक़ हुक्मरान था, उसने भी यह बयान दियाः "सहीवनियत यहूदियत के हैरानकुन हद तक ख़िलाफ़ है। यहूदी लोग एक रूहानी हलफ़ उठा चुके हैं कि वह बज़ोर ताक़त मुक़द्दस ज़मीन पर वापस नहीं जाएंगे। ख़ास तौर से वह लोग जो वहां पर रह रहे हैं (यअ़नी मक़ामी आबादी) उनकी ख़्वाहिशात के ख़िलाफ़ वह हरगिज़ उस ज़मीन में नहीं जाएंगे। यहूदी लोगों को मुक़द्दस ज़मीन ख़ुद की तरफ़ से दी गई थी और हमने इस पर गुनाह किये। यही वजह है कि हमें जिलावतन कर दिया गया था और हमें उसकी पादाश में यह सज़ा दी गई कि इस ज़मीन को दोबारा लेने की कोशिश नहीं करेंगे।"

(Zionist Archives and Library)

यह यहूदी रहनुमा तो इस हद तक कहता हैः "होलोकास्ट भी सहीवनियत की वजह से हुआ था।"

अब नहीं मालूम कि यह शख़्स होलोकास्ट को ख़ुदा की पकड़ इस वजह से समझता था कि यह सब सहीवनियों की नाफ़रमानी की वजह से होता आया फिर सहीवनी क़्यादत के काले करतूतों को इसकी वजह समझता था? ("रूथ शील्ड" और उसका नेटवर्क और उसके सूवियत नाज़ी और अमरीकी हुकूमत के साथ तअ़ल्लुक़ात) यह बात तो वाज़ेह नहीं, लेकिन यह बात अपनी जगह मुसल्लम है कि उसे सहीवनियत की मचाई गई तबाही का अंदाज़ा ज़रूर हो चुका था।

हिस्सा दोम

फ़ील्ड स्टडी

इस्राईल जाकर मुरत्तब की गई यह मालूमात बहुत ज़्यादा जामेअ़ नहीं हैं, लेकिन जो कुछ भी मैं लिख रहा हूं वह मेरा ज़ाती तर्जुबा है। इसके लिये मैंने फ़लस्तीन के मक़ामी बाशिंदों से बहुत से इंटरव्यू किये। मैं मक़ामी लोगों से बहुत ज़्यादा घुल मिल गया ताकि मुझ को अपने क़ारईन को तहक़ीक़ी बात बताने में ज़्यादा हिचकिचाहट न हो। मैंने ज़िंदगी के तमाम शोअ़बों से तअ़ल्लुक़ रखने वाले अफ़राद का इंटरव्यू किया। मैंने इन अफ़राद के साथ गुफ़्तगू इस तरह से नहीं की कि उनको यह एहसास हो मैं उनसे कुछ पूछ रहा हूं, बल्कि मैं उनसे झूट मूट बहुत सी ऐसी चीज़ें कह दता था जिससे उनको पता नहीं चलता था कि मैं उनसे सब किस लिये पूछ रहा हूं? इसलिये मुझे बहुत सी ऐसी बातें मालूम हुईं जिनका आम हालात में मालूम होना मेरे लिये नामुम्किन था। जिन लोगों ने मुझे इजाज़त दी मैंने उनके अस्ली नाम लिखे हैं और उनके शहर भी बताए हैं, लेकिन मैंने ज़्यादर अपने इन दोस्तों की शनाख़्त को खुफ़िया ही रखा है।

मैंने सबसे पहले इस बात की कोशिश की कि वाक़िआत से बराहे रास्त मुंसलिक लोगों के इंटरव्यू किये जाएं। फिर उनको मैंने दूसरे इंटरव्यूज़ से मिलाकर और दीगर ज़राए और तरीक़ों से उनकी जांच की और उनके Reliability (मुस्तनद होने के सबूत) को देखा। मैंने इस सिलसिले में ऐसे सवाल नामों (Questionarer)

जो कि एक जैसे और मेअयारी थे, का भी इस्तेमाल किया। यह सवाल नामे मैंने उन लोगों से भरवाए जो मुख़्तलिफ़ इलाक़ों के रहने वाले थे और एक दूसरे को जान भी नहीं सकते थे, लेकिन उनके जवाबात में हैरानकुन हद तक मुमासिलत मौजूद थी। इन सबको मद्दे नज़र रखते हुए मैं बिलआख़िर इन नतीजे पर पहुंचा कि वाक़ई इस्राईली हुक्काम और फ़ौजी फ़लस्तीन के सियासी क़ैदियों को मुनज़्ज़म तरीक़े से और बाक़ाएदा मंसूबे के तहत अज़ियत देते हैं और आम फ़लस्तीनी आबादी के इंसानी हुक़ूक़ की खुली ख़िलाफ़ वर्ज़ी कर रहे हैं।

आर्थडोक्स (कट्टर) यहूदी और सहीवनियत:

इससे पहले कि मैं अपनी तह्क़ीक़ात का तफ़सील से ज़िक्र करूं और फ़लस्तीनियों के लिये इस्राईलियों के रवय्ये का ज़िक्र करूं, मैं इतने ही ज़रूरी एक और मौज़ूअ़ का ज़िक्र करना चाहूंगा जो एक आम इस्राईली ज़ह्नियत की अक्कासी करता है। "आर्थोडोक्स" यहूदी मज़हबी तन्ज़ीमें इस्राईल के लिये सख़्त रवय्या रखती हैं। इनमें से ज़्यादातर इस्राईली फ़ौज में शमूलियत के मुकम्मल ख़िलाफ़ हैं हत्ता कि बअ़ज़ तो इस्राईल को तसलीम तक नहीं करते, लेकिन इस सब के बावजूद आर्थोडोक्स यहूद के सहीवनी तहरीक और उसके रहनुमाओं पर गहरे असरात मौजूद हैं। इसके अलावा उनकी इस्राईली के क़्याम के लिये की जाने वाली कोशिशों को भी नज़र अंदाज़ नहीं किया जा सकता। (मुसन्निफ़ यह कहना चाहते हैं कि जो यहूदी सहीवनियत के किसी हद तक मुख़ालिफ़ हैं, वह भी इस्राईल के क़्याम में उनके मुआविन और मुसलमानों पर ढाए जाने वाले मज़ालिम पर ख़ामोश हामी या शरीककार हैं।)

अपने आप को जब मैंने एक नौजवान यहूदी मज़हबी तालिबे

इल्म ज़ाहिर किया तो मैंने कई दिन यरोशलम के "आर्थोडोक्स यशीवा" (Yashiva): यह एक तरीक़े का मुनज़्ज़म कैम्प होता है) जो पुराने अलकुद्स शहर में वाक़ेअ़ है, में दाख़िला ले लिया और कई दिन तक वहीं रहा। इस दौरान मैंने बहुत से मज़हबी मुबाहिसे और मुज़ाकिरे व मनाज़िरे भी देखे जो कि इल्मी नोइयत के थे, लेकिन इनका तअ़ल्लुक़ बराहे रास्त मज़हब से था। इसके अलावा मैंने बहुत से राहिबों (यहूदी मज़हबी पेशवाओं) से भी गुफ़्तगू की जिसमें उनसे तौरात और तालमूद के बारे में बात की जाती थी। यही बातें मैं बाद में अपने साथी तालिबे इल्मों से भी करता था और उनसे मुज़ाकिरात के ज़रीए अपनी मालूमान को मुस्तनद और वसीअ़ करता था।

तौरात तो इस हद तक मुब्हम मतालिब व मफ़ाहीम पर मुशतमिल है कि उनमें खुद आपस में तदाद मौजूद है। इसी बिना पर उसकी ज़रूरत पेश आई कि ज़बानी क़ानून को "मिशनाह" (Mishnah) की शक्ल में अलग से तरतीब दिया जाए जो कि सिर्फ़ मअ़नी और तशरीह मालूम करने के लिये इस्तेमाल होगा। इसके लिये हमें "तालमूद" के एक और हिस्से जिसका नाम "जिमारह" (Gemarah) है, को भी इस्तेमाल करना होता है जो कि हक़ीक़तन इस क़ानूनी राए वह्य (यहूदी उलमा के फ़तावे) पर मुशतमिल है जोकि नस्ल दर नस्ल यहूदी राहिबों ने की थी और इसके कुछ हिस्से जनाबे ईसा (अलै0) से भी पहले ज़माने के हैं।

एक और चीज़ जिस पर आर्थोडोक्स यहूदी सबसे ज़्यादा ज़ोर देते हैं, बल्कि यह कहना सही होगा कि उनकी बुन्याद ही इस चीज़ पर है, वह यह कि तमाम क़वानीन को बिल्कुल "जामेअ़" कर दिया जाए ताकि दुनिया के हर मस्ले का हल उसमें मौजूद हो और कोई भी मस्ला रह न जाए जो इन यहूदी मज़हबी क़वानीन के रू से हल

न होता हो। तौरात के बारे में, मैं कोई आलिम नहीं हूं लेकिन मैं जो समझता हूं वह कुछ यूं है कि तौरात की सबसे पहली शक्ल "अहकामे अशरा" थी। बाद के अंबिया के जो सहीफे आए वह तौरात में शामिल किये जाते रहे जबकि इसकी वज़ाहत और इसके मआनी यह लोग अलग किताबों में लिखते थे जैसे तालमूद। तालमूद की तारीख़ के मुताबिक़ यह बाबुल में कैद की तारीख़ तक मुकम्मल हो गई थी, जबकि मिशनाह (Mishanah) ईसा (अलै0) के आस पास की लिखी हुई है। अजीब बात यह है कि इसमें और तालमूद में पैग़म्बरों के अलावा यहूदी उलमा के फ़त्वे भी दर्ज किये हुए हैं। जिस सवाल का उनके पास जवाब न होता कि इंसान को यह अच्छी तरह से पता हो कि उसे किस तरह से और क्या करना चाहिये, इसके मुतअ़ल्लिक़ जवाबात इन्ही क़वानीन से दरयाफ़्त किये जाते हैं। (यह बिल्कुल सूरह बक़रा में मज़कूर गाए वाला वाक़िआ है कि किस रंग की, कितनी उम्र की और कैसे औसाफ वाली गाए? राक़िम) इसका नतीजा यह है कि हैरानकुन हद तक यह 613 क़वानीन हैं जो कि वक़्त के साथ साथ बनते चले आए हैं और यह बढ़ते ही चले गए हैं। अगर कोई चाहता है कि वह खुदा से करीब पहुंच जाए तो उसे इन सब पर अच्छी तरह से और पूरी पूरी तरह से अमल करना पड़ता है। ज़िंदगी का हर पहलू जिसमें उसका रहन सहन, उसका लिबास, उसका खाना पीना, उसके बाल, उसके ख़्यालात, उसकी इबादात और उनके तरीके बिल्कुल इसी तरह से होने चाहियें जिस तरह कि यह 613 क़वानीन बताते हैं।

हत्ता कि आम से आम मौज़ूआत और ज़िंदगी की रोज़मर्रा की चीज़ें भी इन्ही क़वानीन की भेंट चढ़ गई हैं, जैसे मिसाल के तौर पर जब मैं Yeshiva (यशीवा) में था तो वहां के तालिबे इल्म रिहाई

(ज़ेरे तरबियत यहूदी पेशवा) तीन दिन तक सिर्फ़ एक नुक्ते पर बहस करते रहे। बात सिर्फ़ इतनी सी थी कि अगर हवा ज़ोर से चले और मेज़ पर मौजूद एक शख़्स के चशमे को ज़मीन पर गिरा दे और उसका साथी उस पर चढ़ जाए तो तालमूद की रौशनी में उस वक़्त क्या फ़ैसला होना चाहिये? तलबा इस बात को मद्दे नज़र नहीं रखे हुए थे कि वह इस सिलसिले में अपनी ज़ाती राए दें कि इन चशमों के नुक़सान का ज़िम्मादार कौन है? वह तो इसी बात पर उनके हुए थे कि इस सूरत में "तालमूद" क्या कहती है? क्योंकि इस पूरी बहस में अपने दिल और दिमाग़ की कोई गुंजाइश नहीं होती हैं। बंदा ख़ुदा की तरफ़ सिर्फ़ उसी सूरत में रुजूअ़ कर सकता है या फिर उसकी तवज्जोह का मर्कज़ बन सकता है, जब वह तालमूद के क़वानीन की बहुत ज़्यादा पासदारी पूरी तरह करता हो और उसकी कोशिश यह हो कि वह ज़िंदगी को इस क़ानून के ताबेअ़ कर ले, हत्ता कि ज़िंदगी की इस्प्रिट (रूह को भी) इसी क़ानून के मातहत और ताबेअ़ कर लिया जाए ताकि वह बिल्कुल हर्फ़ ब हर्फ़ मिशनाह (Mishnah) के क़वानीन जैसी हो जाए।

लेकिन इन सबके बाद मैंने यह नतीजा अख़्ज़ किया कि इन आर्थोडोक्स यहूदियों के मुतअ़ल्लिक़ यह बात कही जा सकती है कि यह लोग ख़ुदा के वजूद को अपने अंदर ढूंढने के बजाए एक दूर दराज़ की फ़र्ज़ी दुनिया और ख़्याली क़वानीन में ढूंढते हैं। यही वजह है कि इंसान हमेशा के लिये ख़ुदा से जुदा हो जाता है और इन्ही क़वानीन की भूल भुलय्यों (Maze) में गुम हो जाता है। ज़्यादा से ज़्यादा वह यही कर सकता है या फिर उसके पास यही चारा रह जाता है कि इस धुंधले से रिश्ते के ज़रीए जिसको वह क़ानून कहता है, इसके ज़रीए वह ख़ुदा से अपना तअ़ल्लुक़ जोड़ सके, लेकिन यह

भी उसी सूरत में मुम्किन है जब वह अपनी ज़िंदगी का एक एक पल तालमूद की हज़ारों तशरीहात में तलाश करे, जो कि उसके यहूदी उलमा (स्कालर्ज़) ने बयान किये हैं।

आर्थोडोक्स (Orthodox) यहूदियत का अगर चंद लफ़्ज़ों में खुलासा निकाला जाए तो यह बनता है:

"हर तरह से अक़्ल का दिल पर जबरी और न ख़त्म होने वाला निफ़ाज़, ज़िम्मादारी (Duty) का अशद्द ज़रूरत पर, ख़्याल का एहसासात पर।"

लेकिन क्या ज़िंदगी इस हद तक क़ानून के ज़ेरे असर हो सकती है कि हर चीज़ पत्थर पर लिख दी जाए? क्या इंसानी रूह को और उसके ख़्याल और अमल को इस हद तक मुक़य्यद किया जा सकता है? क्या इंसानी फ़ित्रत और जिबिल्लत को इंसान के हर अमल पर असरअंदाज़ हो जाने वाले और इंसान ही के बनाए हुए क़ानून के ताबेअ़ किया जा सकता है? अगर ग़ौर किया जाए तो क्या इस चीज़ की ख़्वाहिश भी करना, इंसानी आज़ादी, ज़रूरत और जोश व वलवला इन सबको मिटाने और ज़िंदगी से ही नफ़रत करने के मुतरादिफ़ नहीं है???

"तालमूदी यहूदियत" ज़ह्न को क़ाबू करने का एक सिस्टम है जिससे शख़्सी इंफ़िरादियत का ख़ात्मा कर देने की कोशिश की जाती है। यह आज़ादी को Pharisees Rubic के तंग रास्तों तक महदूद करने की कोशिश है। हमें यह भी मालूम होना चाहिये कि फ़रीसी (Pharisees) यअ़नी यहूदी अहबार और फ़क़ीह, ईसा (अलै0) के सख़्त मुख़ालिफ़ थे। सिर्फ़ यह वह लोग हैं जिनके लिये ईसा (अलै0) नफ़रत और नापसंदीदगी का मुआमला फ़रमाते थे। तालमूदी यहूदियत हज़रत ईसा (अलै0) के बिल्कुल ख़िलाफ़ खड़ी है

क्योंकि ईसाइयत में मुहब्बत की वकालत की गई है, एक ऐसी चीज़ की जोकि दुनिया के तमाम बड़े मज़ाहिब का नस्बुल ऐन रहा है, जिसमें यहूदियत भी शामिल है, मासिवाए यहूदियत का "फ़रीसी" (Pharasaic) फ़िर्क़ा।

बहुत से यहूदी जिनमें खुद "आर्थोडोक्स यहूदी" भी शामिल हैं, खुद ज़िंदगी और रूह के ख़िलाफ़ "तालमूदी जंग" में दिलचस्पी नहीं रखते। वह ईसाइयत के ख़िलाफ़ इस नज़रियाती जंग की तरफ़ भी माइल नहीं होते जिसे यहूदी वरपा करते चले आए हैं......लेकिन फिर भी यह चीज़ उनके शुऊर में ज़रूर लिख दी जाती है, क्योंकि यह तो सबसे बुन्यादी चीज़ है जिस पर रिबाइयों (यहूदी पादरियों) की तरबियत होती है। इसी चीज़ से यहूदी ज़हनियत मुतअस्सिर होती है और अक्सरियत को यह मौक़ा फ़राहम करती है क वह उस थोड़े से तबक़े के लिये न ख़त्म होने वाली मदद करते रहें, जिसका काम ही यही है कि वह दूसरी क़ुव्वतों के साथ मिल कर इंसान के पास मौजूद सबसे क़ीमती चीज़ को तबाह कर सकें, यअ़नी इंसानी रूह की वह आज़ादी जिस पर आज तक आंच नहीं आई।

☆☆☆

इस्राईल में प्रेस का किर्दार

दरयाए उर्दुन के मग़रिबी किनारे में सफ़र के दौरान मैं खुशकिस्मत था कि फ़लस्तीनी सहाफ़ियों से राबते में आ गया जिन्होंने मुझे इस बारे में बताया कि इस्राईली मीडिया किस तरह से काम करता है? इस्राईली मीडिया आम तौर से वही कुछ बयान करता है कि उसे इस्राईल के अस्करी तर्जुमान बताते हैं। इन अस्करी बयाना में सिर्फ़ यहूदी फ़ौजियों से ली गई मालूमात को मद्दे नज़र रखा जाता है और दीगर ऐनी शवाहिद का तो तज़किरा भी नहीं होता। अरब सहाफ़ियों को हर चीज़ जो कि वह लिख रहे हैं इस्राईली सेंसर वालों को देनी पड़ती है। इस महकमे के निगरान अक्सर आर्टीकलों को निकाल देते हैं जोकि हुकूमत, फ़ौज, पुलिस और आर्मी के काले करतूतों की निशानदही करते हैं। इस्राईली सेंसर वाले इस बात पर सबसे ज़्यादा ज़ोर देते हैं कि इन वाकिआत के पसमंज़र को बयान न किया जाए। जैसे मिसाल के तौर पर इस्राईल का एक फ़लस्तीनी ऐजंट (जोकि इस्राईलियों की मदद कर रहा है) अपने ही किसी फ़लस्तीनी पर या इसके घर या मुहल्ले पर हमला करता है या फिर इस्राईली अफ़वाज अपनी पसंदीदा "इज्तिमाई सज़ाओं" के लिये कार्रवाई करती हैं तो इस आर्टीकल में इस तरह की छोटी तफ़सील शामिल नहीं होनी चाहिये कि यह कार्रवाइयां सिर्फ़ इसलिये की जाती हैं कि फ़लस्तीनी हड़ताल जैसे "गुनाहे अज़ीम" का एलान करते हैं या फ़िर बच्चे दीवारों पर नअ़रे लिख देते हैं या फिर मुज़ाहिरे करते या इस बात पर धरना देते हैं कि उनके शहरी हुकूक की खुली ख़िलाफ़ वर्ज़ी हो रही है।

दूसरी तरफ यरोशलम पोस्ट (Jerosalem Post) जोकि ज़र्द सहाफ़त (Yellow Journalism) की एक नादिर मिसाल है, चीख़ चीख़ कर इस्राईली फ़ौज के ऊपर हमले का एलान करेगा, लेकिन वह इस हक़ीक़त को नज़रअंदाज़ कर देगा कि इस्राईली फ़ौजियों ने इस अरब हमला करने वाले के ख़ानदान के अफ़राद को बग़ैर किसी वजह के गिरफ़तार कर लिया था। अगर कोई फ़लस्तीनी सहाफ़ी इन तमाम बातों के बावजूद हक़गोई से काम लेता है तो इस्राईली सेंसर वाले इस पर सख़्त जुर्माने लगाते और क़ैद की सज़ा देते हैं। इसके अलावा इस्राईली फ़ौज कभी भी इस चीज़ में झिझक महसूस नहीं करती कि वह अपने मुल्क की जम्हूरी अक़्दार से सर्फ़े नज़र रखते हुए अपनी पालीसियों से थोड़ा सा भी इख़्तिलाफ़ रखने वालों के ख़िलाफ़ कार्रवाई करें। मिसाल के तौर पर Voice of Palestine रेडियों जोकि एक अरब स्टेशन है और सीडोन में वाक़ेअ़ है अपना ज़्यादातर वक़्त फ़लस्तीनी सियासी मसाइल को देता है, उसको इस्राईली ज़ेरे ज़मीन (ख़ुफ़िया) दस्तों ने 1988 ई0 में उड़ा दिया था। और फिर दोबारा एक मर्तबा 1990 ई0 में उस पर धावा बोला जिसकी वजह से सात अफ़राद जान से हाथ धो बैठे थे और अट्ठारह दूसरे ज़ख़्मी हो गए थे। फ़लस्तीनी सहाफ़ी और बअ़ज़ औक़ात तो ग़ैर मुल्की रिर्पोटर और कैमरामैन भी बेदर्दी से गोलियों का निशाना सिर्फ़ इस वजह से बना दिये गए कि वह एक "ग़लत वक़्त पर ग़लत जगह में" मौजूद थे और उनको अक्सर औक़ात हमले से पहले कोई वार्निंग भी नहीं दी जाती थी।

इस्राईली क़ातिल इसक्वाड और ग़ैर मुल्की मीडिया

इस मौज़ूअ़ पर रौशनी डालने के लिये सबसे अच्छी मिसाल यह है कि किस तरह से इस्राईली हुकूमत बैरूनी मीडिया और सहाफ़ियों से मुआमला करती है? ख़ास तौर से इस "ख़ुसूसी यूनिट" से जिसका मक़्सद बड़ी मछलियों को क़त्ल करना है। "इंतिफ़ाज़िया" के आग़ाज़ ही से इस्राईलियों ने ज़ेरे ज़मीन ख़ुसूसी दस्ते तशकील दिये जिनका मक़्सद ही उन लोगों का ख़ातमा करना है जिनको वह ख़तरा समझते हैं। फ़लस्तीन इंसानी हुकूक़ के मर्कज़ (PHRC) Palestenian Human Rights Centre और Elia Zureil जोकि Queens यूनीवर्सिटी में Sociology की प्रोफ़ेसर है, के मुताबिक़ 1988 ई० से 75 फ़लस्तीनी बाशिंदों को इन्ही ख़ुसूसी ज़ेरे ज़मीन दस्तों के ज़रीए मार दिया गया। इन ख़ुसूसी दस्तों के अह्लेकार अरबों ही की तरह लिबास पहनते हैं और अपने फ़रेब देने वाले हुलिये की वजह से बेगुनाह शिकारों की तरफ़ इतनमीनान से जाते हैं और क़रीब पहुंच कर मशीनगन की गोलियां बरसाते हैं। जब अस्करी तर्जुमान से बार बार पूछा गया तो उन्होंने बताया कि 1991 ई० में जिन 29 लोगों को शहीद किया गया। इनमें से सिर्फ़ 7 के पास पिस्तौल या फिर महज़ छुरियां थीं। उनको Mista Rivim (मुस्तअ़ रीवीम) यअ़नी अरब भेस में मौजूद अह्लेकारों ने शहीद किया था। इनमें से भी सिर्फ़ तीन ने किसी क़िस्म की मुज़ाहमत की

थी। आधे से ज़ाइद अफ़राद ऐसे थे जिनकी उम्रें बीस साल से भी कम थीं। यह खुसूसी दस्ते इस्राईली जवाबी कार्रवाइयों के लाज़मी जुज़ बन गए थे और यह वज़ीरे दिफ़ाअ़ इसहाक़ राबिन के ज़ेरे निगरानी थे, जो कि बाद में इस्राईल का वज़ीरे आज़म मुंतख़ब हुआ था।

अगर्चे इस्राईली ज़ेरे क़ब्ज़ा इलाक़ों में इन्ही खुसूसी दस्तों के वजूद का इक़रार ज़रूर करते हैं, लेकिन वह इस बात पर भी ज़ोर देते हैं कि यह मौत के दस्ते (Death Squad) नहीं हैं बल्कि उनको इसलिये तशकील दिया गया था कि वह फ़लस्तीनी आबादी के अंदर घुस कर मुतशद्दिद और इंतिहा पसंद अनासिर को पकड़ सकें जोकि इंतिफ़ाज़ा की हिमायत कर रहे हैं। फ़ौज ने तो इस तरह की फ़िल्में भी बनाई हुई थीं, ताकि अवाम को दिखाया जा सके कि यह ज़ेरे ज़मीन दस्ते किस तरह से घात लगाकर गिरफ़्तारियां करते हैं और अपनी महारत और लगन के साथ इन दहशतगर्दों को पकड़ लेते हैं? इस फ़िल्म में कहीं भी यह नहीं दिखाया गया था कि इस्राईली फ़ौजियों का यह संगदिल दस्ता बेगुनाह फ़लस्तीनियों को किस तरह बेदर्दी से क़त्ल करता है।

ग़ैर मुल्की मीडिया और इंसानी हुक़ूक़ के गुरूपों ने इसके बिल्कुल बरअ़क्स नक़्शा पेश किया है, जोकि इस्राईली फ़ौज के प्रोपेगंडे को पाश पाश कर देता है। उन्होंने तो कई सियासी क़त्ल और ज़ेरे ज़मीन दस्तों की कार्रवाइयां भी दिखाई हैं। CBS-TV को मजबूर किया गया था कि वह उस टेप को तबाह कर दे जिसमें फ़ौजियों को हमला करते हुए दिखाया था। यह 1988 ई0 का वाक़िआ है यअ़नी सरकारी सतह पर इक़रार से भी तीन साल क़ब्ल का। एक और मौक़ा पर 1988 ई0 में तीन सहाफ़ियों को राइटर्ज़

और Financial Times से मुअत्तल कर दिया गया था जब उन्होंने इस रिपोर्ट की इशाअत की कि "खुसूसी दस्ते" क्या हैं और यह किस तरह काम करते हैं? इस्राईली वज़ीरे आज़म इसहाक़ राबिन ने इन तमाम इल्ज़ामात का इन्करार किया था और इन्हें "मुकम्मल बेकार" कहकर मुस्तरद कर दिया था। अगर्चे इन तीनों सहाफ़ियों को बहाल कर दिया गया था लेकिन राइटर्ज़ का सहाफ़ी Steve Weizmann उस वक़्त बाल बाल बचा जब एक धमाका खेज़ मवाद ने उसकी गाड़ी को तबाह कर दिया, जबकि Financial Times के नामा निगार Andrew Whitley पर हमला किया गया था और एक नामालूम हमलाआवर के ज़रीए उसकी पिटाई लगाई गई थी। यह अफ़सोसनाक वाक़िआ यरोशलम में उस लम्हे के कुछ देर बाद पेश आया जब उसने अपनी रिपोर्ट करवाई थी।

इस हक़ीक़त की कि ज़ेरे ज़मीन दस्ते दरहक़ीक़त क़त्ल के दस्ते (Death Squad) होते हैं, तसदीक़ कई ज़राए से हो चुकी है जिनमें खुद इस्राईली मीडिया भी शामिल है। जैसाकि Danny Rubenstien ने 25 जनवरी 1992 ई0 के शुमारे में इस्राईली अख़बार Haarety ने ज़िक्र किया था। इस आर्टीकल में उसने इस बात का तज़किरा किया था कि इस्राईली फ़ौजियों ने एक नौजवान मुहम्मद आबिद को महज़ शक की बिना पर मार दिया हालांकि वह अस्करी आदमी नहीं था। इस्राईली मुसन्निफ़ Maya Rosenfeld ने खुद 1989-90 ई0 के दौराने इस्राईली फ़ौजियों के हाथों किये गए 18 सियासी क़त्ल गिनवाए। यह रिपोर्ट उसने Association of Civil Rights in Israel के लिये बनाई थी।

ऐमनिस्टी इंटरनेशनल ने भी जनवरी 1990 ई0 में अपनी रिपोर्ट

में इस बात का ज़िक्र किया था कि फ़लस्तीन में सियासी क़त्ल की वारदातों में इज़ाफ़ हुआ है। इस रिपोर्ट में यहां तक लिखा हुआ था:

"पिछले चंद सालों में इस्राईली हुकूमत ने इंतेहाई महारत से मावराए अदालत क़त्ल की मज़म्मत भी की और साथ ही हौसला अफ़ज़ाई भी की। ख़ास तौर से अफ़वाज के ज़रीए क़त्ल की, ताकि वह इंतिफ़ाज़ा के दौरान फैली हुई ख़राब सूरतेहाल को क़ाबू कर सके।"

बनाई। और उन्होंने ख़ुदावंद की आवाज़ जो ठंडे वक़्त बाग़ में फिरता था सुनी और आदम उसकी बीवी ने आपको ख़ुदावंद के हुज़ूर से बाग़ के दरख़्तों में छिपाया। तब ख़ुदावंदे ख़ुदा ने आदम को पुकारा और उससे कहा कि तू कहां है? उसने कहाः मैंने बाग़ में तेरी आवाज़ सुनी और मैं डरा क्योंकि मैं नंगा था और मैंने अपने आप को छिपाया। उसने कहा तुझे किसने बताया कि तू नंगा है? क्या तूने उस दरख़्त का फल खाया जिसकी बाबत मैंने तुझको हुक्म दिया था कि उसे न खाना? आदम ने कहा कि जिस औरत को तूने मेरे साथ किया है उसने मुझे इस दरख़्त का फल दिया और मैंने खाया। तब ख़ुदावंद ख़ुदा ने औरत से कहा कि तूने यह क्या किया? और ख़ुदावंद ख़ुदा ने सांप से कहा इसलिये कि तूने यह किया तो सब चौपायों और दशती जानवरों में मलऊन ठहरा। तू अपने पेट के बल चलेगा और अपनी उम्र भर ख़ाक चाटेगा। और मैं तेरे और औरत के दर्मियान और तेरी नस्ल और औरत की नस्ल की दर्मियान अदावत डालूंगा। वह तेरे सर को कुचलेगा और तू उसकी ऐड़ी पर काटेगा।"

(पैदाइशः बाब3, आयतः1 ता 16)

इस मफ़हूम की रिवायात मुफ़स्सिरीन ने भी नक़्ल की हैं जो मशहूर तफ़ासीर में मौजूद हैं। मसलन देखियेः तफ़सीर इब्ने कसीरः1/218, तफ़सीर तबरीः1/336, तफ़सीरे किशाफ़ः1/128 वग़ैरा।

क़ुर्आन मजीद में ज़िक्र है फ़िरऔन के दरबार में जब जादूगरों ने अपनी लाठियां और रस्सियां मंतर पढ़कर ज़मीन पर डालीं तो वह सांप की शक्ल में बदल गईं और ऐसा लगा कि हज़रत मूसा अलै० की तरफ़ तेज़ी से दौड़ रही हैं। इससे मालूम होता है जादू की दुनिया में सांप की ख़ास अलामती अहमियत है और यह सिफ़्ली ताक़त

और शैतानी कुव्वत की नुमाइंदा शबीह है। दुनिया की तक़रीबन तमाम क़ाबिले ज़िक्र ज़बानों के महारों और इस्तेआरों में सांप बदी और तकलीफ़ का दूसरा नाम माना जाता है। माहिरीने तअ़बीर के नज़दीक ख़्वाब में सांप नज़र आना बहुत बुरी अलामत समझा जाता है। ग़र्ज़ यह कि सांप या उसकी शबीह शर ही शर है। यह शैतान की फ़ितरी दुशमनी और ज़हरीली ताक़त का इस्तेआरा है, लेकिन इस सबके बावजूद उसकी नामानूस और वहशतनाक शक्ल को जिसे नफ़रत, कराहत और अज़िय्यत की अलामत समझा जाता है, इन इदारों की मानूस अलामत बना कर पेश करने की कोशिश की जा रही है जो इंसानियत के ख़ादिम और मुहसिन समझे जाते हैं। सिहत और महकमा हाए सिहत से सांप जैसी मूज़ी मख़्लूक़ का क्या तअ़ल्लुक़ हो सकता है? लेकिन आलमी इदारए सिहत से लेकर मैडीकल स्टोर, लेबारट्रीज़ और शुअ़बए सिहत से मुतअ़ल्लिक़ा इदारों तक आप को यह जानवर कुंडली मारे, जिस्म लहराते, बल खाते या फन उठाए नज़र आ रहा होगा। सोचिये तो सही मसीहाई का मरहम बांटने और बीमारी का तिर्याक़ तक़सीम करने वालों से इस मूज़ी मख़्लूक़ और करीहुल फ़ितरत शबीह का क्या वास्ता हो सकता है? लेकिन दजल इसी को तो कहते हैं कि खुला दुशमन, मुहसिन व मुश्फ़िक़ हमदर्द के रूप में पेश किया जाए। ताकि लोग इससे नफ़रत न करें, इससे मानूस हो जाएं। उन्हें इससे घिन न आए, उंसियत महसूस करने लगें। सांप की तरह बल खाती लहरें जो रस्सियों की शक्ल में होती हैं, भी जादू और शैतान से मंसूब अलामत हैं, जैसे कि पेप्सी के लोगो में दिखाई गई हैं। शैतान की यही शक्ल फ़ाइटर्ज़, रीसेलर्ज़ और हीरोज़ के लिबास पर अज़दहा की शक्ल में पेश की जा रही है और कुव्वत व ताक़त का सिम्बल मानी जाती है। अंग्रेज़ी हर्फ़

A को जिस तरह तिकोन के डीज़ाइन में और e, o या Q को आंख के लिये इस्तेमाल किया जाता है, इस तरह S के हर्फ़ को बआसानी सांप की अलामती शक्ल बना लिया जाता है। इस S के सिरे पर एक नुक़्ता भी लगा दें तो यह बिल्कुल तैयार सांप है जैसा कि "सुपर" नाम के चैनल्ज़ या सुपर स्टोर की पेशानी पर बआसानी दिखाया जा सकता है। जिस दिन इस आजिज़ ने तहरीर लिखी उसके अगले रोज़ एक सी एन जी स्टेशन पर गाड़ी रुकी तो सामने स्टोर की पेशानी पर "सुपर मार्ट" लिखा हुआ था और सुपर की शक्ल में सांप अपने सर पर मौजूद ज़हरीले नुक़्ते के साथ लहरा रहा था। वापसी में सड़क की दूसरी जानिब सी एन जी स्टेशन पर रुके तो उस पर सी एन जी के नाम मुख़फ़्फ़फ़ "S" की शक्ल में जाबजा सजा हुआ था। ऐस को खूबसूरत शक्ल देने के लिये जो डीज़ाइनिंग की गई थी उसमें और सांप में बस ज़हर की पोटली का फ़र्क़ था और कोई कसर न थी। क्योंकि एस के शुरू में लगा हुआ नुक्ता एक नुक़्ते वाले गंजे सांप की हूबहू नक़्क़ाली कर रहा था। सांप दूसरी दज्जाली अलामतों में से इस एतिबार से कुछ आगे की चीज़ है कि बअ़ज़ जाहिल और तवहहुम परस्त फ़िर्क़े अज़दहा में खुदाई कुव्वतों की कारफ़रमाई तसलीम करके उसकी पूजा शुरू कर देते हैं। यअ़नी उसे देवताओं का अवतार समझते हैं। दरहक़ीक़त शैतान उनसे अपनी इबादत करवा रहा होता है। जैसा कि कुछ बदनसीब सूरज की पूजा करते हैं, तो शैतान सूरज के सामने इस रतह खड़ा हो जाता है कि सूरज उसके दो सींगों के बीच में आ जाता है। इस तरह वह अपनी अना की तसकीन कर लेता है कि मेरे वरग़लाने पर जो बनी आदम सूरज की या किसी और चीज़ की पूजा कर रहे हैं, वह गोया कि मेरी पूजा कर रहे हैं। हज़रत आदम अलै0 से दुशमनी का अह्द भी पूरा

हो जाता है और उसकी झूटी अनानियत को तसल्ली भी मिल जाती है। पस इब्ने आदम को ज़ेब नहीं देता कि अपने आबाई दुशमन की शबीहें सजाता फिरे या उसके शैतानी असरात वाली शक्लों को आवेज़ां करके दुशमन की खुशी में इज़ाफ़े का बाइस बने।

☆☆☆

जादू के औज़ार

छटी अलामत - खोपड़ी और हड्डियां:

जो लोग जादू जैसा गंदा काम करते हैं उनके पास जंतर मंतर का जाप करते वक़्त मुर्दे की खोपड़ी या हड्डियां ज़रूर मौजूद होती हैं। उरफ़े आम में जब दो हड्डियां क्रास में बना कर उनके बीच में खोपड़ी सब्त की जाए तो यह ख़ौफ़ व ख़तरे की अलामत समझी जाती हैं, लेकिन मज़ेदार सवाल यह है कि दहशत और शयतनियत की यह अलामत बच्चों की टोपियों, नौजवानों की शर्टों या चाए की प्यालियों पर क्यों चस्पां की जाती है? जो चीज़ सालहा साल से सिफ़ली आमिलों और जादू टोने करने वालों की नापाक ख़ल्वत गाहों के साथ मख़्सूस थी, वह आहिस्ता आहिस्ता सर और सीने पर क्यों सजाए जाने लगी है? जादू, ख़तरनाक क़िस्म के शिर्किया टोटकों और ईमान सलब कर लेने वाले अमलियात के साथ मख़्सूस यह अलामत अपने पीछे मख़्सूस जादूई असरात छोड़ जाती है। सबसे बुरा असर ज़ह्नों का मस्ख़ हो जाना है। अल्लाह रब्बुल आलमीन की रहमत से मायूस हो जाना और दज्जाल के फ़ित्ने में मुबतला होकर दुनिया परस्त, माद्दा परस्त और मफ़ाद परस्त बन जाता है। कुर्रहये अर्ज़ के बाशिंदे इन अलामतों की जादूई तासीर के सबब दर्जे बाला रूहानी अमराज़ में मुब्तला होते जा रहे हैं और उन्हें नहीं मालूम कि उनमें या उनकी मअ़सूम औलाद में इन बातिनी बीमारियों के जरासीम की नुमू का सबब क्या है और इसका इलाज कैसे हो सकता है? मुर्दे की खोपड़ी और हड्डियों (स्कल एण्ड बोन्ज़) के साथ एक अदद भी आप लिखा हुआ देखेंगे 322......यह पुरअस्रार अदद शैतानी असरात

का हामिल और 666 के बाद सबसे बड़ा शैतानी अदद है। खोपड़ी और हड्डियां इस हिंदसे के साथ मिल कर ऐसा जादूई नक़्श तशकील देती हैं जो गंदे और नापाक असरात का हामिल है। इंसान का ख़ालिक़ व मालिक अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त है। ख़ैर और शर सिर्फ़ और सिर्फ़ उसी के हाथ में है। नेकी और बदी की तमाम कुव्वतें उसके क़ब्ज़ए कुदरत में और उसके अम्र के मातहत व ताबेअ़ हैं। उलमाए इस्लाम ने फ़रमाया है कि अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त से ख़ैर और मदद तलब करने वाली या बदी और शर से महफ़ूज़ रहने की दुआ पर मुशतमिल मुक़द्दस आयात व कलिमात को चंद शराइत के साथ बतौर तअ़वीज़ या बरकत साथ रखना दुरुस्त है। मुबारक आयात और मस्नून कलिमात और मासूर दुआओं को छोड़ कर जादूई शबीह सर या सीने पे सजा लेना या खाने पीने क बर्तनों पर नक़्श कर लेना कहां की दानिशमंदी है? (1) इन्हें मुअस्सिर बिज़्ज़ात न समझें। मुअस्सिर हकीकी सिर्फ़ अल्लाह रब्बुल आलमीन है। (2) दर्ज शुदा कलिमात मालूम अलमअ़नी और सहीहुल मअ़नी हों। अजनबी ज़बानों के ग़ैर मअ़लूम अलमअ़नी अलफ़ाज़ या शिर्किया कलिमात न हों जिनमें ग़ैरुल्लाह से मददे मांगी गई हो। (3) जाइज़ मक़्सद के लिये ही तअ़वीज़ किया जाए। नाजाइज़ काम के लिये नहीं। अब यह हमारी नावाक़फ़ियत है कि मुतबर्रक कलिमात से इस्तिफ़ादा करते हुए इन शराइत का ख़्याल नहीं रखते और दुशमन के तरीक़े कार से वाक़फ़ियत नहीं होती तो ऐसे नुक़ूश या ख़ाकों की इशाअ़त का वास्ता बन जाते हैं जिनमें रहमानी नहीं, शैतानी असरात होते हैं। इसका हल यह है कि अह्ले हक़ उलमाए दीन से रब्त रखा जाए। ज़िंदगी के अहम काम उनसे पूछ पूछ कर किये जाएं। दुख सुख में उनसे रहनुमाई ली जाए। उनके हल्क़े से जुड़ कर, उनकी इस्लाही

तरबियत से फ़ाएदा उठा कर अपना अक़ीदा और अमल दुरुस्त किया जाए। ताकि जब दुनिया से जाने का वक़्त आए तो ईमान की क़ीमती पूंजी सलामत हो। उसे कोई लटीरालवट कर न ले गया हो।

☆☆☆

जादूई निशानात

सातवीं अलामत - बकरे के सींग, उल्लू के कानः

बकरे या बैल के दो सींग या उल्लू के कान भी जादूई निशानात में से हैं। आज तक यह जिन्नात के साथ मख़्सूस थे या डरावनी मख़्लूक़ात, देव, भूत वग़ैरा की अलामत समझे जाते थे। अब यही डरावनी चीज़ इतनी माडरन हो गई है कि सदरे अमरीका भी ताक़त व इक़्तिदार के इज़हार के लिये अवाम के पुरजोश इस्तिकबालिया नअ़रों का जवाब देने के लिये हाथ हिला कर जवाब देना चाहिये तो बीच की दो उंगलियां अंगूठे से बंद करके किनारे की दो उंगलियां (शहादत की उंगली और छुंगलिया) खड़ी कर लेता है। लोग समझते हैं वक्ड़ी से मिलती जुल्ती कोई शक्ल या वक्ड़ी का एडवांस डीज़ाइन बनाया है। दरहक़ीक़त वह शैतान की जय बोल रहा होता है और अपनी शोहरत, इज़्ज़त और मंज़िलत को शैतान की अता समझ कर उसके शुक्रिये का इज़हार कर रहा होता है। मुसलमान कलिमे की उंगली बुलंद करके एक अज़ीम अल्लाह की वहदानियत का इक़रार व इज़हार करते हैं। नमाज़ में भी और आम ज़िंदगी में भी। हर नमाज़ी दिन में कम अज़ कम ग्यारह मर्तबा तशहहुद के दौरान उंगली से तौहीद का इशारा करता है। हदीस शरीफ़ में आता है: "यह उंगली शैतान पर लौहे से ज़्यादा सख़्त और भारी होती है।" (मुस्नद अहमद, बरिवायत इब्ने उमर रज़ि0:2/498) जबकि शैतान के पुजारी अल्लाह के मुक़ाबले में झूटे ख़ुदा के प्रचार के लिये दो उंगलियों से शैतान के सींग की तरफ़ इशारा करके अपनी वफ़ादारी का इज़हार करते हैं।

हज़रत इब्ने उमर रज़ि0 रिवायत करते हैं कि हुज़ूर नबी अकरम

सल्ल0 ने, जबकि आप सल्ल0 हज़रत आइशा रज़ि0 के हुज्रे के दरवाज़े के पास खड़े हुए थे, अपने हाथ से मश्रिक़ की तरफ़ इशारा करते हुए फ़रमाया: "फ़ितना यहां से होगा जहां से "शैतान का सींग" निकलेगा।" (बुख़ारी शरीफ़, बाब माजा फ़ी बैति अज़्वाजिन्नबी सल्ल0, रक़मुल हदीस:3104)

हदीस शरीफ़ में सूरज के तुलूअ़ और ग़ुरूब के वक़्त नमाज़ पढ़ने से मना किया गया है और वजह यह बयान की गई है: " فَإِنَّهَا تَطْلُعُ بَيْنَ قَرْنَيْ شَيْطَان، وَتَغْرُبُ بَيْنَ قَرْنَيْ شَيْطَان" कि सूरज शैतान के सींगों के दर्मियान तुलूअ़ और ग़ुरूब होता है। यअ़नी तुलूअ़ और ग़ुरूब के वक़्त सूरज की तरफ़ पुश्त और कुर्रये अर्ज़ की तरफ़ मुंह करके उस तरफ़ खड़ा होता है कि सूरज की टिकिया उसके सींगों के बीच में आ जाए। सूरज के पुजारी जब "सन गाड" से मन्नतें माने और मुरादें मांगते हैं तो शैतान को दिल बहलाने का मौक़ा मिल जाता है कि चलो मुझे कुछ वहमियों ने बड़ा मान लिया, कि बिला वास्ता न सही तो बिल वास्ता मेरी इबादत कर रहे हैं। अगर्चे शैतान की बिला वास्ता इबादत करने वाले भी इस फ़ित्ना ज़दा दौर में कम नहीं, ज़माना क़दीम के जाहिली दौर से कुछ ज़्यादा ही हैं। उसको यह आजिज़ इंशा अल्लाह एक मुस्तक़िल मज़मून में बयान करेगा, लेकिन शैतान जैसे ख़ुद फ़रेब की झूटी अना की तसकीन के लिये बिल वास्ता इबादत ही काफ़ी है। जो वह अपने सींगों के दर्मियान सूरज फंसा कर करवा लेता है। इससे मअ़लूम हुआ कि "सींग" शैतान की मख़्सूस अलामत और पहचान है। यह सींग बकरे के हों या बैल के, बहरे सूरत अलामती तश्बीह के तौर पर एक ही चीज़ की नुमाइंदगी करते हैं और वह चीज़ किसी भी तरह ख़ैर नहीं, "सर्रे कसीर" से इबारत है।

अब ज़रा दजल की इंतिहा मुलाहज़ा कीजिये। ख़बीस शयातीन और करीहुल मंज़र जिन्नात के दो सींग जिहालत और नफ़रत की अलामत थे, लेकिन शैतान से हराम ताक़त और नाजाइज़ मदद हासिल करने के ख़्वाहिशमंद तागूत के पुजारियों ने उसे कामयाबी और शोहरत का टोटका बना दिया है। कभी आप किसी फ़ूड रेस्टोरंट पर जाएं तो दाईं बाईं ग़ौर से नज़र डालियेगा। साइन बोर्ड पर या उसके करीब ही इंसानी हाथों से बनाए गए सींग बिला वजह, बिला मौक़ा और बग़ैर किसी मुनासिबत के मुंह चुड़ाते नज़र आएंगे। अगर ऐसा हो तो रेस्टोरंट के मालिक को कम अज़ कम एक मर्तबा समझाने की कोशिश कीजियेगा कि अल्लाह ख़ैरुर्राज़िक़ीन का पाक नाम और ख़ाना कअ़बा, रौज़ए अतहर या मस्जिदे अक़्सा की मुक़द्दस शबीह को छोड़ कर तुमने यह किसकी नुमाइंदा शबीह यहां टांग ली है? कम अज़ कम एक मर्तबा समझाना तो आप पर फ़र्ज़ है। इसके बाद भी जब तक उसे बात समझ न आए, समझाने की कोशिश करते रहना ईमान का तक़ाज़ा है। अल्लाह व रसूल से मुहब्बत की अलामत और शैतानुल ऐन और दज्जाल के पैरूकारों से नफ़रत की अलामत है। याद रखिये! अल्लाह के लिये मुहब्बत और अल्लाह के लिये नफ़रत ऐसी चीज़ है जो उस दिन अर्श का साया नसीब करवा देगी जिस दिन अर्श के अलावा कोई साया न होगा और इब्ने आदम उस दिन से ज़्यादा साए का मुहताज कभी न हुआ होगा।

☆☆☆

शतरंज की बिसात

आठवीं अलामत - डबल इस्क्वायरः

आजकल अस्ली और मस्नूई हर तरह की टाइलों का बहुत रिवाज हो गया है। रंगारंग कुदरती पत्थरों के साथ तरह तरह की रंग बिरंगी मस्नूई टाइलों की बीसवीं अक़्साम भी "زُخْرُفَ الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا" (दुनिया की बनावटी ज़ेब व ज़ीनत) की अक्कासी करती हैं। मुस्लिम उम्मा के सरमाया दारे अस्हाबे ख़ैर की दौलत का बहुत हिस्सा बैतुल ख़लाओं की आराइश व तज़ईन या दूसरे लफ़्ज़ों में ख़बीस जिन्नात के मस्कन को सजाने संवारने पर ख़र्च हो रहा है। कमरों की दीवारें और सिहन का फ़र्श तो रहने दीजिये, बैतुल ख़ला और गुस्लख़ाने जिस शान संवारे जा रहे हैं, इससे यूं मालूम होता है कि पूरी दुनिया में फ़िक्र व ग़म से आज़ाद और इज़ाफ़ी अमवाल को ख़र्च करने के लिये हमा वक़्त आमादा और तैयार अगर कोई है तो बस अह्ले इस्लाम हैं जिनहें न किसी दुशमन की दुशमनी का सामना है और न हाल या मुस्तक़बिल में उन्हें किसी क़िस्म का चैलंज दरपेश है। ग़ौर फ़रमाइये! फ़ित्ने में मुब्तला होने की इससे ज़्यादा अफ़सोसनाक और क़ाबिले रहम सूरत और कोई होगी......?

आजकल तो मुतनव्वअ़ अक़्साम व अनवाअ़ के कुदरती पत्थरों और मस्नूई मवाद की बनी हुई इतनी टाइलें वजूद में आ गई हैं कि उनका शुमार मुश्किल है, लेकिन एक ज़माना था कि एक ख़ास तरह की दो रंगी टाइलें बहुत मक़्बूल थीं। जी हां! सिर्फ़ दो रंगी। यअ़नी सियाह और सफ़ेद ख़ानों पर मुशतमिल। आज से तीस चालीस साल क़ब्ल तक फ़र्श की तज़यीन का यह अंदाज़ बहुत मक़्बूल था। अब

यह पेट्रोल पम्पों और फास्ट फूड रेस्टोरंट्स की पेशानी से लेकर गाड़ियों के मडगार्ड और यूनिट तक में रंग और शक्ल बदल कर नज़र आता है। कुछ अर्से बाद शायद अस्ल रंग (काले और सफ़ेद चौकरख़ाने) में दोबारा आ जाएगा। टोपियों और टी शर्टों और शापर्ज़ में भी नुमूदार होना शुरू हो गया है। फ़िलहाल यह कम या मतरूक हो गया है। अब सियाह और सफ़ेद की जगह सुर्ख़ और सफ़ेद या नीले और सफ़ेद चौकोर ख़ाने तज़ईन के लिये इस्तेमाल होते हैं, लेकिन दुनियां में दो क़िस्म की जगहें ऐसी हैं जहां इसी ख़ानेदार डीज़ाइनिंग का चलन है और वहां अब तक शतरंज के बिसात जैसे दो रंगे चौकोर ख़ानों को ही तरजीह दी जाती है। एक तो शैतान की इबादतगाहें और दूसरी शैतान के चेलों की इज्तिमाअ़ गाहें यअ़नी फ़्रीमैसन लाजिज़। ज़ेल में हम फ़र्श पर बिछे इन दो रंगों और फ़र्श पर सामने खड़े उन दो सुतूनों की ग़र्ज़ व ग़ायत समझने की कोशिश करेंगे। यहां हम आप को यह भी बताते चलते हैं कि मज़कूरा बाला दो जगहों के अलावा बअज़ अमरीकी सरकारी इदारों के फ़र्श पर भी यही "सादा डीज़ाइनिंग" पर मुशतमिल निशान मौजूद होता है। क्यों? इसके जवाब की तलाश आप पर छोड़ देते हैं।

दुनिया में अज़ल से ख़ैर व शर, हक़ व बातिल और नूर व ज़ुल्मत यअ़नी हिदायत व ज़लालत में जंग चली आ रही है। हिदायत की दावत देने वाले नेक बख़्त लोग जितने नेक आमाल करते और उनकी तरग़ीब देते हैं, दुनिया में उतना ही अल्लाह की रहमत बरसती है। ख़ैर व बरकत बढ़ती है। जितना अल्लाह का नाम लिया जाता है, काइनात में भी और इंसान के दिल में भी नूर और रौशनी (इनर्जी) में इज़ाफ़ा होता है कि अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त ही आसमानों और ज़मीनों का नूर है। इसके बरअक्स जब अल्लाह तआला की

नाफ़रमानी होती है, गुनाहों का इर्तिकाब किया जाता है, शैतान के नक़्शे क़दम पर चला जाता है, उतना ही ख़ैर व बरकत से महरूमी और अल्लाह तआला की नज़रे रहमत से दूरी होती है। शैतान का इब्ने आदम से इंतेक़ाम पूरा होता है। ज़मीन पर शर व ज़ुल्मत फैलती है। इंसान के अंदर से हिदायत का नूर कम होता और उसकी रूहानी ताक़त कमज़ोर होती है। फिर जो आदमी अपने नेक आमाल की बदौलत अल्लाह तआला से जितना क़रीब होता है, इतना अल्लाह तआला उसकी मदद फ़रमाते हैं। ज़िंदगी के कठिन मराहिल में उसकी ग़ैबी नुसरत होती है। उसके दिल पर सकीना व इतमीनान नाज़िल होता है। कभी कभार उसके हाथ पर अल्लाह तआला के हुक्म से करामत भी ज़ाहिर होती है। इसके बरअक्स जो शख़्स शैतान की पूजा करके उसके क़रीब होना चाहता है, जादू या सिफ़ली अमलियात करके शैतान की आरज़ी, फ़ानी और बातिल ताक़त से मदद लेना चाहता है तो शैतान अपनी महदूद ताक़त और क़यामत तक मिलने वाली महदूद मुहलत के बलबूते पर उसकी हराम ख़्वाहिशात की तकमील और नाजाइज़ मक़ासिद में एक हद तक (यअ़नी जितनी क़ादिर मुतलक़ ने उसे छूट दी है) मदद करता है। ऐसे शख़्स के हाथ पर ग़ैर मअ़मूली शुअ़बदे भी कभी ज़ाहिर करवाता है। इसे "इस्तिदराज" (मुहलत और ढील) कहते हैं। अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त की मदद हासिल करने के लिये आला तरीन रूहानी अक़्दार अपनानी पड़ती हैं। उस्वए हुस्ना पर अमल करना पड़ता है। अल्लाह की मख़्लूक़ की बेलोस ख़िदमत और ख़ैरख़्वाही करनी पड़ती है, जबकि शैतान की मदद हासिल करने के लिये नफ़्स परस्ती पर मुशतमिल हैवानी काम करने पड़ते हैं। संगदिल और ख़ुद ग़र्ज़ बन कर शर और फ़साद पर मुशतमिल करतूत दिखाने पड़ते हैं। "काली माता" या

"लोना चमारी" के क़दमों में बेगुनाह इंसानी खून की भेंट चढ़ानी पड़ती है, तब कहीं जाकर शैतान किसी को अपना हीला बनाता है।

अल्लाह तआला जब किसी को अपना वली बना लेते हैं तो उसे अपनी रहमत से कभी मायूस नहीं करते। अल्लाह तआला से ज़्यादा सच्चा, वफ़ादार और मुरव्वत व लिहाज़ रखने वाला कौन होगा? लेकिन शैतान जब किसी को चेला बना लेते है तो उससे कभी वफ़ा नहीं करता। वह उससे मज़ीद गंदी हरकतें करवाने के लिये उसकी मदद रोक देता है या अगले दर्जे में तरक़्क़ी पाने के लिये उसे मज़ीद गंदी हरकतों पर उकसाता है। और फिर लज़्ज़त, शह्वत और हैवानियत का आदी यह बदनसीब शख़्स अपना मक़ाम फिर से हासिल करने के लिये नई नई सिफ़ली तदबीरें और हराम टोने टोटके करता है। इनमें से बहुत सी रुसूमात सियाह और सफ़ेद ख़ाने दार फ़र्श पर की जाती हैं। इंफ़िरादी भी और इज्तिमाई भी। इन सिफ़ली हरकतों में इंसानियत और अख़्लाक़ से आरी होकर हर ऐसा काम किया जाता है जो शैतान को ख़ुश और मुतवज्जोह करे। आग के गिर्द बरहना रक़्स, तेज़ मौसीक़ी की शह्वत अंगेज़ धुन, घुप अंधेरे में शैतानी हरकतें, नापाकी और नजासत की हालत में काले करतूत और सबसे ज़्यादा ख़तरनाक यह कि बेक़सूर इंसानी जानों की भेंट......यह आख़िरी सबसे ज़्यादा ख़तरनाक, शैतान को सबसे ज़्यादा ख़ुश करने वाला और शैतान के चेलों को सबसे ज़्यादा शैतानी क़ुव्वत फ़राहम करने वाला है। पाकिस्तान में यह अमल बलूचिस्तान में हिंगलाज के पहाड़ों में क़ाइम स्थानों में होता है और मग़रिब में शैतान की इबादतगाहों में। फ़र्क़ यह है कि पाकिस्तान व हिंदुस्तान और बंगलादेश में हक़ीक़ी इंसान की भेंट चढ़ाई जाती है जबकि मग़रिब में क़वानीन की सख़्ती के बाइस "डमी" से काम लिया जाता है।

मश्रिक़ हो या मग़रिब, यह अमल सियाह सफ़ेदख़ानों वाले फ़र्श पर होता है। इसको "डबल इसक्वायर" कहते हैं यअ़नी "दुहरा मुरब्बा"। एक मुरब्बा के ऊपर दूसरा मुरब्बा। खुफ़िया दज्जाली सोसाइटी की ज़बान में पहले मुरब्बे से रौशनी और दूसरे से अंधरा मुराद है। एक मुरब्बा मतलब है कि इस चीज़ का मुकम्मल इहाता करके इस पर क़ाबू पा लेना जो ठीक और जाइज़ है। एक मुरब्बा पर दूसरे मुरब्बा का होना इस बात की अक्कासी है कि इन सब पर कंट्रोल हासिल करना जो ठीक है और जो ग़लत है। वह सब कुछ जो जाइज़ है और नाजाइज़ है। वह सब कुछ जो मुस्बत है और जो मन्फ़ी है। यह अलफ़ाज़ दीगर ख़ैर और शर, बदी और नेकी, दोनों चीज़ों पर कंट्रोल का दावा जो ज़ाहिर है, में खुदाई के झूटे दावे के मुतरादिफ़ है। अंग्रेज़ी ज़बान की दो इस्तिलाहात "Fair and Square" और "Square Deal" इसी मफ़हूम से अख़्ज़ करते हुए मुतरत्तिब की गई हैं। बर्तानवी पार्लीमेंट की लाबी के ऐन वस्त में "डबल इसक्वायर" का मख़्सूस निशान है और इसके इर्दगिर्द दुनिया भर की पुलिस फ़ोर्सिज़ बजुज़ इस निशान के गिर्द सब्त हैं। यह डीज़ाईन इत्तिफ़ाकिया नहीं, इसी मफ़हूम के पेशे नज़र है कि दुनिया में हर चीज़ पर हमारा कंट्रोल है। जो ठीक है उस पर भी और जो ग़लत है उस पर भी। इन दो मुरब्बों के सामने दो सुतून भी होते हैं। यह भी इस मफ़हूम व मतलब की अलामती अक्कासी है। यअ़नी जो चीज़ फ़र्श पर पड़ी है वही चीज़ सामने खड़ी है। रौशनी और अंधेरा। नेकी और बदी। खूबी और ख़ामी और फिर इन दोनों पर मुकम्मल कंट्रोल का झूटा दावा। फिर झूटी ताक़त हासिल करने के लिये नाजाइज़ काम हत्ता कि बेगुनाह इंसानी खून की भेंट। रौशनी यअ़नी सफ़ेद मुरब्बा से ख़ैर और अंधेरे यअ़नी सियाह मुरब्बअ़

से शर मुराद है। दोनों साथ साथ क्यों हैं? अंधेरे के पुजारियों का रौशनियों की किर्नों से क्या तअ़ल्लुक़? इसके लिये पुर इस्रार दुनिया की खुफ़िया ज़बान से इस्तिफ़ादा करना होगा। आप यह न समझिये कि आजकल की मुहज़्ज़ब मग़रिबी दुनिया में किसी इंसान को शैतान के चर्नों में भेंट चढ़ाने जैसी ख़ौफ़नाक जाहिलाना हर्कत कहां और क्योंकर होती होगी? यह आजिज़ इंशा अल्लाह इस पर एक मुस्तकि़ल मज़्मून लिखने का इरादा रखता है जिसमें इन जगहों की निशानदही के अलावा दुनिया में सबसे बड़ी शैतानी क़ुर्बानगाह का तज़किरा भी होगा जो अमरीकी रियासत "कैलीफ़ोर्निया" के शहर सान फ्रांसिसको में एक जंगल में झील के क़रीब क़ाइम है। यह अलबत्ता ज़रूर है कि क़ानून की गिरफ़्त और मीडिया की नज़र में आने से बचने की जिद्द व जिह्द में उसे अगर असल इंसानी जिस्म न मिले तो पुतले से भी काम चलाया जाता है। इस पर क़राइन व शवाहिद के साथ गुफ़्तगू इंशा अल्लाह "बूहीमैन गिरू" वाले मज़्मून में होगी। अब हम क़ुर्बानगाह के फ़र्श के मख़्सूस रंग की हक़ीक़त, पसमंज़र और मख़्सूस फ़ल्सफ़ा की वज़ाहत की तरफ़ वापस आते हैं।

इस तरह के गंदे आमाल की ताक़त बढ़ाने में दीगर नाजाइज़ मुअस्सिर अनासिर मसलनः जनाबत की हालत में होना, शराब और दूसरी गंदी चीज़ों के हराम नशे में होना, हराम जानवरों या ज़ब्ह शुदा इंसान के ख़ून से छींटे देना वग़ैरा वग़ैरा......इस तरह का एक मुअस्सिर ज़रिया ख़ानेदार फ़र्श भी है जिसका अलामती मतलब यह होता है कि यह गंदे काम करने वाले बज़ुअमे ख़ुद ख़ुदा और उसके नूर से दूर होकर शैतान और उसकी तारीकी से मदद हासिल करना चाहते हैं, क्योंकि उनके मुताबिक़ शैताने लईन दरअसल जन्नत से निकाली गई ताक़तवर रूह (फ़रिश्ता) है और (मआज़ल्लाह) अल्लाह

रब्बुल आलमीन, अरहमुर्राहिमीन ने उसे जन्नत से निकाल कर उसके साथ नाइंसाफ़ी की थी। अब वह अपनी ग़ैर मअमूली ताक़त को इस्तेमाल करके नाइंसाफ़ी का बदला लेना चाहता है और हम उसकी ताक़त से इस्तिफ़ादा करके अपनी तक़दीर से नागवार चीज़ें ख़त्म करके अपनी मर्ज़ी की ज़िंदगी बनाना और मनचाही ख़्वाहिशात पूरी करना चाहते हैं।

क़ारईने किराम! यह है वह धोका जिसमें "शैतान के पुजारी" अपनी कम अक़्ली और बदनसीबी की वजह से गिरफ़तार हैं। उस दुशमन को दोस्त समझते हैं जो दो मुंह वाले कड़याले सांप की तरह है। एक से पुचकारता है तो दूसरे से डस्ता है। शैतान को इंसानी दुनिया में दख़ल अंदाज़ी का महदूद इख़्तियार है। यह इख़्तियार उस वक़्त किसी क़दर वसीअ़ हो जाता है जब शैतान के चेले मख़्सूस जादूई या शैतानी रुसूम अदा करते हैं। इन रुसूमात के लिये मख़्सूस वक़्त, मख़्सूस माहौल और मख़्सूस कैफ़ियात की तरह मख़्सूस जगह भी चाहिये। चौकोर ख़ानेदार फ़र्श इन्ही मख़्सूस जगहों में से एक जगह है। हैरत की बात यहे कि चौकोर ख़ानेदार मख़्सूस जगह फ़्रीमैसन लाजूं और इल्म "कबाला" के माहिर यहूदी मुल्हिदों की ज़ेरे निगरानी चलने वाले जादू घरों की तरह "वाइट हाउस" में भी पाया जाता है। आप हैरान न होइये! वाइट हाउस की तरह कैम्प डेविड में भी जादूई हिसार बांध कर इंसानी ज़ह्नों को मुसख़्ख़र करने वाले जादू और हिप्नाटिज़्म के माहिरीन इस तरह के फ़र्श को अपने खुफ़िया जादूई टोटकों की कामियाबी के लिये रूबा अमल लाई जाने वाली। "सिर्री रिवायात" का लाज़ुमी हिस्सा समझते हैं। अनवर सादात, यासिर अरफ़ात और परवेज़ मुशर्रफ़ जैसे हुक्मरानें को इस्तिक़बाल कैम्प डेविड में इसी ज़ह्नी दबाव की सौग़ात के साथ

किया जाता है जिसके मुतअ़ल्लिक़ हमारे माहिरीन का कहना है कि वहां आक्सीजन की कमी से होने वाले ज़ह्नी दबाव के तहत ऐसे फ़ैसले करते हैं। अलग़र्ज़ इस निशान और इस तरह की दीगर अलामात के अंदर नापाक जादूई असरात हैं। जिनसे महफ़ूज़ रहने के लिये अल्लाह की पनाह में आने, मुअ़व्वज़ैन पढ़ कर ख़ुद पर दम करते रहने, तअव्वुज़ के कलिमात पर मुशतमिल मस्नून दुआओं का विर्द करने और गुनाहों से बचते हुए, अपने गिर्द मस्नून आमाल का हिसार क़ाइम करने की ज़रूरत है।

भड़कते शुअ्ले और पुरअस्रार हिंदसे

नवीं अलामात - आग और शुअ्लेः

शैतान और तमाम जिन्नात आग से बने हैं। आग की फ़ितरत में भड़कना, तअ़ल्ली दिखाना, बरतरी ज़ाहिर करना और अपना आप मनवाना है। शैतान इंसान का ऐसा दुशमन है कि उसकी तरफ़ जो चीज़ें भी मंसूब हैं, उसने इंसान को गुमराह करके तक़रीबन उन तमाम चीज़ों की परस्तिश करवाई है। दुनिया में बहुत से फ़िर्के आग, सांप, अज़दहा, बैल, उल्लू वग़ैरा की परस्तिश करते हैं वर्ना कम अज़ कम उन हक़ीर व ख़सीस और फ़ानी व आजिज़ चीज़ों को मुक़द्दस या अज़्मत के क़ाबिल जानते हैं। मजूसी हज़ारों साल से इस आग की परस्तिश करते आए हैं जिसको वह अपने हाथों जलाया करते थे और फिर उसे बुझने से महफ़ूज़ रखने के लिये जतन किया करते थे। हिंदुस्तान और अफ़्रीक़ा के बहुत से क़बाइल सांप या अज़दहे को ताक़त व क़ुव्वत का मंबअ़ और देवताओं का औतार क़िस्म की मख़्लूक़ समझते हैं। शैतान की तरफ़ से इंसान को गुमराह करने और उसे बहका कर धोका देने के बाद उस पर हंसने का सिलसिला ज़मानए क़दीम के तारीक दौर पर ख़त्म नहीं हुआ, आज की मुतमद्दिन और तरक़्क़ी याफ़्ता समझी जाने वाली दुनिया में भी शैतान से मंसूब अलामतों को मुक़द्दस समझा जाता है और इस तरह शैतान की तअ़ज़ीम करके उससे अपनी ख़्वाहिशात के हुसूल में मदद मांगी जाती है। फ़िल्म इंडस्ट्री और पाप म्यूज़िक की काली दुनिया में तो ख़ुसूसियत से अदाकारों और गुलूकारों के मुंह से शैतान की पूजा या उसकी तअ़ज़ीम पर मुशतमिल गाने के बोल या मुकालिमे

कहलवाए जाते हैं। यह बोल आहिस्ता आहिस्ता ज़बान ज़द आम हो जाते हैं। शाइक़ीन और नाज़िरीन तफ़रीह तफ़रीह में वह कुछ कह जाते हैं जिससे शैतान और शैतानी क़ुव्वतों का मक़सद पूरा हो जाता है। इसी तरह उनमें शैतानी अलामात भी मुख़्तलिफ़ अंदाज़ से रंग और हय्यत बदल बदल कर पेश की जाती हैं। इनमें इक्लौती आंख और तिकोन के अलावा आग की कारफ़रमाई बहुत ज़्यादा होती है। आज के दौर में इंसान की बदनसीबी है कि कुछ लोग इस अलामत को इतना फैलाना चाहते हैं कि "आग" चैनल में ही नहीं, बहुत से दीगर मनाज़िर बल्कि गाने और फ़िल्मों की कैसिटों, सी डीज़ के टाइटल में किसी न किसी शक्ल में आग जलती हुई या उसकी लपटें भड़कती हुए नज़र आती हैं। यह सिर्फ़ इंसान की सिफ़ली हैवानी ख़्वाहिशात को भड़कता हुआ दिखाने का इस्तेआरा नहीं, बल्कि शैतान के मर्कज़ी माद्दए तख़्लीक़ को इंसान के लिये मुअज़्ज़म व मुकर्रम बना कर दिखाने की अलामती कोशिश है। इस कोशिश के नताइज से आख़िरी फ़ाएदा बदी की ताक़तों का मंबअ़ व महवर "दज्जाले अक्बर" उठाएगा।

वाक़िआ यह है कि आज के दौर के वालिदैन पाप म्यूज़ि सुनते और फ़िल्में देखते वक़्त या अपने बच्चों को इसकी इजाज़त देते वक़्त सिर्फ़ अमली गुनाह ही नहीं कर रहे, अक़ीदे से इंहिराफ़ और शैतान के पुजारियों के आलाकार भी बन रहे होते हैं। इसकी कुछ तफ़सील हम अल्लाह की मदद से "दज्जाल 2" में बयान कर चुके हैं। हक़ीक़त वाक़िआ यह है जदीद तहज़ीब में फ़ैशन समझी जाने वाली यह चीज़ें सिर्फ़ फ़िस्क़ व फ़ुजूर ही नहीं, शिर्क व शैतान परस्ती की तअ़लीम भी दे रही हैं। मुतमद्दिन दुनिया की इन रौशनियों में क़दीम जाहिलियत की ख़ौफ़नाक तारीकियां छिपी हुई हैं। सिर्फ़ अंदाज़ बदल

गया है, शैतान की इंसान दुश्मन असलियत और उसकी शिर्किया मुहिम नहीं बदली। वह आज भी आदम के बेटों से इंतेक़ाम लेने के लिये उन्हें ख़िलाफ़े शर्अ़ चीज़ों में लगा कर अपनी झूटी अना की तसकीन कर रहा है। इस फ़ितनाज़दा दौर में तो शरीअ़त के ख़िलाफ़ जो भी चीज़ हो, उससे सख़्त एहतियात करने और अल्लाह की पनाह में आने की ज़रूरत है। ख़ुसूसन मग़रिबी तहज़ीब जो जाहिलियते जदीदा की बोदी बुन्यादों पर खड़ी है। मग़रिबी मौसीक़ी, मग़रिबी फ़ुनून लतीफ़ा, आर्ट, अदब, कल्चर वग़ैरा मग़रिबी फ़िल्मी दुनिया की बेहूदा रिवायात और नित नई शैतानी ईजादात तो हैं ही सरापा फ़ितना। फ़ितनों के इस दौर में और गुनाहों से भरी इस दुनिया में, इंसानों को अल्लाह की रहमत के नूर की ज़रूरत है न कि आग की लपटों की। वही आग जिसके बारे में हुक्म है जिस चीज़ को छूती हो उसे क़ब्र में न लगाया जाए ताकि जन्नत के बाग़ में जहन्नम की तख़्ती न आए। इस आग से और नफ़सानियत और शहवानियत की इस अलामत से हमें दूर रहने की ज़रूरत है। अल्लाह की रहमत उसकी याद से, उसका ध्यान जमाने से और उसकी तरफ़ दिल की तवज्जोह जमाने से उतरती है। जो लोग अल्लाह को याद करते हैं उन पर तो इसकी रहमत की बरसात उतरती है। हमें ऐसे लोगों से जुड़ना चाहिये। उनकी सोहबत की बरकत से इस्तिफ़ादा करना चाहिये।

☆☆☆

शैतानी हिंदसे

दसवीं अलामत - पुरअस्रार हिंदसे:

माहिरीन लिसानियात के मुताबिक़ एक ही ज़बान को लिखने के एक से ज़्यादा रसमुल ख़त हो सकते हैं। नीज़ एक ही ज़बान को हुरूफ़ और हिंदसों दोनों की मदद से लिखा जा सकता है। इस तरह से कि हर हर्फ़ की कोई क़ीमत मुक़र्रर कर ली जाए जो ज़ाहिर है हिंदसे की शक्ल में होगी। मसलनः अरबी ज़बान को ले लीजिये। इसके हर्फ़ के लिये आप अगर कोई हिंदसा मुक़र्रर कर लें तो हुरूफ़ के बजाए हिंदसों के ज़रीए माफ़ी अज़्ज़मीर का इज़हार किया जा सकता है। मसलन अरबी के 29 हुरूफ़े तहज्जी हैं। अगर पहले नौ हुरूफ़ के लिये इकाई के हिंदसे, अगले नौ हुरूफ़ के लिये दहाई के हिंदसे और उसके बाद वाले हुरूफ़ के लिये सैकड़े के हिंदसे मुक़र्रर कर लिये जाएं तो जो बात अलिफ़, ब, ज,......हुरूफ़ के ज़रीए की जा रही थी वही 1,2,3......हिंदसों के ज़रीए भी बोली या लिखी जा सकती है। उसको "अजबद का निज़ाम" कहते हैं। यअ़नी हुरूफ़ के बजाए हिंदसों में लिखना। एक आयत या जुम्ले में अगर दस हुरूफ़ इस्तेमाल होते हैं, उन हुरूफ़ के क़ाइम मक़ाम दस हिंदसों को अगर तरतीब देकर जमा कर लिया जाए तो जो हासिल आएगा, वह एक तरह का कोड होगा जिसमें उन हुरूफ़ की तासीर जमा होगी जिन्हें मुख़्तसर करने के लिये अअ़दाद की शक्ल में लिख लिया गया था। सहीहुल अक़ीदा और मुत्तबेअ़ शरीअ़त आमिल हज़रात जो तअ़वीज़ लिखते हैं, उसमें मुख़्तलिफ़ ख़ानों में लिखे हुए अअ़दाद मुख़्तलिफ़ कलिमात के हुरूफ़ का मुतबादिल होते हैं। यह कलिमात अगर

सहीहुल मअ़नी हैं या किसी आयत या दुआ का मुख़फ़्फ़फ़ हैं तो यह तअ़वीज़ इन्ही असरात का हामिल होता है जो असरात इन असल कलिमात या दुआओं में पाए जाते थे। तअ़वीज़ चूंकि बार बार लिखने होते हैं, इसलिये तिवालत से बचने के लिये यह मुख़्तसर तरीके कार अपना लिया जाता है। यह तो हुआ रहमानी अमलियात का तरीके कार। इसके बरअक्स शैतानी या सिफ़ली काम करने वाले जो अअ़दाद इस्तेमाल करते हैं उनके पसे पुश्त वह गंदे जादूई जंतर मंतर होते हैं, जिनमें शैतान या बदरूहों या देवी देवताओं से मदद मांगी जाती है। यह कुफ़्र व शिर्क का वह गोरख धंदा है जिसमें इस काइनात की उन मावराउत्तबई सिफ़ली ताक़तों से नाजाइज़ मक़ासिद में तआ़वुन हासिल करने की कोशिश की ज़ाती है जिन्हें अल्लाह तआला ने अपनी पोशीदा हिक्मत के तहत इंसानी दुनिया में किसी हद तक मुदाख़लत की छूट दे दखी है। फिर जिस तरह रहमानी अमलियात में मशहूर मुतबर्रक कलिमात के अअ़दाद मशहूर हो गए हैं। मसलनः बिस्मिल्लाह शरीफ़ के अअ़दाद "या अल्लाह" और "मुहम्मद" के पाक नामों के अअ़दाद, इसी तरह सिफ़ली अमलियात में कुछ अअ़दाद मशहूर हैं। मुख़्तलिफ़ शिर्किया कलिमात के तनाज़ुर में तरतीब दिये गए यह अअ़दाद मुख़्तलिफ़ शैतानी और जादूई असरात रखते हैं। आज हम इस तरह के चंद इबलीसी हिंदसों का तज़किरा करेंगे जिसे शैतान के पुजारी चुपके चुपके मज़मूम मक़ासिद के तहत पूरी दुनिया में फैला रहे हैं।

पहला शैतानी हिंदसा - 666:

इन अअ़दाद में सबसे मशहूर शैतानी अदद छः सौ छियासठ (666) है। इसका पसमंज़र और इबलीस के साथ उसके तअ़ल्लुक को बयान करने के लिये हम कोशिश करेंगे कि क़दीम तरीन मज़हब

हवालों के साथ जदीद मगरिबी मुसन्निफ़ीन की तहरीरात से भी इक़्तिबासात पेश करें ताकि बात को इस्तिनाद में गूंध कर तौसीक़ से नथी करके आगे बढ़ाया जा सके। तो आइये! सबसे पहले इंजील का एक हवाला देखते हैं। फिर उसमें मौजूद चंद अहम इशारों का मतलब और उनकी ततबीक़ व तशरीह समझने की कोशिश करेंगे, जिनसे तारीख़ और असरी इक्तिशाफ़ात आहिस्ता आहिस्ता पर्दा उठा रहे हैं और जिनकी तरफ़ यह आजिज़ अपने कालमों में पहले भी इशारा कर चुका है। इंजील आख़िरी किताब "यूहन्ना आरिफ़ का मकाशिफ़ा" में दर्ज है:

"फिर मैंने एक और हैवान को ज़मीन में से निकलते हुए देखा। उसके "बर्रा" के से दो सींग थे और अज़दहा की तरह बोलता था। यह पहले हैवान का सारा इख़्तियार उसके सामने काम में लाता था और ज़मीन और उसके रहने वालों से इस पहले हैवान की परसतिश कराता था, जिसका ज़ख़्मे कारी अच्छा हो गया था। और वह बड़े बड़े निशान दिखाता था। यहां तक कि आदमियों के सामने आसमान से ज़मीन पर आग नाज़िल कर देता था। ज़मीन के रहने वालों को इन निशानों के सबब से जिनके इस हैवान के सामने दिखाने का उसको इख़्तियार दिया गया था, इस तरह गुमराह कर देता था कि ज़मीन के रहने वालों से कहता था जिस हैवान के तलवार लगी थी और वह ज़िंदा हो गया उसका बुत बनाओ। और उसे इस हैवान के बुत में रूह फूंकने का इख़्तियार दिया गया ताकि वह हैवान का बुत बोले भी और जितने लोग उस हैवान के बुत की परस्तिश न करें, उनको क़त्ल भी कराए। और उसने सब छोटे बड़ों, दौलतमंदों, ग़रीबों, आज़ादों और गुलामों के दाहिने हाथ या उनके माथे पर एक एक छाप करा दी। ताकि उसके सिवा जिस पर निशान यअ़नी उस हैवान

का नाम या उसके नाम का अदद हुआ और कोई ख़रीद व फरोख़्त न कर सके। हिक्मत का यह मौक़ा है। जो समझ रखता है वह उस हैवान का अदद गिन ले क्योंकि वह आदमी का अदद है और उसका अदद छः सौ छियासठ है।"

(मुकाशिफ़ाः बाब13, आयत नम्बर 11 से 18)

इस इबारत में दो हैवानों का ज़िक्र है। "पहले हैवान" का तज़किरा हम पहली अलामत "ताज पोश शबीह" के ज़िम्न में कर चुके हैं कि इससे मुराद दज्जाल है। दूसरे हैवान से कौन मुराद है? यह अहम सवाल है। इसका जवाब अगर हम मसीही शारिहीन के यहां तलाश करें तो वह ज़बरदस्त कन्फ़्यूज़न का शिकार दिखाई देते हैं। 1957 ई० का छपा हुआ इंजील का जो नुस्ख़ा इस वक़्त मेरे सामने है। उसके हाशिये में हमें दर्ज बाला दो हैवानों के मुतअ़ल्लिक़ यह तशरीहात लिखी हुई मिलती हैं:

O......"यह हैवान बेईमानों का लशकर है जो शुरू से दुनिया के आख़िर तक खुदा के बंदों को सताते हैं। सात सौ सात बादशाह यअ़नी सात ज़ोरआवर बादशाहतें हैं। सातवीं बादशाहत "गुनाह के इस शख़्स" के साथ दुनिया के आख़िर में ज़ाहिर होगी।"

O......"यह दूसरा हैवान बुत परस्त, काहिन और जादूगर लोग हैं, क्योंकि वह बुतपरस्ती को थामते और बादशाहों को बहकाते थे।"

O......"वह हैवान या बुतपरस्त रूह है जो सात पहाड़ों पर बरसा था या शैतान का इख़्तियार है जो मसीह के दुनिया में आने से पहले निहायत बड़ा था, लेकिन मसीह के ज़ाहिर होने के बाद कम हुआ, मगर दुनिया के आख़िर में जब वह "गुनाह का शख़्स" आएगा शैतान फिर सारी ताक़त से उठेगा।"

इन इबारात में "गुनाह के शख़्स" से "दज्जाले अक्बर" मुराद

है। इसे मज़कूरा बाला आयात से क़ब्ल की आयात और बाद की आयात में पहला हैवान कहा गया है। दूसरे हैवान से जो इस पहले हैवान यअ़नी "अलमसीहुद्दज्जाल" की मदद करेगा, वह ताक़त मुराद है जो दज्जाली तहज़ीब की अलमबरदार होगी। उसे हर अव्वल दस्ता के तौर पर काम करेगी, उसके निकलने से पहले उसके लिये राह हमवार करेगी और उसके निकलने के बाद उसकी बुन्यादी ताक़त और दस्त व बाज़ू होगी। ज़ाहिर है कि यह क़ौमे यहूद की तशकील कर्दा "सहीवनी ताक़त" है जिसका मर्कज़ अमरीका, बर्तानिया और इस्राईल की तिकोन में है। मसीही शारिहीन वह्य के सच्चे इल्म से महरूमी के सबब अपनी मसीही बिरादरी को इंजील की हिदायत इस तफ़सील व तशरीह से नहीं पहुंचा सके जैसा कि अह्ले इस्लाम के उलमाए किराम ने फ़रीज़ा अंजाम दिया है और देते चले आए हैं। हैवान से "बुत परस्त रोमा" हरगिज़ मुराद नहीं, रूम वाले इंजील के नुज़ूल के वक़्त बुत परस्त थे मगर अब तो वह ईसाई हो चुके हैं, लिहाज़ा इससे लाज़मी तौर पर शैतानी कुव्वतें मुराद हैं जो दज्जाल की मदद करेंगी। इनकी मदद से जब दज्जाल दुनिया के वसाइल पर इख़्तियार हासिल करेगा तो वह हर फ़र्द को और दौलत की हर इकाई को अपने तसल्लुत और निगरानी में रखने के लिये जो दो काम करेगा, उनकी तरफ़ इंजील की इन आयात में इशारा कर दिया गया है। इंजील के मुताबिक़ इनमें से पहली चीज़ है, हर शख़्स के दाहिने हाथ या माथे पर छाप और दूसरी वह निशान यअ़नी उस हैवान का नाम या उसके नाम का अदद कि जिसके बग़ैर दुनिया में कोई लेनदेन न हो सकेगा। अगर आज की दुनिया पर नज़र डाली जाए तो इन दो चीज़ों में से पहली चीज़ का मतलब वह "डीवाइस" है जो हर शख़्स के जिस्म में कहीं लगी होगी या शनाख़्ती कार्ड में चस्पां होगी।

उसका रब्त सेटेलाइट से होगा और निगरानी में होगा। दूसरी चीज़ वह "चिप" है जो क्रेडिट कार्ड या इलेक्ट्रानिक मिनी की किसी तरक़्क़ी याफ़्ता शक्ल में नस्ब होगी और पूरी दुनिया में इसके बग़ैर लेने देन न हो सकेगा और इसके ज़रीए वही लेन देन कर सकेगा जो उस शैतानी हैवान यअ़नी दज्जाल अअ़ज़म और उसके यहूदी हरकारों की नज़र में "शफ़्फ़ाफ़" होगा। यह फ़क़त हमारा तज्ज़िया नहीं, मग़रिब के कुछ बेदार मग़्ज़ क़लमकार भी यही कुछ कहते हैं। डाक्टर जान कोलमैन मशहूर मुहक़्क़िक़ मुसन्निफ़ हैं, उनकी कई किताबें शोहरत व मक़बूलियत हासिल कर चुकी हैं। वह अपनी किताब "Conspirators Hierarchy" में मुस्तक़बिल की दुनिया और उस पर नाफ़िज़ आलमी हुकूमत का नक़्शा कुछ इस अंदाज़ में खींचते हैं:

"हर शख़्स के ज़हन में यह अक़ीदा रासिख़ कर दिया जाएगा कि वह (मर्द या औरत) एक आलमी हुकूमत की मख़्लूक़ है और उसके ऊपर एक शनाख़्ती नम्बर लगा दिया जाएगा। यह शनाख़्ती नम्बर बर्सल्ज़, बेल्जियम, के नेटो कम्पयूटर में महफ़ूज़ होगा (जी हां! इसी सुपर कम्पयूटर में जहां नादिर और दीगर इदारों के पास जमा शुदा डेटा महफ़ूज़ होता है। राक़िम) और आलमी हुकूमत की किसी भी ऐजंसी की फ़ौरी दस्तरस में होगा। सी आई ए, एफ़ बी आई, रियासती और मक़ामी पुलिस ऐजंसियों, आई आर एस, फ़ीमा, सोशल सैक्यूरिटी वग़ैरह की मास्टर फ़ाइलें वसीअ़ करके उनमें लोगों के कवाइफ़ का अंदराज़ अमरीका में तमाम शहरों के ज़ाती रिकार्ड के अंदाज़ में किया जाएगा।"

"मआ़शी निज़ाम, हुक्मरान तब्क़े का मरहून मन्नत होगा। वह सिर्फ़ इतनी ख़ूराक और ख़िदमात की इजाज़त देगा जिससे अवाम

यअ़नी गुलामों की ज़िंदगी बरक़रार रहे। तमाम दौलत कमेटी आफ 300 (फ़्री मैसन्री) के मुम्ताज़ अरकान के हाथों में दी जाएगी। हर फ़र्द को ज़हन नशीन करा दिया जाएगा वह अपनी बक़ा के लिये रियासत का मुहताज है।"

"तबक़ए अशराफ़िया के अलावा किसी के हाथों में नक़दी या सिक्के नहीं दिये जाएंगे। तमाम लेन देन सिर्फ़ और सिर्फ़ क्रेडिट कार्ड के ज़रीए होगा। (और आख़िरकार उसे माइक्रो चिप प्लान्टेशन के ज़रीए किया जाएगा।) "क़ानून तोड़ने वालों" के क्रेडिट कार्ड मुअत्तल कर दिये जाएंगे। जब ऐसे लोग ख़रीदारी के लिये जाएंगे तो उन्हें पता चलेगा कि उनका कार्ड "ब्लैक लिस्ट" कर दिया गया है। वह ख़रीदारी या ख़िदमात हासिल नहीं कर सकेंगे। पुराने सिक्कों से तिजारत को ग़ैर मअ़मूली जुर्म क़रार दिया जाएगा और इसकी सज़ा मौत होगी। ऐसे क़ानून शिकन अनासिर जो ख़ुद को मख़्सूस मुद्दत के दौरान पुलिस के हवाले करने में नाकाम रहें, इनकी जगह सज़ाए क़ैद भुगतने के लिये उनके किसी घर वाले को पकड़ लिया जाएगा।"

इन तीन इक़्तिबासात में से पहले इक़्तिबास में "छाप" की और दूसरे में इस निशान या "अदद" की तशरीह है जिसके बग़ैर कोई आठ आने की मूंग फली या दो रूपये की गाजरें भी न ख़रीद सकेगा। आप को अगर कहीं से बर्तानिया का पौंड हाथ लगे तो उसे उल्टा करके ग़ौर करें। उस पर 666 के हिंदसे की शबीह मिलेगी जो आहिस्ता आहिस्ता मुस्तक़बिल में वज़अ़ किये जाने वाले डीज़ाइन में मज़ीद वाज़ेह हो जाएगी। मुख़्तलिफ़ मल्टी नेशनल कम्पनियों की मस्नूआत पर जो "कोडबार" छपा हुआ होता है उसे कभी तवज्जोह से देखें। "6" का हिंदसा तीन मर्तबा तकरार के साथ आप को दुनिया की मअ़सियत पर दज्जाली तसल्लुत की धीरे धीरे बढ़ती हुई

गिरफ़्त की तरफ़ मुतवज्जोह कर रहा होगा।

दूसरा शैतानी हिंदसा:

666 के बाद सबसे बड़ा शैतानी हिंदसा 322 है। यह उमूमन जादूगरों के मशहूर हथियार "खोपड़ी और हड्डियां" के साथ दर्ज होता है। यहूदियों के ख़ुफ़िया जादूगरी इल्म "कबाला" में इसकी ख़ास अहमियत है और इसे इंतिहाई कारगर और मुअस्सिर असरात का हामिल समझा जाता है। 666 और 322 के बाद शैतानी जादूई अअ़दाद की फ़ेहरिस्त में 13 और 33 आते हैं। इन अअ़दाद को भी फ़्री मैसन के सामराजी जादूई माहिरीन ने अपने लिये ख़ुफ़िया निशान ठहराया है। क़ौमे यहूद की सिर्री जादुई रिवायात और इन अअ़दाद का आपस में गहरा तअ़ल्लुक़ है। तअ़ल्लुक़ अमरीका के सरकारी इदारों और निजी कम्पनियों के निशानात में वाज़ेह तौर पर देखा जा सकता है। मसलनः अमरीकी स्टेट आफ़ डिपार्टमेंट के निशान में दो चीज़ें आपको वाज़ेह और मुम्ताज़ नज़र आएंगी जो अमरीकी डालर की तरह अमरीकी इदारों की पहचान में हैं: उक़ाब और सितारे। इन दोनों में किसी न किसी तरह 13 का अदद पाया जाता है। उक़ाब के दाईं पंजे में तीर और बाएं में टहनी है। तीर 13 हैं और टहनी के पत्ते भी 13 हैं। सितारों को गिनें तो उनका अदद भी 13 है। फ़िल्मों और गानों में भी दूसरी दज्जाली अलामात के साथ साथ इस अदद की कारफ़रमाई दिखाई दे ही जाती है। मसलनः अमरीका में बसने वाले कुछ मुसलमान मुहक़्क़िक़ीन के मुताबिक़ मशहूर अमरीकी गुलूकारा मेडोना जिसको अमरीकी मीडिया के नामवर नाम (जो ज़ाहिर है कि शैतानी सहीवनी गिरोह से तअ़ल्लुक़ रखते हैं) सहर अंगेज़ बताते हैं, उसके गानों की मक़्बूलियत में उसकी सलाहियत और यहूदी मीडिया की हिमायत के अलावा "कबाला" के "सिर्री

इल्म" के माहिर यहूदी साहिरीन का भी ख़ास अमल दख़ल है। अमरीका में मुक़ीम वह मुसलमान जो दज्जाल की शैतानी मुहिम से आगाही रखते हैं, उनके मुताबिक़ यह औरत खुद भी शैतानी मज़हब की पैरूकार है। उसके शौहर से जुदाई का सबब उसका शैतानी मज़हब ही था और यह दूसरों को भी शैतान की गुलामी में मुब्तला करने की तग व दौ में लगी रहती है। इसके गानों में शैतान की पूजा पाट होती है और एक से ज़्यादा ऐसे शवाहिद और क़राइन पाए जाते हैं जिनसे साफ़ मअ़लूम होता है कि यहूदियों की आलाकार यह साहिरए आलम शैतान की पूजा की तरफ़ सामईन और नाज़िरीन को ग़ैर महसूस तौर पर माइल कर रही है। उसके गानों के लिये तैयार कर्दा स्टेज के लिये इतने ही क़दमचे होते हैं जितने फ्री मैसनरी के जादूई घरों की सीढ़ियों में यअ़नी तेरह अदद। 52 साल की उम्र में लटके हुए बदन की खपंजी खिंची हुई सरजरी करवा कर शैतानी हरकतों को फिर से ज़िंदा करने वाली यह कम नसीब ख़ातून गाने में कभी कुत्ता बन जाती है, कभी कव्वा, कभी काली माई जैसी मख़्लूक़, इसके मशहूर गानों के (Back) बेक ट्रेक पर शैतान को पुकारने की आवाज़ साफ़ सुनाई देती है यअ़नी सामने के अलफ़ाज़ (फ़ारवर्ड ट्रेक) कुछ और हैं और पीछे गाने के अलफ़ाज़ कुछ और हैं जिसमें शैतान को मदद के लिये पुकारा जा रहा होता है। "दज्जाल 2" में "दज्जाली रियासत के क़याम के लिये ज़ह्नी तसख़ीर की कोशिश" के उन्वान के तहत इसे तफ़सील से बयान किया जा चुका है। यह सारा गोरख धंदा यहूदी मीडिया ने फ़िल्म और मौसीक़ी की दुनिया को कंट्रोल करने वाले यहूदी माहिरीन के साथ मिल कर बनाया है और उनके फैलाए हुए यह जादूई और शैतानी अअ़दाद दरहक़ीक़त ख़ुदा के मुक़ाबले में शैतान की इबादत और उससे

इस्तिआनत का भौंडा इस्तेआरा हैं। चूंकि शैतानी कुव्वतें फ़रेबी और फ़ानी हैं, उसका जाल मकड़ी के जाले से भी ज़्यादा बोदा और कमज़ोर है, इसलिये अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त पर कामिल यक़ीन और उसकी मदद को हासिल करने वाले शरई अअ़माल इस शैतानी सिलसिले के तार व पोद को यूं बिखेर डालते हैं गोया वह कभी थे ही नहीं।

औंधा सितारा

ग्यारहवीं अलामत - औंधी नोक वाला सिताराः

मज़मून के शुरू में हमने अर्ज़ किया था कुछ अलामतें ज़िम्नी हैं। उनको हम आख़िर में बयान करेंगे। ज़िम्नी का एक मतलब यह है उसको शैतान के परसतार मख़्सूस मतलब में भी इस्तेमाल करते हैं और आम इस्तेमाल भी यक्सां तौर पर होता है। गोया यह आधो आध का मुआमला है। इन अलामात में सरे फ़ेहरिस्त पांच कोनों वाला औंधा सितारा है। यह अगर्चे दीगर ज्योमैट्रीकल इशकाल की तरह एक ख़ूबसूरत और जपती हुई शक्ल है जो बेधड़क मुख़्तलिफ़ उन्वानात और हवालों से इस्तेमाल होती है और होनी भी चाहिये कि किसी चीज़ को बिला वजह मशकूक या मतरूक क़रार नहीं दिया जा सकता, लेकिन इसका क्या किया जाए कि उसकी एक ख़ास सूरत यह पस पर्दा रहकर "न्यू वर्ल्ड आर्डर" नाफ़िज़ करने वालों के पुरअस्रार जादूई हथियारों में से एक हथियार के तौर पर भी इस्तेमाल होती है। ज़िम्नी अलामात में शुमार किये जाने की वजह यह है इस आजिज़ की तहक़ीक़ के मुताबिक़ यह सिर्फ़ उसी सूरत में शैतानी निशान क़रार दिया जाता है और जादू की रुसूमात में इस्तेमाल होता है जब यह पंजगोशा सितारा "औंधा" हो। औंधा होने से मुराद यह है कि उसकी पांचवीं नोक बिल्कुल नीचे की तरफ़ हो। इस सूरत में ख़ुदबख़ुद उसकी ऊपर की दो नोकें बकरे की सींग की शक्ल में ऊपर उठ जाती हैं, दो बकरे के कान की शक्ल में दाएं बाएं मुड़ जाती हैं और पांचवीं में बकरे की ठोड़ी समा जाती है। इस मख़्सूस

हय्यत में यह शैतान के चेहरे की शबीह बन जाती है और शैतानी रूहों को हाज़िर व ग़ाइब करने या अंधेरे की ताक़तों से मदद लेने और तिलिस्माती कामों में माफ़ूकुल फ़ितरत हराम तासीर पैदा करने के लिये इस्तेमाल होती है। सिफ़ली जादूगरों की सामरी रिवायात के मुताबिक़: "जब उसके गिर्द दाइरा खींचा हो तो यह अलामत अनासिर अरबआ (ज़मीन, पानी, हवा और आग) की नुमाइंदगी करती है जिनका एक रूह (जन्नत से निकाली हुई बदरूह यअ्नी शैतान) इहाता किये हुए होती है। तब यह मज़बूत अलामत में तबदील हो जाती है जिसकी पकड़ से निकलना माहिर रूहानी शख़्सियात यअ्नी सिफ़ली आमिलीन के अलावा मुश्किल होता है।" शैतान के हीले बुराई को अलामती तौर पर ज़ाहिर करने और शैतान से मदद हासिल करने के लिये उसकी एक नोक नीचे रख कर इस्तेमाल करते हैं, चाहे उसके गिर्द दाइरा हो या न हो, जबकि आम लोग जिनका इस शैतानी चक्कर से वास्ता नहीं, उसे एक नोक ऊपर रखकर या बग़ैर किसी ख़ास सिम्त में रुख़ दिये, उसे इस्तेमाल करते हैं, नोक या दाइरे के फ़लसफ़े का उन्हें इल्म नहीं होता, तो वह महज़ आराइशी अलामत के तौर पर उसे मुख़्तलिफ़ शक्लों में सजाते हैं। उन्हें इसमें मुज़मर मुतज़ाद हक़ीक़त की ख़बर ही नहीं होती। शैतान और उसके चेलों की ज़िल्लत और रुसवाई की इंतिहा मुलाहज़ा कीजिये कि अह्ले ईमान तो अल्लाह की तौहीद और बड़ाई डंके की चोट पर बयान करते हैं, तलवारों के साए तले और संगीनियों की नोक पर उसकी गवाही देते हैं, शैतान के पुजारी इसके बरअक्स चोरी छिपे, लोगों की बेख़बरी से फ़ाएदा उठा कर उसकी किसी अलामत को चोर ज़मीरों की तरह पीछे रह कर फैलाते हैं, उनमें इतनी सकत

नहीं कि अपने झूटे मअ़बूद का कोई वस्फ़ अगर हक़ीक़ी है तो उसे हक़ समझ कर हक़ीक़त की तरह खुल कर बयान कर सकें। ज़िल्लत बल्कि लअ़नत की इससे बदतरीन सूरत और क्या होगी जो शैतान के पीछे चलने वालों का मुक़द्दर है।

अंजामे गुलिस्तां क्या होगा?

बारहवीं अलामत - उल्लू के कानः

उर्दू के एक मशहूर शेअ्र का मिस्रा है जो किसी क़ौम के अस्बाबे ज़वाल की मुख़्तलिफ़ वजूह में से एक अहम वजह बयान करता है। आपने भी सुना होगा -

हर शाख़ पे उल्लू बैठा है, अंजामे गुलिस्तान क्या होगा?

उल्लू को हमारे यहां हिमाक़त, ग़बावत और हिक़ारत का दूसरा नाम समझा जाता है, "हुमा" नामी परिंदा किसी के सर पर बैठ जाए तो उसकी ख़ुशनसीबी की इंतिहा और उल्लू का किसी घर में बसेरा करना बदनसीबी की अलामत क़रार दिया जाता है, लेकिन अह्ले मग़रिब के पैमाने जिस तरह हम मश्रिक़ के बासियों से लेनदेन में मुख़्तलिफ़ हैं, उसी तरह यहां भी उनका अरफ़ व दस्तूर हमारे रिवाज और ज़बान से अलग है। ख़ुसूसन वह अह्ले मग़रिब जो इस्लामी दुनिया को तो क़दामत परस्ती का तअ्ना देते हैं, लेकिन ख़ुद बदतरीन क़िस्म की तो हम परस्ती में मुब्तला हैं। उल्लू की ख़िल्क़त चूंकि कुछ इस तरह की है कि उसे दिन को कुछ नज़र नहीं आता, रात होती है तो अंधेरा उसके लिये रौशनी का काम करता है, इसलिये यह दिन को वीरानों में बसेरा करता और रात को अपनी सरगर्मियों पे निकलता है। बस इसी चीज़ ने उसे जादूगरों और शयतनियत परस्तों के लिये पुरअस्रार और मन्फ़ी सरगर्मियों के लिये कारआमद बना दिया है। इस ग़रीब को ख़बर भी न होती होगी कि उसके बसरी ऐब और तन्हाई पसंदी को फ़रेबी और वह्मी सामरियत

परस्तों ने कैसा रंग दे दिया है? तवह्हुम परस्तों के नज़दीक उसकी मक़बूलियत, तासीर और तक़द्दुस का अंदाज़ा इस अम्र से बख़ूबी हो सकता है कि वह उसे या उसके मुख़्तलिफ़ अअ़्ज़ा को जादू टोने में तासीर के लिये इस्तेमाल करने के अलावा उसे मावराई ताक़त के हुसूल का ज़रीआ़ समझते हैं। अमरीका जैसे मुहज़्ज़ब मुल्क में इन वह्मी तसव्वुरात की कारफ़रमाई इस हद तक ऊंची सतह पर है कि अमरीका के डालर के एक कोने पर एक छोटा सा उल्लू (यअ़नी उल्लू का पट्ठा) जाली से झांक रहा है। अमरीका के नेशनल प्रेस क्लब के मोनोग्राम में एक दर्मियाने साइज़ का उल्लू पूरी शाने हिमाक़त के साथ बिराजमान है, जबकि वाशिंगटन डी सी की इमारत का आर्किटेक्चर फ़ज़ा से मुलाहज़ा किया जाए तो एक देवहैकल उल्लू यअ़नी ठीक ठाक क़िस्म का अज़ीमुल जुस्सा उल्लू आंखें मटकाए दिखाई देता है। अमरीका में शैतान परस्तों का एक गिरोह है जिसने अपने क्लब (बोहीमैन गरवू, सान फ़्रांसिस्को, कैलीफ़ोर्निया) का तआ़रुफ़ी निशान ही उल्लू को क़रार दिया है। दुनिया में कुछ इमारतें ऐसी बन रही हैं जिनके बारे में अह्ले नज़र की राए है कि वह उल्लू के कान और आंखों की शबीह को मद्दे नज़र रखकर डीज़ाइन की गई हैं। गोया कि उल्लू बेचारे के दो ही अअ़्ज़ा हमारे यहां मज़हका खेज़ और नामुबारक समझे जाते थे। लम्बूतरे कान और ज़िहानत से महरूम, हिमाक़त से भरपूर गोल मटोल आंखें। ख़ैर से दोनों ही को मग़रिब में वह क़द्र व मंज़िलत मिली है कि कम ही किसी के हिस्से में आई होगी। शैतान परस्तों और दजल कारों की यह अलामत हमारे मख़्सूस उर्फ़ और रिवाज की बिना पर हमारे यहां कम इस्तेमाल होती है, लेकिन मग़रिब में इसका इस्तेमाल भी ज़ोरों पर है। इसलिये हम

ने उसे ज़िम्नी और ग़ैर मअरूफ़ निशानियों में शुमार किया है, वर्ना तो मग़रिब में उल्लू के पट्ठे तो बाक़ाएदा उसकी पूजा करते हैं। इस पर हम "बोहीमैन गरवू" पर लिखे गए मज़मून में इंशा अल्लाह तफ़सील से गुफ़्तगू करेंगे।

☆☆☆

बैनस्सुतूर से सुतूर की तरफ़

बारह शैतानी अलामात का तज़किरा तो मुकम्मल हुआ। दस असली और दो ज़िम्नी। यह किस्सा हमने क्यों छेड़ा और इस सारी दर्दे सरी का मक्सद क्या है? फिर सबसे बढ़कर यह कि इस शैतानी मुहिम का शिकार होने से हम कैसे बच सकते हैं? रहमान का बंदा होने की हैसियत से हम पर इस शैतानी किस्म और दज्जाली फ़िल्ने के मुकाबले के हवाले से कुछ ज़िम्मादारियां भी आइद होती है या हम यूंही खुद को और इंसानियत को शैतानी मुहिम्मात के सामने बेदस्त व पा हद्फ़ बनता देखते रहें? इन सवालात का जवाब हम इन सुतूर के बैनुस्सुतूर में देते रहे हैं। अब मौका आ गया है कि इसकी तफ़सीली वज़ाहत कर देनी चाहिय, लेकिन इससे भी पहले एक और सवाल निहायत अहम और ज़रूरी है। इस पर हस्बे मुकद्दर गुफ़्तगू करने के बाद हम इंशा अल्लाह दर्जे बाला निकात की तरफ़ लौट आएंगे।

इन अलामात के फैलाने से दज्जाली कुव्वतों का मक्सदः

कारईन के दिल में मज़मून की इब्तिदा से बल्कि उन्वान पढ़कर कुदरती तौर पर एक सवाल पैदा हुआ होगा। यअ्नी शैतानी कुव्वतों की तरफ़ इन दज्जाली अलामात को फैलाने का मक्सद किया है? यहूदी मीडिया और सहीवनी मंसूबा साज़ इससे क्या हासिल करना चाहते हैं? पस पर्दा रह कर इन मुशतबा अलामतों को रिवाज देने की मुहिम से यह दुशमने इंसानियत दज्जाली गिरोह चाहता क्या है?

शैतान के पुजारियों और शैतान के सबसे बड़े हथियार और शैतानी कुव्वतों के सबसे बड़े हिमायत याफ़ता हरकारे "दज्जाले

अक्बर'' के चेलों की तरफ़ से इन अलामात और निशानात को इशारों किनायों में फैलाने के दो बड़े मक़ासिद हैं। पहला तबइयाती है और दूसरा मावरउत्तबयाती। एक का तअ़ल्लुक़ ज़ाहिरी अस्बाब से है और दूसरे का बातिनी तासीरात से। हम बिसात भर कोशिश करेंगे कि दोनों की आसान तशरीह कर सकें।

(1)......दज्जाल के लिये मैदान हमवार करनाः

पहला मक़्सद है कि कुर्रहये अर्ज़ी के बाशिंदों ख़ुसूसन तरक़्क़ी याफ़्ता मग़रिबी मुमालिक और बिल ख़ुसूस मुस्लिम मुमालिक में दज्जाल के ख़ुरूज के लिये ज़ह्नों को हमवार करना ताकि जब सरापा दजल व फ़रेब इस फ़ित्नए उज़्मा का ज़ुहूर हो तो मुहज़्ज़ब इंसानी दुनिया इस ग़ैर मुहज़्ज़ब हैवानी शतूनगड़े से नामानूस न हो, न उसे अजनबी या अपने एहसास व शुऊर से दूर महसूस करे। उसके साथ मख़्सूस अलामतें इतनी मर्तबा उनकी नज़रों से गुज़री हों, कान में पड़ी हों, दिल व दिमाग़ में जगह बना चुकी हों कि उन्हें सब कुछ अपना अपना, देखा भाला और शुऊर व एहसास से क़रीब क़रीब महसूस हो। ख़ास कर वह अलामतें जो दरहक़ीक़त आम इंसानी अक़्ल और उर्फ़ आम में ऐब समझी जाती हैं। मसलनः अंदर को धंसी हुई या बाहर को उभरी हुई आंख......या उनसे नफ़रत की जाती है, मसलनः सांप, सींग, खोपड़ी और हड्डियां वग़ैरा......या उनके जादूई व शैतानी पस मंज़र की बिना-पर लोग उनसे कराहत महसूस करते हैं, मसलनः जादूई अअ़दाद या आग वग़ैरा......इन सबसे आज की मुहज़्ज़ब और तालीम याफ़्ता दुनिया ऐसी आशना और मानूस हो जाए और दज्जाल के ख़ुरूज से पहले ही हर तरफ़ दज्जालियात का ऐसा चर्चा हो जाए कि हर बड़ा छोटा इस फ़ितने की हश्र सामानियों को मअ़मूल की चीज़ और इंसानियत के इस दुश्मन को बनी नोअ़

इंसानी के लिये खैर ख्वाही का मुजस्सम रूप समझने लगे। इसकी एक मिसाल हम दूसरी अलामत "इक्लौती आंख" में दे चुके हैं। एक आंख को इतना मशहूर किया जा रहा है कि रफ़्ता रफ़्ता दो आंखें हसीनों का हुस्न और जबीनों का इस्तिआरा नहीं बल्कि एक आंख हुस्न की अलामत और ताक़त का मंबअ़ समझी जाने लगेगी। यही वह दजल व फ़रेब होगा जिसका शिकार इंसानियत अपनी तारीख़ में कभी नहीं हुई होगी।

(2)......शैतान से मदद हासिल करना:

दूसरा मक़्सद पुरअस्रार है और मावराउत्तबइयात से तअ़ल्लुक़ रखता है। शैतान के चेले इन अलामात से न सिर्फ़ यह कि शैतानी ताक़त और शैतान की हिमायत हासिल होने का यक़ीन रखते हैं बल्कि इसमें ऐसी शैतानी तासीर के क़ाइल हैं जो शैतान की तवज्जोह खींचती है और इसे ख़ुदा की तरफ़ से बतौर आज़माइश व मुहलत दी गई, गंदी ताक़त को शैतान के पुजारियों के हक़ में इस्तेमाल करने की दरख़्वास्त करती है। यूं समझिये जिस तरह मुसलमान मुक़द्दस मक़ामात की शबीह या मुतबर्रक कलिमात का अक्स अल्लाह तआला की रहमत और उसकी तरफ़ से नाज़िल शुदा बरक़त के हुसूल के लिये शाए करते, फैलाते और आवेज़ा करते हैं, शैतान के चेले बिल्कुल इसी तरह इस लईन को ख़ुश या मुतवज्जोह करने के लिये इन अलामात को फैलाने और उनकी तशहीर करके लोगों को उनसे मानूस करते हैं ताकि शैतान अपनी औक़ात के अंदर रहते हुए उनकी नाजाइज़ सिफ़ली ख़्वाहिशात की तकमील में उनकी मदद करे और इसके बदले यह ज़्यादा से ज़्यादा दौलत व शोहरत हासिल कर सकें और हत्तल वसीअ़ हैवानी लज़्ज़त और शहवत पूरी कर सकें।

O......O......O

अस्ल मक्सद की तरफ़:

इस सवाल के जवाब से फ़ारिग़ होने के बाद हम इस तहरीर के अस्ल मक्सद की तरफ़ लौटते हैं। शर का तज़्किरा शर ही फैलाता है, यह ख़ैर सिर्फ़ उसी वक़्त बन सकता है जब शर की तरदीद की जाए, हक़ का गुर्ज़ बातिल के सर पर इस ज़ोर से मारा जाए कि उसका भेजा निकल जाए, जब हमने यह समझ लिया और महज़ अंदाज़े क़्याफ़े से नहीं, शवाहिद व क़राइन की रू से समझ लिया कि इन पुरअस्रार अलामात के पीछे "अस्रार" वग़ैरा कुछ नहीं, महज़ शैतान की रुसवाई और बनी आदम से इंतेक़ाम की दासतान है तो अब हमें जिस अलामत के बारे में यक़ीन हो......मज़्मून के आग़ाज़ में कह दिया गया था कि यक़ीनी बात का एतिबार है, वह्मी शक व शुबहात की कोई हैसियत नहीं,......तो जो अलामात यक़ीनी हैं उनसे बचना चाहिये। इंसानियत को बचाने की कोशिश करनी चाहिये......लेकिन क्या एक मुनज़्ज़म मुहिम के सामने इतना काफ़ी होगा? क्या हम हमेशा दिफ़ाअ़ ही करते रहेंगे? इस तरह तो यह दुनिया अंधेरी वारदातों का शिकार होकर शैतान की बस्ती बन जाएगी। वाक़िआ यह है कि हमें भी अल्लाह तआला को राज़ी करने या शयतनत को धुतकारने और उसके आलाकारों को नाकाम बनाने के लिये महज़ अल्लाह तआला की रज़ा की ख़ातिर हाथ पैर हिलाने पड़ेंगे। अल्लाह तआला की शान बहुत बुलंद है। वह बंदे के उस अमल से राज़ी होते हैं जो ख़ुलूस से भरा हुआ और मशक़्क़त व आज़माइश का सामना करते हुए जगह और माहौल की मुनासिबत से इख़्तियार किया जाए। फ़ितनों के इस दौर में इंसानियत को फ़ित्नों से बचाने की कोशिश (इंशाअल्लाह) अल्लाह तआला के क़ुर्ब और उसकी रज़ा हासिल करने का बेहतरीन ज़रीआ साबित होगी। इसके

लिये हमें मरहला वार दर्ज ज़ेल तरतीब इख़्तियार करनी चाहिये ताकि न हम ख़ौफ़ज़दा हों और न किसी और को मरऊब व ख़ौफ़ज़दा करें। हम हक़ के अलमबरदार हों और बिला ख़ौफ़ व झिझक अपना फ़र्ज़ अंजाम दें। इस सिलसिले में हम बिरादराने इस्लाम की ख़िदमत में चंद बातें अर्ज़ करेंगे। यह गुज़ारिशात दरअसल फ़ित्नों के इस दौर में एक तरह का मरबूत और मुरत्तब लाइहा अमल हैं जिसके मुताबिक़ ज़िंदगी का मअ़मूल बनाने से इंशा अल्लाह तआला फ़ितनों से हिफ़ाज़त भी रहेगी और अल्लाह तआला की मुहब्बत व नुसरत भी हासिल होगी। दज्जाल 1 और 2 में इस तरह की तदाबीर बयान की जा चुकी हैं। यहां उस्लूब कुछ अलग है और नौइयत भी एक तरह से अलग है। इंफ़िरादी भी है और इज्तिमाई भी।

पहली और आख़िरी बात

इस शैतानी मंसूबे और दज्जाली मुहिम के ख़िलाफ़ लाइहा अमल के निकात तरतीब वार कुछ यूं हैं। इसमें से पहली और आख़िरी बात पूरी बहस का खुलासा और जान हैं।

पहली बातः सच्ची तौबा निहायत ज़रूरी हैः

सबसे पहले तो हमें हर तरह के गुनाहों से सच्ची तौबा करनी चाहिये। इस फ़ितना ज़दा दौर में सच्ची तौबा और रुजूअ़ इलल्लाह हमें आज़माइशों से महफ़ूज़ रख सकता है। नीज़ अल्लाह तआला से दुआ करनी चाहिये अब तक बेख़बरी में अगर किसी शैतानी अलामत को अपने लिबास, जूते, इश्तिहार या किसी और शक्ल में बर्ता हो, ज़बान से इसका इज़हार किया हो तो इसको अल्लाह पाक मुआफ़ फ़रमा दें। आईंदा के लिये ऐसे आमाल को तौफ़ीक़ मिल जाए जो इन शैतानी आमाल को धुतकारने और उनके ख़िलाफ़ जिद्द व जिहद का ज़रीआ हों। शैतान को मक्र व फ़रेब मकड़ी के जाले की तरह इंतिहाई बोदा और उसके मंसूबे और चालें इंतिहाई कमज़ोर हैं। दिल की तवज्जोह से एक मर्तबा अल्लाह की तरफ़ रुजूअ़ करने, उसकी किब्रियाई बयान करने या एक लाहौल पढ़ने की देर होती है, यह वावेला करता हो, सर में मिट्टी डालता हुआ भागता है। मग़रिबी दुनिया तो वह्ये इलाही की मुक़द्दस व मुबारक तअ़लीमात और उसके नूर व हिफ़ाज़ती हिसार से महरूम है। इसलिये वह शैतानी क़ुव्वतों की यलग़ार के सामने बहती चली गई। अहले इस्लाम को अल्लाह तआला ने बाबरकत किताब और सच्ची तालीमात दी हैं। मुस्लिम उम्मा के पास अल्लाह की किताब और नबी सल्ल0 के फ़रामीन

अस्ल हालत में मौजूद हैं, जिनमें आख़िरुज़्ज़मां के फ़ितनों की वज़ाहत खूब तफ़सील से की गई है, उसे चाहिये कि सारी दुनिया के लिये ख़ैर और सलामती की दाई बन जाए और मग़रिब के शैतान गुज़ीदा और सितम रसीदा इंसानों को गुनाहों और गुमराहियों के इस गढ़े से निकालने की कोशिश करे जिसमें शैतान के पैरूकारों और दज्जाल के आलाकारों ने इसे धकेलने की कोशिश जारी रखी हुई है। जब अल्लाह के फ़ज़्ल और उसकी तौफ़ीक़ से सच्ची तौबा नसीब हो जाए तो इसके बाद उस पर क़ाइम रहने के लिये दो काम कीजिये।

(2) इस्लाही हल्के से जुड़ जाइयेः

तौबा के बाद अगला काम यह है अपने "इल्म व अमल" को शरीअ़त व सुन्नत से क़रीब तर लाने की जिद्द व जिहद कीजिये। इसका आसान तरीक़ा यह है ऐसे इल्मी व इस्लाही हल्क़ों से जुड़ जाइये जहां अह्ले हक़ उलमाए किराम और मशाइख़े इज़ाम शरीअ़त व सुन्नत का नूर फैला रहे हैं और फ़ित्नों के इस दौर में अपने पैरों तले आने वाले उम्मतियों के ईमान की यूं हिफ़ाज़त कर रहे हैं जैसे मुर्ग़ी अपने नादान और कमज़ोर बच्चों की हिफ़ाज़त करती है। एक नो मुस्लिम पादरी से राक़िमुल हुरूफ़ ने पूछाः "जब आप कुफ़्फ़ार की सफ़ में थे और मुसलमानों को मुर्तद बाने की कोशिश कर रहे थे तो मुसलमानों में सबसे ज़्यादा किसी तबक़े को अपने काम में रुकावट समझते थे या हमारी किस तहरीक से ख़तरा महसूस करते थे?" उन्होंने बरजस्ता कहाः "दो क़िस्म के मुसलमानों को। एक वह जो मुसलमानों को मस्जिद से जोड़े। जो मस्जिद से जुड़ जाता है वह अल्लाह तआला और उसके रसूल सल्ल0 से जुड़ जाता है और हम तो लोगों को अल्लाह और रसूल से दूर करना चाहते थे। दूसरे वह लोग जो जिहाद की बात करें। यअ़नी अमलन जिहाद करें या न,

लेकिन सिर्फ़ जिहाद को फ़र्ज़े ऐन बताएं, लोगों को यह समझाएं कि क़िताल फ़ी सबीलिल्लाह शरई फ़राइज़ में से एक फ़र्ज़ है। यह हमारे लिये सबसे ज़्यादा ख़तरनाक थे। इनका कोई इलाज हमारे पास नहीं है।" मुहतरम क़ारईन! दरअसल न इल्मी और इस्लाही हल्क़ों, जो मसाजिद व मदारिस और ख़ानक़ाहों में क़ाइम होते हैं, से जुड़ने की बहुत सी बरकात हैं। एक अहम फ़ाएदा और अज़ीम बरकत यह होती है, इंसान की सबसे क़ीमती मताअ़ यअ़नी उसका ईमान महफ़ूज़ रहता है। उसको मस्नून आमाल से शनासाई पैदा होती है। मस्नूई ज़िंदगी अपनाने का शौक़ औरं रहमत पैदा होती है। यह ऐसी चीज़ है जिसकी बरकत से इंशा अल्लाह आप शर व फ़ितन और शैतानी मुहिम्मात के बातिनी व नफ़सियाती जरासीम से महफ़ूज़ रहेंगे।

(3) जदीदियत के झांसे में न आइयेः

इसके बाद जदीदियत के फ़ितने से बचने की कोशिश कीजिये। नई चीज़ों से मुतअस्सिर होने के बजाए अपने इस क़दीम और असली दीन और उसकी मुबारक तअ़लीमात से चिमटे रहने की फ़िक्र कीजिये जो बरहक़ और सरापा सिद्क़ है। जदीदियत का लेबल लगी चीज़ों ख़ुसूसन मग़रिब से आई हुई चीज़ों और मग़रिब ज़दा लोगों से बचिये। उनके नज़रियात व अफ़कार से भी और उनकी तहज़ीब व रिवायात से भी। यह लोग बातों बातों में इंसान को फ़ितने में मुब्तला कर देते हैं। मसलन मग़रिबज़दा दीनी स्कालर हमें "माडर्न इस्लाम" समझाने की कोशिश करते हैं जबकि माडर्न इस्लाम कोई चीज़ नहीं। इंसान या तो मुसलमान है या कुछ और है। बीच का दोग़ला रास्ता निफ़ाक़ है। इसी तरह नावल, कार्टून और फ़िल्मों के ज़रीए अह्ले मग़रिब अपने दज्जाली नज़रियात हमारे ज़ह्नों में उंडेलने की कोशिश करते हैं। वह जादूई एतिक़ादात की तरवीज के लिये फ़र्ज़ी मख़्लूक़

और वह्मी शख़्सियात के क़िस्से कहानियां लिखते और उन पर फ़िल्में बनाते हैं। उड़ने वाला अज़दहा, सींगों वाला नाक़ाबिले शिकस्त ह्योला, परों वाली ख़लाई मख़्लूक़, निचला धड़ घोड़े जैसा और ऊपर का इंसानों जैसा, मावराई ताक़तों की हामिल पुरअस्रार फ़र्ज़ी शख़्सियात, यह सब कुछ दरअस्ल इंसान को ज़ह्नी तौर पर मरऊब करने और नफ़सियाती शिकस्त और टूट फूट का शिकार करने के बाद उस पर क़ाबू पाने की कोशिशें हैं। लिहाज़ा खुद को और अपने मुतअ़ल्लिक़ीन को फ़र्ज़ी नावल, कहानियां पढ़ने और फ़िल्में और कार्टून वग़ैरा देखने से बचाएं। नीज़ ऐसे नीम मज़हबी मग़रिबी स्कालरों के बयानात न सुनें जो खुद सीरते रसूलुल्लाह सल्ल० और उस्वए हसना से महरूम हैं। तहरीफ़ के नाम पर जदीदियत के फ़ित्ना उज़्मा का शिकार हैं और इस रास्ते से वह हमें अबाहियत और फिर दज्जालियत की तरफ़ ले जाना चाहते हैं, क्योंकि इसमें शक नहीं इस तरह की मख़्लूक़ से मुतअस्सिर इंसान तारीकी के अलमबरदार और नामानूस क़िस्म की फ़ित्ना बाज़ व फ़ित्ना परवर मख़्लूक़ "दज्ज़ाले अक्बर" का आसान तरीन शिकार होगा।

(4) शरीअ़त व सुन्नत को तर्ज़े हयात बनाइयेः

जो अल्लाह का कुर्ब चाहता है, वह शरीअ़त व सुन्नत को तर्ज़े हयात बनाए और शैतानी कामों और दज्जाली फ़ितने से अपने आप को बचाए। इन दोनों का फ़ितना शर और बातिल परस्ती का फ़ितना है। इसका इलाज ख़ैर को फैलाने और ख़ुदा परस्ती को आम करने में है। जहां शरीअ़त का हुक्म ज़िंदा होगा, हुज़ूर सल्ल० की सुन्नत पर अमल होगा, वहां शैतान शिकस्त खाएगा और वावेला करते हुए भागेगा। जहां इंसान गुनाह करेगा, हैवानात की तरह नफ़्स परस्ती में मुब्तला होगा, वहां शैतान का काम आसान होगा और इंसानियत

फ़ितना दज्जाल के फंदों में फंसती चली जाएगी। अल्लाह व रसूल से मुहब्बत करने वालों के लिये यह इम्तिहान का वक़्त और ग़ैरत दिखाने का लम्हा है कि वह अपने ख़ालिक़ व मालिक रब के दीन और अपने मुहसिन व मुशफ़िक़ नबी (सल्ल0) की उम्मत की हिदायत और इस्तिक़ामत के लिये क्या कुछ करते हैं और अपने और सारी दुनिया के दुशमनों और उनके चेलों के मुक़ाबले में कितनी मशक़्क़त उठाते और इस्तिक़ामत का मुज़ाहरा करते हैं?

(5) मस्नून आमाल और मस्नून दुआओं का एहतिमाम कीजियेः

अलावा अर्ज़ीः दज्जाल का फ़ितना शैतान का अज़ीम फ़ितना है। इससे दिफ़ाअ़ के लिये रहमानी हिसार में आना ज़रूरी है। रहीम व रहमान ज़ात की मदद और उसकी हिफ़ाज़त के हिसार में आने के लिये रहमतुल लिल आलमीन सल्ल0 की मुबारक सुन्नतों पर अमल, मत्तबअ़ सुन्नत मशाइख़ किराम की सोहबत और मस्नून आमाल ही वाहिद ज़रीआ हैं। सूरए कह्फ़ की इब्तिदाई दस आयात और आख़िरी रुकूअ़ के बारे में हदीस शरीफ़ में बताया गया है कि फ़ितनए दज्जाल और उसके ज़हरीले असरात व जरासीम के ख़िलाफ़ मज़बूत तरीन हिसार और मुअस्सिर तरीन हथियार है। इनका सुब्ह शाम विर्द कीजिये। इसी तरह उन दुआओं का भी एहतिमाम कीजिये जिन्हें मुहद्दिसीन की इस्तिलाह में "तअ़व्वुज़ात" कहा जाता है यअ़नी जिनमें "अऊज़" का लफ़्ज़ आता है और उनके ज़रीए हमारे मुहसिन हक़ीक़ी जनाब नबी करीम सल्ल0 ने हमें फ़ितनों और नागवार चीज़ों से पनाह मांगने की तलक़ीन व तअ़लीम की है। यह दुआः

"اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَعُوْذُبِکَ مِنَ الْهَمِّ وَالْحُزْنِ، وَاَعُوْذُبِکَ مِنَ الْعَجْزِ
وَالْکَسَلِ، وَاَعُوْذُبِکَ مِنَ الْجُبْنِ وَالْبُخْلِ، وَاَعُوْذُبِکَ مِنْ غَلَبَةِ الدَّیْنِ

وَقَهْرِ الرِّجَالِ."

नीज़:

"اَللّٰهُمَّ اِنِّىْ اَعُوْذُبِكَ مِنْ شَرِّفِتْنَةِ الْمَسِيْحِ الدَّجَّالِ."

(सही बुख़ारी, किताबुद्दअ़वात:2/944)

आख़िरी बातः नज़रियए जिहाद को ज़िंदा कीजियेः

आख़िरी बात यह कि मनहूस शैतानी अलामात और मक्रूह दज्जाली निशानात की रोकथाम कीजिये। इसकी जगह अल्लाह की तस्बीह और तक़दीस को आम कीजिये। रहमानी शआ़इर का एहतिराम कीजिये। गुनाह छोड़ने और छुड़वाने की तरग़ीब दीजये और दज्जाली फ़ितने के वाहिद हल "जिहाद फ़ी सबीलिल्लाह" के अज़ीम फ़र्ज़ की अदाइगी की फ़िक्र कीजिये। अल्लाह के रास्ते में ख़र्च करने के लिये हलाल कमाइये और अपनी जान को अल्लाह के लिये क़ुर्बान करने के लिये तैयार रखिये। नज़रियए जिहाद को ज़िंदा कीजिये और क़िताल फ़ी सबीलिल्लाह के साथ किसी न किसी दर्जे में जुड़ जाइये। जान, माल, ज़बान......दामे, दर्मे, सख़्ने......किसी न किसी शक्ल में फ़र्ज़ "क़िताल फ़ी सबीलिल्लाह" अदा कीजिये। इससे ग़ाफ़िल रहना इज्तिमाई ख़ुदकशी है। यह ज़िल्लत वाली ज़िंदगी को क़बूल करने हसरतनाक़ मौत को दावत देने के मुतरादिफ़ है। लिहाज़ा हर हाल में इसमें किसी न किसी शक्ल में उससे जुड़े रहना ज़रूरी है। यह किसी भी इशकाल की बिना पर साक़ित नहीं है। रोज़े क़्यामत यह सवाल नहीं होगा कि नेकी की जिद्द व जिह्द में कितनी कामियाबी हासिल की? सवाल यह होगा कि नेकी फैलाने और बदी के ख़ातमे के लिये अपनी मक़दूर भर कोशिश क्यों नहीं की? हम सब को वह लम्हा याद रखना चाहिये जब हम से यह सवाल होगा, लाज़िमन होगा और

बरसरे आम होगा। फिर हमारे सामने ख़ैर के दाइयों और इस्लाम के सिपाहियों को एज़ाज़ात व इन्आमात मिलेंगे और ख़ैर व शर के मअ़रके फिसड्डीपन दिखाने वालों को हसरत और अरमान के अलावा चारा न होगा। हमें उस वक़्त की हसरत और नदामत से बचने के लिये आज की मुहलत से फ़ाएदा उठा लेना चाहिये। फ़ितनए अज़ीम के मुक़ाबले में क़लील अमल का अज्र इंशा अल्लाह बहुत अज़ीम और हमारे तसव्वुर से बालातर है।

ब्लैक वाटर से आर्टीफ़िशल वाटर तक

दज्जाली रियासत के क़याम के लिये फ़ितरी क़ुव्वतों को मुसख़्ख़र करने की इबलीसी कोशिशें:

फ़ारसी का मशहूर शेअ़र है: "ख़ामोशी मअ़नी दारद कि दर गुफ़तन नमी आयद" यअ़नी ख़ामोशी की भी एक ज़बान होती है जो बोलती ज़बानों से ज़्यादा मअ़नी ख़ेज़ और असर अंगेज़ होती है। हज़रत मुजद्दिद अल्फ़सानी रहि0 अपने मुरीदीन और रुऊसा व उमरा की भरी महफ़िलों में ख़ामोश बैठे रहा करते थे। किसी ने पूछा: "हज़रत! आप बोलते नहीं कि हाज़िरीन को फ़ाएदा हो।" फ़रमाया: "जिसने हमारी ख़ामोशी से कुछ न समझा वह हमारे बोलने से भी कुछ न समझेगा।" सैलाब जब तबाहियों के दौर की इब्तिदा कर रहा था, तो अहबाब की एक महफ़िल में अज़ीज़म सय्यद अदनान काख़ील ने पूछा: "यह समझ नहीं आया कि सैलाब अज़ाब है तो सरहद और जुनूबी पंजाब में ज़्यादा क्यों आया है? यह दोनों इलाक़े तो दीनदारी के हवाले से मअ़रूफ़ हैं।" कुछ दोस्तों ने इस आजिज़ की तरफ़ देखा कि कुछ बोलेगा। मैं ख़ामोश रहा तो एक और साहब ने इस सवाल पर दूसरे सवाल की थप्पी लगाई: "हां! यह लोग सख़्त इब्तिला में हैं जबकि पंजाब के वह बड़े शहर जो माहे रमज़ान में भी अपनी कारसतानियों के हवाले से मअ़रूफ़ हैं, अमन व अमान से हैं।" अब बोलना कुछ ज़रूरी हो गया था लेकिन यह आजिज़ फ़क़त इतना कहकर ख़ामोश रहा: "अल्लाह तआला सबको अपने अमन व अमान में रखे।" बाद में शाह साहब को अलग करके कहा: "यह सैलाब, हैटी के ज़लज़ले और जद्दा के सैलाब की तरह मस्नूई है। इन

इलाक़ों के बाद यह आहिस्ता आहिस्ता और आगे बढ़ेगा, फिर सितमगर नामेहरबां, ख़ैरख़्वाह मेहरबानों के रूप में नाज़िल होना शुरू हो जाएंगे।''

अक़्लमंद के लिये इशारा काफ़ी होता। शाह साहब ने शायद दज्जाल 1 का मुतअ़ल्लिक़ा हिस्सा पढ़ रखा था। फिर उन्हें उस आजिज़ के मुख़्तसर तर्ज़े गुफ़्तगू से आगाही भी थी। मज़ीद कुछ न पूछा अलबत्ता इस्तिफ़ादा भरी नज़रों से मेरी तरफ़ देखा तो मैंने यह कह कर गुफ़्तगू ख़त्म कर दीः ''अन्क़रीब नेट पर और फिर अख़्बारों में यह बात आनी शुरू हो जाएगी लेकिन हस्बे मअ़मूल नज़रअंदाज़ कर दी जाएगी।'' इस वाक़िए को तक़रीबन दो हफ़्ते हो गए हैं। इस अर्से में हम अह्ले वतन के दुख दर्द समेटने और मक़्दूर भर ख़िदमत में मसरूफ़ रहे और बवजूह मुख़्तलिफ़ नामों से हमारे मज़ामीन छपते रहे। इंतेज़ार था कहीं से जमूद टूटे तो हम कुछ बोलें वर्ना फ़क़ीरों की कौन सुनता है? हत्ता कि वह ख़बर कल जुमा के दिन क़ौमी अख़्बारात के पहले सफ़्हे पर आ गई है जिसकी तरफ़ बंदा आज से तीन साल पहले ''दज्जाल1'' में क़ुदरती वसाइल पर दज्जाली क़ुव्वतों के क़ब्ज़े के तरीक़ेकार और उसके नताइज के उन्वान से तफ़सील से लिख चुका था। ख़बर का अक्स आप मज़मून के साथ देख रहे हैं। पहले ''दज्जाल1'' के दो पैराग्राफ़ पढ़ लीजिये, फिर इस ख़बर का मतन देख लीजिये। मुवाज़ना और नताइज का अख़्ज़ आपका काम है जबकि हल और लाइहा अमल मुतज़क्किरा किताब के अलावा कई मर्तबा बयान किया जा चुका है। ''दज्जाल 1'' सफ़्हा 261 पर अर्ज़ किया थाः

''अमरीकी साइंसदानों ने एक इदारा क़ाइम किया है जो मौसमों में तबदीली से बराहे रास्त तअ़ल्लुक़ रखता है। यह इदारा न सिर्फ़

मौसमों में तग़य्युर का ज़िम्मादार है बल्कि कुर्हे अर्ज़ में ज़लज़लों और तूफ़ानों के इज़ाफ़े का भी ज़िम्मादार है। इस प्रोजेक्ट का नाम Haarp यअ़नी "हाई फ्रीक्वेन्सी एक्टूवार वर्ल रीसर्च प्रोजेक्ट" है। इसके तहत 1960 ई0 के अशरे से यह तर्जुबात हो रहे हैं कि राकिटों और मस्नूई सय्यारों के ज़रीए बादलों पर कीमियाई माद्दे (बैरियम पाऊडर वग़ैरा) छिड़के जाएं जिससे मस्नूई बारिश की जा सके। यह सारी कोशिशें कुदरती वसाइल को कब्ज़े में लेने की हैं ताकि दज्जाल जिसे चाहे बारिश से नवाज़े जिसे चाहे कहत साली में मुब्तला कर दे। जिससे वह खुश हो उसकी ज़मीन में हरियाली लहराए और जिस से बिगड़ जाए वहां ख़ाक उड़े। लिहाज़ा मुसलमानों को कुदरती ग़िज़ाओं और कुदरती ख़ूराक को इस्तेमाल करना और फ़रोग़ देना चाहिये। यह हम सब के लिये बेदार का वक़्त है कि हम कुदरती ख़ूराक (मस्नून और फ़ितरी ख़ूराक) इस्तेमाल करें और मस्नूई अशया या मस्नूई तरीके महफ़ूज़ कर्दा अशया से खुद को बचाए जो आगे चल कर दज्जाली ग़िज़ाएं बनने वाली हैं।"

दो सफ़्हे बाद की इबारत भी देख लीजिये: "आपने महसूस किया होगा कि कुर्हे अर्ज़ के मौसम में वाज़ेह तबदीलियां आ रही हैं और मौसम और माहौल संगीन तबाही से दो चार हो रहे हैं। दुनिया भर में इस हवाले से मज़ामीन और साइंसी फ़ीचर्ज़ शाए हो रहे हैं। मज्मूई दर्जा हरारत में इज़ाफ़ से तूफ़ान, सैलाब और बारिशों की शर्ह ग़ैर मअ़मूली तौर पर मुतग़य्यिर हो गई है। अगर्चे इसको फ़ितरी अमल करार दिया जा रहा है लेकिन दरहकीकत यह तसख़ीर काइनात के लिये की जाने वाली उन शैतानी सांइसी तर्जुबात का नतीजा और मौसमों को काबू में रखने की कोशिशों का नतीजा है जो मग़रिब में जगह जगह मौज़ूद यहूदी सांइसदान हज़रत दाऊद की नस्ल से

आलमी बादशाह के आलमी ग़ल्बे की ख़ातिर कर रहे हैं।"

अब उस ख़बर का मुतालआ कर लीजिये जो नेट से होती हुई बिलआख़िर अख़्बारात के सफ़्हे पर आ गई है।

"पाकिस्तान में ग़ैर मअमूली बारिशों और उनके नतीजे में रूनुमा होने वाले सैलाब के अस्बाब तलाश करने वालों में वह लोग भी शामिल हैं जो माहौल कंट्रोल करने वाली ख़ुफ़िया अमरीकी टेक्नालोजीज़ पर नज़र रखते हैं। अमरीकी हार्प टेक्नालोजी पर हालिया सैलाब का इल्ज़ाम आइद किया जा रहा है। यह वह टेक्नालोजी है जिसके ज़रीए बालाई फ़ज़ा में बर्क़ी मक़्नातीसी लहरों का जाल बिछा कर मौसम के लगे बंधे ढांचे को तहस नहस कर दिया जाता है और इसके नतीजे में मूसलाधार बारिशें होती हैं। सैलाब आते हैं और बर्फ़बारी बढ़ जाती है। इसी टेक्नालोजी को इंजीनियर ज़लज़लों और समंद्री तूफ़ानों की पुश्त पर कारफ़रमा बताया जाता है। इंटरनेट पर मुख़्तलिफ़ ज़राए से मंज़रे आम पर आने वाली रिपोर्ट्स में बताया गया है कि पाकिस्तान में बारिशों के सिलसिले को हार्प टेक्नालोजी के ज़रीए दिया गया। सिर्फ़ चार दिनों में सब कुछ बदल गया। दुनिया भर के मौसमियाती माहिरीन ने भी इस हवाले से कुछ नहीं कहा था। कोई इंतिबाह भी जारी नहीं किया गया था। हार्प (हाई फ़्रीक्वेंसी एक्ट्यूआर वर्ल रीसर्च प्रोग्राम) अमरीकी फ़ौज का एक हस्सास प्रोग्राम है जो कई बरसों से मुतनाज़अ़ चला आ रहा है। 1997 ई0 में उस वक़्त के अमरीकी वज़ीरे दिफ़ाअ़ विलियम कोहन ने भी इस प्रोग्राम को मुतनाज़अ़ क़रार दिया था। बाख़बर ज़राए बताते हैं हार्प भी इन प्रोग्रामों का हिस्सा है जो 2020 तक पूरी दुनिया पर अमरीकी तसर्रुफ़ यक़ीनी बनाने के लिये शुरू किये गए हैं। इन ज़राए का दावा है कि मौसमियाती

निज़ाम के ढांचे को बदल कर बहुत से मुमालिक को शदीद मआशी बुहरान से दो चारा किया जा सकता है। रूस के मअरूफ़ स्कालर और स्ट्रीटजक कल्चर फ़ाउंडेशन के नाइब सरबराह आंद्रे अरीशैफ़ ने रूस के जंगलों में लगने वाली भयानक आग को भी अमरीकी हार्प टेक्नालोजी के इस्तेमाल का नतीजा क़रार दिया है। माहिरीन का कहना है कि ज़मीनी दरयाओं की तरह दो मील की बुलंदी पर बुख़ारात की शक्ल में भी दरया पाए जाते हैं। दुनिया भर में ऐसे दस फ़ज़ाई दरया हैं जिनका रास्ता रोक कर ग़ैर मअमूली बारिश और सैलाब की राह हमवार की जा सकती है। हार्प और दीगर मुतअल्लिक़ा टेक्नालोजीज़ की मदद से बारानी हवाओं के निज़ाम को ग़ैर मुतावाज़िन करके बारिश को क़ुदरती मक़ाम और डेड लाइन तबदील कर दी जाती है। यह सब माहौलियाती दहशतगर्दी के ज़ेल में आता है और ख़ुद अमरीकी माहिरीन और सियासतदान भी इस हवाले से ख़बरदार करते रहे हैं।"

(रोज़नामा उम्मतः जुमा 27 अगस्त 2010 ई०)

मुश्किलात तो आप ने सुन लीं। हल क्या है? सिर्फ़ "बी एंड बी" यअ़नी बुरूनाई और बहरैन वह बहुत छोटे और इंतेहाई मालदार मुस्लिम मुल्क ऐसे हैं कि अपनी दौलत का ख़ुम्स यअ़नी 20 फ़ीसद जो मअ़दनियात की ज़कात का शरई निसाब है, अदा करने लगें तो मुसलमानों को बैरूनी इम्दाद और बैरूनी इम्दाद को फ़ौजों की कोई ज़रूरत नहीं होगी न किसी से क़र्ज़ लेने और दुनिया भर में इम्दाद की दुहाई देने और ख़्वार फिरने का ख़तरा होगा, लेकिन मुसलमान हुक्मरान अपने उड़न खटोलों को नए सिरे से सोने से सुनहरा कर रहे हैं जिसकी जांच पड़ताल की भी किसी सियासी अदाकार को ज़रूरत है न सियासी हिदायत कार को हिम्मत कि "ब्लैक वाटर" के बाद

अब यह "आर्टीफ़िशल वाटर" क्या कुछ साथ ला रहा है और क्या कुछ बहा कर ले जाएगा? ख़बर आई है कि बुरूनाई के सुल्तान हसन बलक़ियवा की हिदायत पर 233 मिलियन डालर की मालियत की जहाज़ों को अज़सरे नो तज़ईन करके सोने से बनी हुई अशया से सजाया गया है और हर छोटे बड़े फ्रेम और फर्नीचर को ख़ालिस सोने की प्लेटों से तैयार किया गया है। मौसूफ़ 20 मिलियन डालर की जाईदाद के मालिक हैं। अगर वह और उनके तबक़े के मुसलमान ज़रदार उमरा......हमवतन हों या हम मज़हब......अपनी तिजोरी बंद, दौलत का ढाई फ़ीसद यअ़नी सिर्फ़ ज़कात भी अदा करें तो हम अमरीकी इम्दाद के थैलों से गिरा हुआ आटा सड़कों पर से चुन कर खाने और "यौमे दिफ़ाअ़" की जगह "साले दिफ़ाअ़" मनाने से बच सकते हैं लेकिन हम तो पहले से मौजूद "शह्बाज़ों" को बचाने के लिये "जमाल शाहों" को डुबोने से भी दरेग़ नहीं कर रहे। मुर्दों की क़ब्रों पर चिराग़ जलाए रखने के लिये ज़िंदों के घरों में अंधेरा किया जा रहा है। एन जी ओज़ के मुताबिक़ 72 हज़ार बच्चों की ज़िंदगी को ख़तरा है, इसलिये वह इम्दादी कार्रवाइयां जारी रखेंगी, लेकिन जो बच्चे इम्दादी कैम्पों से ग़ाइब हो रहे हैं या किये जा रहे हैं, उन्हें किस से ख़तरा है? इसका कोई ज़िक्र नहीं। ज़र्दारों को ज़रगिरी से फ़ुर्सत मिलने तक, "राज़दार" राज़ों के राज़ तक ही न पहुंच जाएं। ख़ुदा नख़्वास्ता हाकिम बदहन ज़र रहे न ऐटम का ज़र्रा। अल्लाह रहम करे। दुआ और दवा दोनों की ज़रूरत है। रुजूअ़ इलल्लाह और ख़िदमते ख़ल्क़ दोनों से दरीग़ न किया जाए। हमें अपने काम में लगा रहना चाहिये। ज़मीन वाले जो कुछ मंसूबे बनाएं आसमान वाले की बादशाही आसमानों और ज़मीनों पर क़ाइम दाइम है और उसकी तदबीर सब तदबीर करने वालों की तदबीर से बेहतर है।

नीली बर्फ़ और गर्म बारिश

"मस्नूई सैलाब" वाला मज़मून पढ़कर क़ारईन के दिलचस्प, मुतनव्वअ़ और मुख़्तलिफ़ तअस्सुरात मौसूल हुए। आज की मजलिस में आप को इन तअस्सुरात में शरीक करना चाहूंगा।

अक़ीदा और अक़ीदत:

बअ़ज़ ठेठ क़िस्म के दीनदार अहबाब का कहना था यह तो अल्लाह के कामों में मुदाख़लत है। इसका इख़्तियार किसी को कैसे हासिल हो सकता है? इन हज़रात की तवज्जोह उन अहादीस की तरफ़ नहीं गई जिनमें दज्जाल को दी गई उन ग़ैर मअ़मूली शुअ़बदा नुमा सलाहियतों का ज़िक्र है जो इससे भी आगे की चीज़ हैं और जिनकी बिना पर वह अपनी झूटी खुदाई का दावा करेगा। जिसको (यअ़नी मुनाफ़िक़ीन को) चाहेगा ख़ुशहाल व सरशार कर देगा और जिसको (यअ़नी मुख़्लिस मोमिन को) चाहेगा रोटी पानी बंद कर देगा। उसके साथ ख़ूराक के ज़ख़ीरे भी होंगे और जन्नत नुमा बाग़ भी। क़ुदरती वसाइल पर भी उसने क़ब्ज़ा कर रखा होगा और इंसानी ज़िंदगियों से खेलने पर भी क़ुदरत हासिल कर रखी होगी। दज्जाल को रहने दें। मग़रिब जहां दज्जाली तहज़ीब जनम लेकर फ़रोग़ पा रही है वहां देख लें। भेड़ से शुरू होने वाला क्लोनिंग का सिलसिला, गाए, ऊंटनी और इंसानों तक जा पहुंचा है। तो क्या इसे खुदाई इख़्तियारात का हुसूल कहेंगे? नहीं हरगिज़ नहीं! यह तो अल्लाह तआला की कमाले क़ुदरत और कमाले तख़्लीक़ का एक और सुबूत है। रब तआला ने न सिर्फ़ यह कि इंसान और दीगर जानदारों को पैदा किया बल्कि इंसान के जिस्म में ऐसे हज़ारों ख़लिये पैदा कर

दिये जिन से हर इंसान जैसे हज़ारों इंसान बन सकते हैं। क्लोनिंग के ज़रीए सांइसदानों ने अज़ खुद कोई चीज़ तख़्लीक़ नहीं की। अल्लाह की तख़्लीक़ कर्दा मख़्लूक़ के अंदर पहले से मौजूद एक पोशीदा चीज़ को ज़ाहिर करके अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त की कुदरत का एक और मज़हर दुनिया के सामने लाया है। इसी अहसनुल ख़ालिक़ीन की शाने ख़ल्लाक़ियत का एक और पहलू दुनिया के साम्ने आशकार हुआ है। न यह कि हगने मूतने और लेबारट्रियों में पेशाब पाख़ाना का तज्ज़िया करके पैसा कमाने वाले साइंसदान मआज़ल्लाह खुदाई में शरीक हो गए हैं। बिल्कुल इसी तरह अगर आसमान पर मौजूद बादलों या ज़मीन पर पहले जमी बर्फ़ पर मक़्नातीसी शुआएं डाल कर उन्हें पिघला दिया जाए और पानी की एक बड़ी मिक़्दार जिसे अल्लाह तआला ने पहले से तख़्लीक़ कर रखा है, को एक दम इंसानी आबादियों पर छोड़ दिया जाए तो इस दज्जाली हरकत में खुदाई सिफ़त कहां से आ गई? यह तो बेगुनाह और सादा लौह इंसानियत को कुर्ब व अज़ियत में मुब्तला करने वाली शैतानी हरकत हुई जो दज्जाली कुव्वतों की इन काविशों का हिस्सा है जिसके मुताबिक़ वह अपनी झूटी खुदाई की राह हमवार कर रहे हैं। उनके इस इंसानियत सोज़ हरकत से न अक़ीदे के एतिबार से किसी वह्म में पड़ना चाहिये न उसे ख़िलाफ़े हक़ीक़त या ख़िलाफ़े अक़ीदे क़रार देकर नज़र अंदाज़ करना चाहिये।

ख़ौफ़ या उम्मीद?

बअ़ज़ लोगों का कहना था इससे ख़ौफ़ व हरास फैलेगा। अब आप ही बताइये दुशमन के आने की ख़बर देने से जो ख़ौफ़ फैलता है उससे तो मुज़ाहमत की उम्मीद पैदा होती है। अगर दुशमन से मुतमंइन हो लिया जाए तो इस बेजा ख़ुशफ़हमी और शिकस्त में

फ़ासला ही कितना रह जाता है? और दज्जाल तो ऐसा फ़ितना है कि तमाम अंबियाए किराम ने......हज़रत नूह अलै0 से लेकर ख़ातिमुन नबिय्यीन सल्ल0 तक......तमाम अंबियाए किराम ने इससे डराया है। क्या नबवी फ़राइज़ या मअ़मूलात में ख़राबी का अंदेशा हो सकता है? इससे तो इंशा अल्लाह ख़ैर जनम लेती है। वह ख़ैर जो ग़फ़लत के साथ जमा नहीं होती, जुस्तजू और आगाही से ही फूटती है। हमसे बेहतर तो मग़रिब के वह मुहक़्क़िक़ हैं जो इस तरह की चीज़ों पर नज़र रखते और दुनिया को उनसे आगाह करते रहते हैं। मग़रिब में उनकी तहक़ीक़ात को हाथों हाथ लिया जाता है और उनका तन्क़ीदी जाइज़ा लेने के साथ उन्हें क़द्र की निगाह से देखा जाता है। हमारे यहां दुशमन के अस्लहा ख़ाने पर नज़र नहीं रखी जाती। अगर कोई जुस्तजू करके खोज निकाल लाए तो उसे दीवाना क़रार दिया जाता है। दीवानगी का यह इल्ज़ाम उस वक़्त तक तवातुर से दिया जाता है जब तक दुशमन की यलग़ार फ़र्ज़ानों के सर पर नहीं आ पहुंचती!

बअ़ज़ हज़रात को जदीद साइंस की इंकिशाफ़ाती शुअ़बदा बाज़ियों पर इतना तअ़ज्जुब होता है कि वह एहसासे कमतरी में मुब्तला हो जाते हैं या उनका इंकार कर बैठते हैं। यह दोनों रद्दे अमल महल्ले नज़र हैं। अगर इंसान का चांद पर जाना साबित हो जाए तो इसमें इस्लामी अक़ाइद के ख़िलाफ़ कौन सी बात होगी या कौनसा मुअजज़ाना क़िस्म का कमाल होगा? क्या जिन्नात पलक झपकते में दुनिया के एक कोने से दूसरे कोने तक नहीं चले जाते? चांद से भी ऊपर आसमानों पर जाकर फ़रिश्तों की बातें नहीं सुनते? इसमें कमाल क्या हुआ? उल्टा पत्थर का पत्थर खाकर मरदूद होकर भागते हैं। अगर जिन्नात बग़ैर किसी सवारी के ख़ला में चले जाते हैं तो आलमी तसख़ीर के मंसूबे पर अमल करने वाले कुछ बदनियत

इंसानों ने सवारी पर चढ़कर चांद तक रसाई हासिल कर ली तो इसमें इतनी बड़ी कौनसी बात है कि हम इसको शरई मुसल्लमात के ख़िलाफ़ और उसके इन्कार को सिहते एतिक़ाद के लिये लाज़िम क़रार देने लगें? शैतान को अगर अल्लाह तआला ने क़्यामत तक की उम्र और सारे बर्रे आज़मों में मौजूद हर शख़्स के दिल में वसवसा डालने की सलाहियत दे रखी है तो क्या शैतान के चेलों (शैतान का सबसे बड़ा चेला दज्जाले आज़म) को इस तरह की सलाहियत नहीं दी जा सकती? फिर ईमान वालों की आज़माइश ही क्या होगी? उन्हें इम्तिहान से गुज़रे बग़ैर जन्नत किस बुन्याद पर मिलेगी? मुसलमान का ईमान दो टूक और खरा होना चाहिये। इस तरह के शैतानी शुअ़बदा बाज़ों से उसको वसवसों का शिकार न होना चाहिये। अलबत्ता दलाइल व शवाहिद की बिना पर तहक़ीक़ व तजस्सुस और तन्क़ीद व तमहीस हमारा फ़र्ज़ है। आइये! अह्ले मश्रिक़ के मुशाहिदे और अह्ले मग़रिब के तज्ज़िये पर एक नज़र डालते हैं।

अह्ले मश्रिक़ का मुशाहिदाः

गुज़िश्ता दिनों आज़ाद कश्मीर के दूर दराज़ इलाक़ों में जाना हुआ। वहां के बहुत से लोगों ने बताया कि यहां बारिशें ज़्यादा नहीं हुईं। यहां जिस ग़ैर मअ़मूली सैलाब ने तबाही मचाई वह पहाड़ों पर जमी "नीली बर्फ़" के यक्दम पिघलने और फिर "गर्म बारिश" बरसने से हुआ। नीली बर्फ़ उस बर्फ़ को कहते हैं जो हर साल जमने और पिघलने वाली बर्फ़ के नीचे बीसियों फ़िट नीचे सदियों से जमी हुई है। "कील" और "दवारियां" नामी दूर दराज़ इलाक़ों के बड़े बुज़ुर्गों का कहना था कि एक धमाका हुआ जिससे उड़ने वाली बर्फ़ के टुक्ड़े मीलों दूर तक घरों में जा गिरे। इसके बाद "गर्म बारिश" हुई। इसमें भीगने से इंसान को सर्दी नहीं लगती, गर्मी लगती है।

मौजूदा सैलाब की इब्तिदा कशमीर से हुई थी और कशमीर के सैलाब की इब्तिदा "नीली बर्फ" और "गर्म बारिश" से हुई थी। पूरे पाकिस्तान में फिर जो कुछ हुआ इससे पहले नहीं हुआ था। जिस तरह हुआ वह किसी की समझ में नहीं आया। यह सब क्या है? कुदरती वसाइल और फ़ित्री मौसम को अपने क़ाबू में दुनिया देखेगी। नजाने उस वक़्त फ़क़ीर कहां होगा? इंसान समझना चाहे तो थोड़ा भी बहुत है। न समझने पर अड़ा रहे ज़्यादा भी कम पड़ जाता है।

अह्ले मग़रिब का तज्ज़िया:

मग़रिब में जो अह्ले नज़र दज्जाली कुव्वतों के आलाकार नहीं वह इस तरह की हरकतों पर नज़र रखते हैं, लेकिन यह आजिज़ भी पहले कह चुका है कि वह उसकी ग़र्ज़ व ग़ायत को ज़्यादा गहराई से नहीं समझते न उनकी तहक़ीक़ात के नताइज दजल व फ़रेब के उस पर्दे को चाक कर सकते हैं जो इंसानी तारीख़ के सबसे बड़े फ़ितने ने अपने आगे तान रखा है। उनके मुताबिक़ यह पुरअसरार नामअ़लूम कुव्वत जो मुख़्तलिफ़ मुल्कों के मौसमी हालात को हैरान कुन तौर पर तबदील करने में मुलव्विस बताई जाती है, आलमी माहिरीन के मुताबिक़ अमरीकी महकमा दिफ़ाअ़ का एक ख़ुफ़िया इदारा "हार्प" (Haarp) है। हार्प का पूरा नाम High Frequency Active Auroral Research Program है। मुख़्तसर अलफ़ाज़ में कहा जा सकता है कि हार्प मौसम पर कंट्रोल हासिल करने की जदीद तरीन सलाहियत है जिसके ज़रीए बालाई फ़ज़ा के एक मख़्सूस हिस्से को नपी तुली मिक़्दार में बर्क़ी तवानाई से निशाना बना कर हर क़िस्म के समंद्री तूफ़ान (Hurricane), घन गर्ज के साथ तूफ़ानी बारिश, सैलाब और बगूलों वाले तूफ़ान

(Tormadoes) के अलावा खुश्क साली से भी अह्ले ज़मीन को दो चार किया जा सकता है। आलमी सतह पर मौसमों को कंट्रोल करने वाला यह मराकिज़ अमरीकी रियासत अलास्का में काकोना के वीरान मक़ाम पर 25 करोड़ डालर की लागत से तक़रीबन 20 साल के अर्से में मुकम्मल किया गया है। 14 एकड़ रक़्बे पर फैला हुआ हार्प मर्कज़ 360 रेडिया ट्रांसमीटर्ज़ और 180 एन्टीना पर मुशतमिल है। 22 मीटर तक बुलंद यह एन्टीना तबाही के हथियार हैं जहां से कई अरब वाइस कुव्वत की बर्क़ी तवानाई हाई फ़्रीक्वेंसी रडियाई लहरों के ज़रीए ज़मीनी फ़ज़ा से ऊपर मौजूद बरक़ाई हुई हिफ़ाज़ती तह की जानिब फेंकती जाती है जिसे Lonosphere कहते हैं। कई ज़मीन पर ज़िंदगी के लिये सूरज की बालाए बफ़्शी ख़तरनाक ताबकारी हीटर है। दुनिया के जिस शुमाली ख़ित्ते से उसे बनाया गया है, वह इस लिहाज़ से आईडियल है कि सांइसदान वहां से बालाई फ़ज़ा की जानिब बर्क़ी तवानाई फेंकने और उसे ज़मीन पर वापस लाने में अपनी ख़्वाहिश के मुताबिक़ कामियाब रहते हैं। इस मंसूबे का सबसे अहम खुफ़िया मक़्सद यही था कि Lonosphere को कैसे और कहां शुआओं के ज़रीए निशाना बनाया जाए कि ताबकार लहरें वापस ठीक उसी मक़ाम पर ज़मीन से टकराएं जहां साइंसदान चाहते हैं और इसके नतीजे में मतलूबा क़िस्म की तबाही या मौसम की तबदीली का हद्फ़ हासिल किया जाए? सूनामी में यह शुआएं हिद्फ़ पर थी जबकि कतरीना में हिद्फ़ से चौक गई थीं। जिस दिन इन शुआओं का हस्बे मंशा सौ फ़ीसद दुरुस्त इस्तेमाल दरयाफ़्त कर लिया गया जिस दिन बरमूदा तिकोन में कारफ़रमा मक़्नातीसी शुआओं पर मुकम्मल कंट्रोल हासिल कर लिया गया उस दिन दुनिया

झूटी खुदाई और मज़लूम इंसानियत पर नाजाइज़ तसख़ीर के सफ़्फ़ाकाना मुज़ाहरा का वहशतनाक मुज़ाहरा देखेगी।

तअ़बीर का फ़र्क़:

अमरीका के खुफ़िया मौसमियाती जंगी मंसूबे "हार्प" से मुतअ़ल्लिक़ मुतअ़द्दद दस्तावेज़ी किताबें लिखी जा चुकी हैं जबकि दस्तावेज़ी फ़िल्में भी बनाई गई हैं। इस सिलसिले की सबसे मशहूर किताब "इंजील्ज़ डोंट प्ले दिस हार्प, ऐडवांसिज़ इन टैसला टेकनालोजी" है। टैसला टेक्नालोजी पर यह आजिज़ "दज्जाल1" में तफ़सील से लिख चुका है। "दज्जाल1" ऐसी अजीब किताब है कि उसमें लिखी गई अक्सर बातों की मुशाहदाती तसदीक़ इतनी जल्द सामने आने पर कभी खुद मुसन्निफ़ को भी तअ़ज्जुब होने लगता है। मज़कूरा बाला किताब के मुसन्निफ़ निक बीकंच और जिन मैतिग ने पूरी दुनिया की मिल्कियत Lonsphere को अमरीकी फ़ौज की जानिब से अपने मज़मूम मक़ासिद के लिये इस्तेमाल करने पर शदीद तन्क़ीद करते हुए कहा है: "जम्हूरी हुकूमतों को अपनी पालीसियां बिल्कुल साफ़ और वाज़ेह रखनी चाहियें जबकि हमारे यहां ख़ास तौर पर मिलिट्री साइंस को सात पर्दों में छिपा कर रखा जाता है।" इस ख़तरनाक अमरीकी प्रोग्राम (जिसे राक़िमुल हुरूफ़ एक बार फिर दज्जाली प्रोग्राम क़रार देते हुए ज़रा भी नहीं हिचकिचाएगा) से मुतअ़ल्लिक़ दीगर अहम किताबों में "ऐरा वाशिंगटन" की तसनीफ़ कर्दा "हार्प - दी पाथ आफ़ डिस्ट्रिक्शन" और मुसन्निफ़ जैरी स्मिथ की दो किताबें "हार्प, दी अल्टीमेट वेपन आफ़ कांसपीरेसी" और "वेडर वारफ़ियर" शामिल हैं।

रूस के जंगलों से लेकर हेटी और चिली के ज़लज़ले तक और जद्दा के सैलाब से लेकर पाकिस्तान में आए तूफ़ान तक जो कुव्वत

कारफ़रमा है उसे मग़रिब में "तख़रीबी साइंस" कहा जाता है, जबकि हम उसे दज्जाली कुव्वतों की कारसतानियों का नाम देते हैं। आने वाला वक़्त बतायेगा कौनसी तअ़बीर हक़ीक़त के ज़्यादा क़रीब और वाक़िआ़त पर ज़्यादा मुंतबिक़ होती है?

☆☆☆

लार्ड के तख़्त की बुन्याद

मस्जिदे अक्सा के इंहिदाम और यहूदी बस्तियों के क़्याम का सहीवनी फ़ल्सफ़ा बेनक़ाब पहली और आख़िरी बारः

इस्राईल की तारीख़......शायद......अपनी "आख़िरी बार" की तरफ़ जारी है, तभी उसके सरपरस्ते आला अमरीका ने तारीख़ में "पहली बार" उन इस्राईली बस्तियों की तअ़मीर की मज़म्मत की है जो आज तक उसकी आशीरबाद से आबाद होती चली आई थीं। अमरीकी वज़ीरे ख़ारिजा मुहतरमा हैलरी किलिंटन साहिबा ने उसे अमरीकी नाइब सदर जौज़फ बाईडन की इहानत क़रार दिया है, क्योंकि इस्राईली वज़ीरे आज़म ने नई बस्तियों की तअ़मीर का एलान उस वक़्त किया जब अमरीकी नाइब सदर इस्राईल के दौरे के लिये "मसीहा की सरज़मीन" पर क़दम रंजा फ़रमा रहे थे। इस्राईली वज़ीरे आज़म ने हस्बे मअ़मूल रिवायती चर्ब ज़बानी से काम लेते हुए तअ़मीर के इस मंसूबे की "इन्क्वाइरी का हुक्म" दिया है। अमरीकी सदर ने उनकी मअ़ज़रत क़बूल करने से इंकार करते हुए उनके एलान को अमने अमल के लिये तबाहकुन और अपनी हितक क़रार दिया है। मुम्किन है अमरीकी सदर और वज़ीरे ख़ारिजा के बयानात "तजाहुले आरिफ़ाना" न हों, लेकिन यह बात यक़ीनी है कि बनी इस्राईल की रियासत के सरबराह का यह एतिज़ार और इंक्वाइरी "तग़ाफ़ुले मक्काराना" है। वह ख़ूब अच्छी तरह जानते हैं कि बस्तियों की यह तअ़मीर "उस फ़रीक़" के ख़िलाफ़ "ततहीर" का "बातिनी मंसूबा" है जिसका तअ़ल्लुक़ "उलूही दाइरे" में शामिल होकर "नजात के हुसूल" से भी है और "मुतलक़े हाकिमियत" के

क़्याम के लिये "मसीहाना आइडियालोजी" से भी। यह एक ऐसा "ग़ैर मन्तक़ी अंजाम" है जो शैतान की कुव्वत और उसकी "अर्ज़ी तजसीम" को तोड़ कर "पाक करने का अमल" भी है और ख़ुदा की "मुन्तख़ब मख़्लूक़" के "क़दीम घर" को दोबारा रौशनी और ज़िंदगी की तरफ़ लाने का "उलूही अमल" भी है।

अबरानी अदब की गाढ़ी इस्तिलाहात:

राक़िम को एहसास है ऊपर की आख़िरी चंद सतरों में बहुत ज़्यादा गाढ़ी इस्तिलाहात इस्तेमाल हुई हैं जो अक्सर क़ारईन के लिये अजनबी और नामानूस होंगी। दरअसल जब तक क़ौमे यहूद और यहूदियत के बारे में ख़ुद कट्टर यहूदियों की इबरानी में अपने बारे में लिखी गई तहरीरों को न पढ़ा जाए तब तक उन हक़ाइक़ से वाक़फ़ियत हासिल नहीं की जा सकती जो इस्राईली यहूदी मुआशरे में मौजूद और मौजूदा बनी इस्राईल की नफ़्सियात पर असरअंदाज़ हैं। ग़ैर यहूदियों को रहने दीजिये, इस्राईल से बाहर रहने वाले यहूदी भी इस्राईल के यहूदी मुआशरे में पाए जाने वाली इस बुन्याद परस्ती से जो जुनून की आख़िरी हदों को छू रही है, नीज़ इसके पीछे कारफ़रमा "मावराउत्तबइयाती अवामिल" से इस लिये वाक़फ़ियत नहीं रखते कि वह जदीद यहूदी रुजहानात का मुतालआ इबरानी में लिखी गई यहूदी मुसन्निफ़ीन तहरीरों की रौशनी में नहीं कर सकते। अंग्रेज़ी में क़ौमे यहूद के नज़रियात व रुजहानात पर जो कुछ लिखा जाता है, वह बनी इस्राईल की हक़ीक़ी ज़हनियत के हवाले से बुन्यादी हक़ाइक़ को "बाक़ाएदगी से नज़र अंदाज़" करने पर मुशतमिल होता है।

इख़्तियारी और ग़ैर इख़्तियारी वुजूहात:

इसकी एक वजह तो यह है कि यह लिखने वाले (चाहे वह राबर्ट फ़िस्क जैसे मुअ़तदिल स्कालर क्यों न हो) इबरानी मआख़िज़ से

बराहे रास्त इस्तिफ़ादा नहीं कर पाते, न उनकी तवज्जोह इन असल मआख़िज़ के मुस्तनद तर्जुमों पर होती है, न वह इबरानी जानने वाले फ़लस्तीनी स्कालर्ज़ की तहरीरों को इंसाफ़ पर मब्नी तर्जुमानी क़रार देते हैं, लिहाज़ा वह बहुत छोटे छोटे मौज़ूआत पर सतही क़िस्म की इल्मियत तो बघार लेते हैं, लेकिन अपने पढ़ने वालों को यहूदी मुआशरे और क़ौमे यहूद की नफ़्सियात का रास्त फ़ह्म अता नहीं कर सकते। यह तो ग़ैर इख़्तियारी वजह हुई। दूसरी वजह इख़्तियारी है और हल्के से हल्के अलफ़ाज़ में इसकी तअ़बीर की जाए तो कहना पड़ता है कि अंग्रेज़ी बोलने वाले मुमालिक की किताबों की दुकानों की अलमारियां जिन मशहूर ज़माना मुसन्निफ़ीन की फ़लस्तीन पर लिखी गई किताबों के बोझ तले कराह रही हैं, उनकी अक्सरियत (अंग्रेज़ी ख़्वां तबक़े से मअ़ज़रत के साथ) मुनाफ़िक़ है। वह इस्राईल में ज़ुहूर पज़ीर होने वाले रुजहानात और इक़्दामात का जामेअ़ तज्ज़ियां नहीं करते और गुमराहकुन हद तक ग़ैर वाक़ई मअ़लूमात फ़राहम करते हैं।

अर्ज़े फ़लस्तीन पर इस्राईली बस्तियों की तअ़मीर की "यहूदी रूहानियत" के तनाज़ुर में "मुतसव्विफ़ाना तौजीह" इतनी हैरान कुन नहीं जितना कि नाइब अमरीकी सदर की आमद के मौक़ा को इस एलान के लिये मख़्सूस करना। हम कोशिश करेंगे कि इन मुब्हम बातों के हवाले से क़ारईन को ज़्यादा देर तजस्सुस व इस्रार में न रखें और यहूदी मआख़िज़ के हवाले से तरतीबवार उनकी तशरीह करें।

ग़ासिबाना कार्रवाइयों के दो पहलू:

फ़लस्तीन की बाबरकत ज़मीन पर यहूदी बस्तियों की तअ़मीर का एक तो माद्दी और सियासी पहलू है जो दुनिया के सामने वाज़ेह है और यहूदी बुन्याद परस्त राहनुमाओं के दर्ज ज़ेल बयानात से

मज़ीद वाज़ेह हो जाता है जो हम मग़रिबी और यहूदी प्रेस से नक़्ल करेंगे। दूसरा पहलू रूहानी या माबअ़दुत्तबइयाती है जिसे यहूदी दानिश्वरों की इस्तिलाह में "इस्राईल की बाज़याफ़्त की मसीहाना जिहत" कहा जाता है।

पहला पहलू - नस्ली बरतरी का जाहिलाना ज़अ़मः

इब्तिदा हम पहले नज़रिये से करते हैं। इसकी दो मिसालों पर इक्तिफ़ा काफ़ी होगा।

(1) ऐलियाज़र वाल्डमैन इस्राईल का मशहूर "रिबाई" है (यह लफ़्ज़ अस्ल में "रिब्बी" है बमअ़नी ख़ुदा परस्त मज़हबी पेशवा, लेकिन चूंकि इसका तलफ़्फ़ुज़ आम क़ारी "रिब्बी" करता है, इसलिये हम "रिबाई" का लफ़्ज़ इस्तेमाल करेंगे।) यह दरयाए उर्दुन के मग़रिबी किनारे में ग़ासिबाना तौर पर क़ाइम की गई एक बस्ती "कुरैत अरबा" के मशहूर "पेशवा" यअ़नी मज़हबी तअ़लीमी इदारे का सरबराह है। यह अपनी मुक़्तदिर मज़हबी हैसियत के सबब मुख़्तलिफ़ यहूदी जराइद में वक़्तन फ़वक़्तन इस क़िस्म के मज़ामीन लिखता है जो दुनिया भर के यहूदी तवज्जोह और एहतिराम से पढ़ते और उसका दिया हुआ ज़ह्न लेते हैं। 21 जून 2002 ई0 को न्यूयार्क से शाए होने वाले मशहूर यहूदी जरीदे "ज्यूश प्रेस" में उसने अपने एक मज़मून में किसी क़िस्म का तकल्लुफ़ किये बग़ैर फ़लस्तीनी मुसलमानों की ज़मीनों पर क़ब्ज़े के हवाले से खुल कर लिखाः

"इस्राईल के फ़रज़ंदों का इस्राईल की सरज़मीन से मुन्फ़रिद तअ़ल्लुक़ है जिसका मुवाज़ना किसी भी क़ौम के उस वतन के साथ तअ़ल्लुक़ से नहीं किया जा सकता। हमारा तअ़ल्लुक़ तो ज़मीन आसमान की तख़्लीक़ के वक़्त वजूद पज़ीर हुआ था। हमारे हाथ का मुक़द्दर है कि यहूदियों को ज़िंदगी दें और यहूदियों का मुक़द्दर है कि

वह सरज़मीन को ज़िंदगी दें। जिस तरह जिलावतन यहूदियों को "कब्रिस्तान में मौजूद हड्डियों" से तश्बीह दिया गया है, उसी तरह यहूदियों से ख़ाली अर्ज़े इस्राईल को एक "वीरान मक़ाम" कहा गया है। यह फ़रमान रियासते इस्राईल के जनम का हक़ीक़ी सबब हैं। यह रौशनी रियासते इस्राईल को घेरे हुए मुल्कों की तारीख़ में दाख़िल हो जाएगी। हम जो जूडिया और समारिया में ग़ैर मुल्की इलाक़ों पर क़ाबिज़ नहीं हो रहे। यह तो हमारा क़दीम घर है। और ख़ुदा का शुक्र है कि हम इसे दोबारा ज़िंदगी की तरफ़ ले आएं हैं। बदक़िस्मती से यशा में हमारे कुछ क़दीम शह्राब भी ग़ैर मुल्कियों के ग़ैर क़ानूनी क़ब्ज़े में हैं (यअ़नी मक़ामी फ़लस्तीनी मुसलमानों की आबाई मिल्कियत में हैं: राक़िम) जो कि इस्राईल की नजात के "अलूही अमल" में ख़लल अंदाज़ हुए हैं। यहूदी अक़ीदे और नजात के हवाले से हमारी ज़िम्मादारी है कि हम मज़बूत और वाज़ेह आवाज़ में बात करें। हमारे लोगों को मुत्तहिद करने के "अलूही अमल" और हमारी सरज़मीन को "सलामती" और "डिप्लोमेसी" के बज़ाहिर मन्तक़ी तसव्वुरात से धुद लाना और कमज़ोर नहीं करना चाहिये। वह सिर्फ़ सच को मस्ख़ और हमारे काज़ के इंसाफ़ को कमज़ोर करते हैं। हम बाअक़ीदा लोग हैं। यह हमारी अबदी शनाख़्त का जौहर और हर तरह के हालात में हमारी बक़ा का राज़ है। हम अपनी शनाख़्त की पोशीदगी में ज़लील व ख़्वार हुए और लताड़े गए। हमें हमारे वतन में वापस लाने वाले नजात के अमल ने हमें हमारी ज़ात वापस दे दी है जिसको मज़ीद नहीं छिपाया जा सकता। हम आलमी स्टेज पर वपास आ चुके हैं, हम एक ज़िम्मादार हैसियत पा चुके हैं, जिसे हम दोबारा कभी नहीं गंवाएंगे। हमारे मौक़िफ़ का सिर्फ़ ऐसा ही वाज़ेह, जुर्अतमंदाना और मुसलसल इज़हार ही हमारे दोस्तों और दुशमनों को

यहूदियों और अर्ज़े इस्राईल की अबदी हकीकत का एहतिराम करने पर आमादा करेगा।"

(2) "कशईतज़ाइयून" एक और क़ाबिज़ बस्ती है। इसके आबादकारों यअ़नी क़ब्ज़ा गीर रिहाइशों का लीडर "मशाल गोल्डअस्टाइन" है। यह असकरियत पसंद आबादकार इतने जारिहियत पसंद हैं कि यह बदनाम ज़माना इस्राईली वज़ीरे आज़म ऐरियल शेरोन जैसे शिद्दत पसंद को भी हल्का हाथ रखने का तअ़ना देते थे और उसने जब 2003 ई0 में दुनिया को दिखावे के लिये कुछ छोटी छोटी बस्तियां ख़त्म करने का एलान किया ताकि उनके रिहाइशियों को बड़ी बस्तियों में मुंतकिल किया जा सके तो बहुत से बुन्याद परस्त क़ब्ज़ा कारों को यह भी बर्दाश्त न हुआ और उन्होंने "क़ब्ज़े" का लफ़्ज़ इस्तेमाल करने पर एरियल शेरोन पर सख़्त तन्क़ीद की। उनके मुतज़क्किरा बाला लीडर ने कहाः "मैं वज़ीरे आज़म की बात पर बहुत ज़्यादा हैरान और गुस्से में हूं। मैं तो अपने आप को इस इलाक़े पर क़ाबिज़ नहीं समझता। यह तो हमारा इलाक़ा हमारा वतन है।"

यह दो मिसालें जिनसे उन इस्राईली काबज़ीन की इस मज्नूनाना और मुजरिमाना ज़ह्नियत को समझने में मदद मिल सकती है जिनका सामना निहत्ते और तन्हा फ़लस्तीनी मुसलमानों को है। न सिर्फ़ यह कि उन मज़लूमों से उनकी आबाद ज़रख़ेज़ ज़मीनें और अंगूर व ज़ैतून के बाग़ात से सजे हुई शादाब कतअ़े छीने जा रहे हैं, बल्कि शिद्दत पसंद और बदमिज़ाज व ख़र दिमाग़ यहूदी काबिज़ीन इसे अपना हक़ और कारे फ़ज़ीलत समझ रहे हैं। वाह मेरे मौला! तेरी यह अजीबुल ख़िल्क़त इस्राईली मख़्लूक कैसी बदबख़्त क़ौम है और यह कैसी जांगसल आज़माइश है जो फ़लस्तीन के मज़लूमों पर

आई है।

दूसरा पहलू - मसीह से तअल्लुक़ नजात का ज़ामिन हैः

नाजाइज़ यहूदी बस्तियों को जवाज़ फ़राहम करने के फ़ल्सफ़े का दूसरा पहलू रूहानी या मा बअ़दुत्तबइयाती तसव्वुरात पर मब्नी है। इन तसव्वुरात का तअल्लुक़ "मसीह परस्ती" या "मसीहाना आइडियालोजी" से है। यहां इस बात की वज़ाहत ज़रूरी नहीं होनी चाहिये कि यहूदी तहरीरात में जब भी "मसीह" या "ताक़तवर हस्ती" या "नजात दहिंदा" जैसे अलफ़ाज़ का ज़िक्र आए तो इससे मुराद काइनात का फ़ितनए अक्बर "दज्जाले मलऊन" होता है। लिहाज़ा आइंदा इन अलफ़ाज़ को खुद बखुद इस मअ़नी के तनाज़ुर में पढ़ा और समझा जाए। इस आइडियालोजी में यह फ़र्ज़ किया जाता हैः "मसीह की आमद मुतवक़्क़ो है और यहूदी खुदा की मदद से ग़ैर यहूदियों पर ग़ल्बा पा जाएंगे और हमेशा उन पर हुकूमत करेंगे। (और माशा अल्लाह यहूदी की ग़ैर यहूद पर यह हुकूमत खुद ग़ैर यहूदियों के लिये बेहतर बल्कि उनके हक़ में नेअ़मत होगी)

इस नज़रिये के मुताबिक़ः "नजात नज़दीक है, क्योंकि मसीह की आमद क़रीब हैं। और मसीह की आमद को जो चीज़ इल्तिवा में डाल सकती है, वह इस्राईल की विरासती सरज़मीन पर ऐसे लोगों का क़ब्ज़ा है जो रूहानी एतिबार से "ताक़तवर हस्ती" से तअ़ल्लुक़ नहीं रखते और इस ख़ामी की बिना पर वह नजात पाने की अह्लियत नहीं रखते। अगर कोई मसीह परस्त जिसका तअ़ल्लुक़ रूहानी एतिबार से "मुक़्तदिर तरीन हस्ती" के साथ क़ाइम है, किसी जानदार या बेजान चीज़ (मसलनः ज़न, ज़र या ज़मीन) को छू ले या अपनी मिल्कियत बना ले तो वह नजात पा जाएगी।"

"नजात" के इस तसव्वुर और मसीह से तअ़ल्लुक़ हासिल करके

"ततहीर बख़्शने" के इस नज़रिये का इतलाक़ अर्ज़े फ़लस्तीन पर भी होता है बल्कि इसका अव्वलीन इतलाक़ इसी मिस्दाक़ पर होता है। लिहाज़ा "मसीहाना आइडियालोजी" के मुताबिक़ जब कोई यहूदी काबिज़ किसी फ़लस्तीनी मुसलमान से उसकी आबाई मिल्कियती ज़मीन छीनता है तो यह कब्ज़ा गीरी नहीं, या धौंस धांदली से लेता है तो यह सीना ज़ोरी नहीं, यह तो "पाक करने का अमल" है। मसीह परस्तों के मुताबिक़ इस ज़मीन को "शैतानी हल्क़े" से निकाल कर "उलूही हल्क़े" में दाख़िल करके नजात दिलाई जाती है। नजात का मतलब यह कि जब ज़मीन या कोई कभी मन्क़ूलाना या ग़ैर मन्क़ूलाना चीज़ मसीह से अपनी निस्बत करने वाले यहूदी से मन्सूब हो जाती है तो वह इस काइनात की "कुल" और "वाहिद सदाक़त" तक रसाई हासिल करके शर से नजात पा जाती है। इस्राईल की "उलूही फ़तह" के लिये ज़मीन को शर अंगेज़ नापाकी से पाक करना ज़रूरी है। अगर्चे यह अमल इंतिहाई हलाकत ख़ेज़ क्यों न हो यअ़नी एटम बम जैसी इंतिहाई मुह्लिक चीज़ के इस्तेमाल की नौबत क्यों न आ जाए।

दर्ज बाला फ़ल्सफ़ा मुबालेग़ा आमेज़ ख़्याल या वह्म मअ़लूम होगा अगर हम यहां भी कुछ नामवर "रिबाइयों" के कम अज़ कम दो हवाले न दें। मुलाहज़ा फ़रमाइये:

"(1) शरमिया हू एरियली इस्राईल में मुक़ीम रिबाइयों में मुन्फ़रिद व मक़ाम और मंसब का हामिल है। वह 1967 ई0 की जंग जिसमें इस्राईली अफ़्वाज ने अलक़ुद्स समेत बहुत से मुस्लिम इलाक़े पर क़ब्ज़ा किये रखा, के मुतअ़ल्लिक़ लिखता है:

"1967 ई0 की जंग एक "माबअ़दुत्तबआती कायाकल्प" थी और इस्राईल की फ़तह ज़मीन को "शैतानी कुव्वतों के दाइरे" से

निकाल कर "उलूही दाइरे" में ले आई थी। इससे मफ़रूज़े की सतह पर यह साबित हो गया कि "मसीहाना दौर" शुरू हो चुका है।"

(2) "ई हिदाया" नामी रब्बी अपनी तअ़लीमात में इसी फ़ल्सफ़े की यूं तशरीह करता है:

"1967 ई0 की फ़ुतूहात ने ज़मीन को दूसरे फ़रीक़ (यह शैतान का मुहज़्ज़बाना नाम है) से आज़ाद करा लिया। एक बातिनी कुव्वत से जो शर, नापाकी और करप्शन से तजसीम है। यूं हम यहूदी एक ऐसे दौर में दाख़िल हो रहे हैं, जिसमें दुनिया पर "मुतलक़ हाकिमियत" क़ाइम हो जानी है।"

